बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 11 मई 2024
वर्ष 2, अंक 273, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



देश की असीम संभावनाओं की कुंजी है प्रौद्योगिकी 18

हीरामंडी की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा 17

# मोदी इस बार नहीं बन पाएंगे प्रधानमंत्री : राहुल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## भाजपा को नहीं मिलेंगी 180 से ज्यादा सीटें

**अमृत विचार** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 21वीं सदी का राजा बताते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में वह प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह गारंटी दे रहे हैं कि भाजपा 180 से ज्यादा सीटें नहीं ला पाएगी। कांग्रेस देश की 90 प्रतिशत आबादी एसी, एसटी व ओबीसी को हर हाल में उनकी हिस्सेदारी दिलाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के अनुसार पार्टी एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना सुनिश्चित कराएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान के तहत मिले आरक्षण को खत्म करना चाह रही है, पर वह ऐसा होने नहीं देंगे। कहा कि, ईडी व सीबीआई के जरिये राजनीति व लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। मोदी को संसद व अन्य संवैधानिक संस्थाओं से कोई लेना-देना नहीं है। मोदी खुद को राजा समझते हैं। दो-तीन फाइनेंसर राजा के मोहरे हैं। मोदी इन्हीं 10 फीसदी आबादी को सुपर पावर बनाना चाहते हैं।



- कांग्रेस 90 फीसदी आबादी को दिलाएगी उनकी हिस्सेदारी

### कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा। कहा कि घोषणा पत्र में इसका उल्लेख नहीं है, क्योंकि घोषणा पत्र देश के लोगों को सामाजिक व अन्य न्याय देने के हिसाब से बनाया गया है।

### कांग्रेस को भी बदलना होगा अपना रवैया

राहुल गांधी ने बताया कि दो तरह के लोग होते हैं। एक व्यक्ति सुबह उठने के बाद से ही सत्ता कैसे मिलेगी, इस पर सोचता है, जबकि दूसरा लोगों के दुख-दर्द दूर करने के बारे में सोचता है। कहा कि वह दूसरे तरह के व्यक्ति हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद लोगों से मोहब्बत करने लगे हैं। उनका नजरिया बदल गया है। पार्टी को भी नजरिया बदलना पड़ेगा।

# कांग्रेस मेरी कब्र खोदना चाहती है : मोदी

नंदूरबार (महाराष्ट्र), एजेंसी

## सभा में बोले मोदी-मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है विपक्ष, लेकिन जनता मेरी ढाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं। लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं और जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि 'नकली शिवसेना' उन्हें इस तरह से गाली देती है कि उससे इसका अपना 'पसंदीदा वोट बैंक' खुश होता है। उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भाजपा की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है-मोदी तेरी कब्र खुदेगी...दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं।

मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकली शिवसेना वाले उन्हें जिंदा दफनाने की बात करते हैं। इसमें भी वोटबैंक को पसंद आए वहीं गाली दोगे क्या? मैं कई बार सोचता हूं, दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। उनको मैंने करीब से देखा है। अब तो नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने प्रचार में ले जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां जनता का विश्वास गंवा चुकी हैं और उनकी सियासी जमीन भी खिसक चुकी है। मोदी ने कहा कि भारत के लोग मेरे लिए सुरक्षा कवच हैं। विरोधी मुझे जिंदा या मृत दफन नहीं कर सकते। कांग्रेस, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी पार्टी है।









# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को दी एक जून तक अंतरिम जमानत

## 50 दिन की हिरासत के बाद 21 दिन के लिए हुए रिहा, फाइलों पर हस्ताक्षर करने से रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव के बीच में प्रचार के लिए धनशोधन के एक मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन उनके कार्यालय या दिल्ली सचिवालय जाने और तब तक सरकारी फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी जब तक उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए ऐसा पूरी तरह जरूरी नहीं हो।

कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 50 दिन की हिरासत के बाद लोकसभा चुनाव के बाकी के चरण के लिए प्रचार के लिहाज से केजरीवाल को 21 दिन के लिए रिहा करते हुए न्यायालय ने कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत देने के लिए कोर्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दलों में भी इस फैसले पर खुशी देखी गई। पीठ ने केजरीवाल को 50 हजार रुपये के जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि का मुचलका जमा कराने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर केजरीवाल को छोड़ने जैसा पहले कोई मामला नहीं देखा गया।



### अब तानाशाही का होगा अंत : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को सत्य की जीत बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सर्वोच्च अदालत के फ़ैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर कहा कि हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। सभी को कोटि कोटि धन्यवाद। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अदालत का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे।

### सत्य की एक और जीतः अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ फोटो साझा कर लिखा, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत सत्य की एक और जीत है।

### समाज के लिए खतरा नहीं केजरीवाल : कोर्ट

पीठ ने कहा कि लोकसभा चुनाव इस साल की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि गंभीर आरोप लगाए गए हैं, लेकिन केजरीवाल को अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है, उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह समाज के लिए खतरा नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी गिरफ्तारी की वैधता को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी गई थी, जिसने अभी तक अपना अंतिम फैसला नहीं सुनाया है।

## महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

# कोर्ट ने दिया बृजभूषण पर आरोप तय करने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार को आरोप तय करने का आदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में सिंह को आरोपमुक्त भी कर दिया।

अदालत ने सिंह के खिलाफ आपराधिक धमकी का आरोप तय करने का आदेश दिया। वह 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी। उसने मामले में सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में 15 जून को आरोप पत्र दायर किया था।

### रिटायर नहीं हुआ हूं, अभी खेल करुंगा : बृजभूषण



**करनैलगंज।** पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के आवास बरगदी कोट परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि रिटायर नहीं हुआ हूं अभी मैं खेल करूंगा। टिकट के सवाल पर कहा कि हर पिता अपने बेटे को विरासत में कुछ न कुछ अच्छा देने का प्रयास करता है और उनकी सोच के मुताबिक पार्टी ने उनकी विरासत बेटे को दिया है। सांसद ने कहा कि दो माह का इंतजार करने के बाद उनके बेटे को टिकट मिला।

### आरोप तय किए जाने का स्वागत : साक्षी मलिक



**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली की अदालत द्वारा शुक्रवार को यौन उत्पीड़न के आरोपी कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह शरण के खिलाफ आरोप तय किए जाने के फैसले का स्वागत किया। मलिक ने ट्वीट कर कहा कि हम अदालत का धन्यवाद करते हैं। हमें कई रात गर्मी बारिश में सड़क पर सोना पड़ा, अपना अच्छा ख़ासा करियर त्यागना पड़ा, तब जाकर आज न्याय की लड़ाई में कुछ कदम आगे बढ़ पाए हैं। जिन लोगों ने प्यार और आशीर्वाद दिया, उनका दिल से आभार ।

## एक नजर

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें रद

**मुंबई/ नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शुक्रवार को चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण लगभग 75 उड़ानें रद कर दीं। कंपनी को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन और कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने हड़ताल की थी। हालांकि उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी थी। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने भी चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया।

### दाभोलकर हत्याकांड में दो को उम्रकैद, तीन बरी

**पुणे, एजेंसी।** पुणे में तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने के 11 साल बाद एक विशेष अदालत ने दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सबूतों के अभाव में मुख्य साजिशकर्ता वीरेंद्र सिंह तावड़े को सहित तीन अन्य को बरी कर दिया। यूएपीए से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय) पी.पी. जाधव ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने शूटर सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर के खिलाफ हत्या तथा साजिश के आरोप साबित कर दिए हैं। अदालत ने सजा के साथ प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

# रामलला के दर्शन कर धन्य हो गया : उप राष्ट्रपति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ परिवार के साथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला, हनुमानजी का दर्शन-पूजन किया। शाम को सरयू तट पर मां सरयू की आरती उतारी। बोले पावन अयोध्या नगरी में श्री रामलला के दर्शन कर धन्य हो गया। मन भाव विभोर है। प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की दिव्य झलक पाकर अभिभूत हूं! ऊर्जस्वित हूं। यह भव्य मंदिर, भक्ति और अध्यात्म की हमारी गौरवशाली विरासत का जीता-जागता प्रतीक है। आज जब हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद इस भारत भूमि पर बना रहे, यही प्रार्थना है। उपराष्ट्रपति शुक्रवार शाम लगभग चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड और परिवार के लोग, प्रधान सचिव राज्य सभा पीसी मोदी और उनकी पत्नी सहित लगभग 20 लोग थे। एयरपोर्ट पर जिले के प्रभारी व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंडलायुक्त गौरव दयाल आदि ने उनका स्वागत किया। यहां से सड़क मार्ग से वह सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां हनुमानजी का दर्शन-पूजन करने के साथ आरती की। इसके बाद वह श्रीराम मंदिर पहुंचे। दर्शन पूजन किया। इसके बाद वह राम मंदिर परिसर स्थित कुबेर टीला पहुंचे। फिर यहां से वह सरयू घाट पहुंचे। मां सरयू की आरती में सम्मिलित हुए। आरती उतारी और जयकारा लगाया। इसके बाद एयरपोर्ट के लिए चले गए।



रामलला के दर्शन करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी पत्नी डॉ. सुदेश। अमृत विचार

- धनखड़ बोले- विकसित राष्ट्र बनने में प्रभु श्रीराम का हम पर बना रहे आशीर्वाद

## पाकिस्तान को इज्जत दे भारत : मणिशंकर

**नई दिल्लीः** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर यह कहते नजर आ रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। अय्यर के उक्त बयान से शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद कांग्रेस ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया जबकि भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पाकिस्तान तथा उसकी धरती से पनपने वाले आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। वहीं, अय्यर ने कहा कि वीडियो पुराना है और इस समय इसे इसलिए ढूंढ कर निकाला गया है क्योंकि भाजपा का चुनाव अभियान लड़खड़ा रहा है।

# मतदान प्रतिशत को लेकर खरगे फैला रहे भ्रम : आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ों पर विपक्षी नेताओं को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति जताई और इसे पक्षपातपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया।

उसने खरगे के पत्र को चुनाव संचालन की एक महत्वपूर्ण कड़ी पर हमला करार दिया। निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ा जारी करने में कुप्रबंधन और देरी के आरोपों को खारिज करते हुए खरगे के आरोपों को अवांछित, तथ्यहीन तथा भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किया गया प्रयास करार दिया। आयोग ने कहा कि खरगे अन्य दलों के नेताओं के साथ चिंता व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन पत्र को सार्वजनिक करने से मंशा पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। उसने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खरगे को सतर्कता बरतने और ऐसे बयान देने से बचने की सलाह दी।



- खरगे ने वोटिंग डाटा पर विपक्षी नेताओं को लिखा था पत्र
- चुनाव आयोग की सलाह- सोच समझकर बयान दें कांग्रेस अध्यक्ष

## छत्तीसगढ़ में फोर्स ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पीड़ा के जंगलों में शुक्रवार की सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो जवान घायल हो गए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। इलाके में अभी तलाशी अभियान जारी है। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर पीड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बड़े लीडर की सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा तीन जिलों के जवानों द्वारा सुबह से संयुक्त ऑपरेशन लॉंच किया गया।

- बीजापुर में मुठभेड़ दो जवान घायल

# चौथे चरण की सीटों पर चुनाव के लिए आज शाम थम जाएगा प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में चैथे चरण की 13 लोकसभा सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 11 मई की शाम प्रचार थम जाएगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार खत्म होने की बाद निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनीतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी निर्वाचन आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगाई गई है।

### इन सीटों पर होगा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा सीटें शामिल हैं। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

## खोज-खबर


## भयानक विस्फोटों के साथ एक्स क्लास की भीषण ज्वालाएं उठ रही सूर्य की सतह पर

# सौर तूफानों के आज पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार** : सूर्य बेहद खतरनाक विस्फोटों से गुजर रहा है। शुक्रवार को एआर 3664 सन स्पॉट में हुए विस्फोट से एक्स 6 क्लास ज्वाला निकली है। गत दिवस हुए विस्फोट से एक्स 2.2 क्लास की ज्वाला भड़की है। नासा के सौर वैज्ञानिकों ने सौर तूफानों के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका जताई है।

सूर्य इन दिनों बेहद सक्रिय हो चला है। सूर्य पर एक के बाद एक जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। विस्फोटों का सिलसिला करीब छह माह से जारी है। जिनमें सबसे खतरनाक मानी जाने वाली एक्स क्लास की ज्वालाओं ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। इनके अलावा एम व सी क्लास के दर्जनों ज्वालाएं भड़क चुकी हैं। सौर वैज्ञानिकों के अनुसार विस्फोट की ज्वालाओं का यह रूप वास्तव में दुर्लभ है। इधर भयंकर भू चुम्बकीय सौर तूफान के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुव से टकराने की आशंका वैज्ञानिकों ने जताई है। जिनका खासा असर औरोरा यानी ध्रूवों पर नजर आने वाली रंग बिरंगी रोशनी के रूप में देखने को मिलेगी। सौर हेलिओस्फेरिक वेधशाला ने सूर्य में हो रहे विस्फोटों की ज्वालाओं की वीडियो के साथ फोटो कैद की हैं, जबकि नासा की सोलर डायनामिक ऑब्जर्वेटरी इन पर 24 घंटे नजर बनाए हुए है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सौर वैज्ञानिक भी सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।



### उम्मीद से अधिक भयानक हो रहे हैं विस्फोट

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन का कहना है कि यह 25वां सौर चक्र चल रहा है। जिसमें सूर्य इन दिनों भीषण सक्रिय है। अत्यधिक सक्रियता का दौर अभी कुछ समय जारी रहेगा। मगर हैरत इस बात की है कि इतने भयानक सौर विस्फोटों की वैज्ञानिकों को जरा भी उम्मीद नहीं थी।

### आदित्य एल 1 भी सूर्य पर नजर रखने को तैयार

इसरो का सोलर मिशन आदित्य एल 1 सूर्य पर पैनी नजर रखने को तैयार है। इन दिनों आदित्य की टेस्टिंग चल रही है, उसने सूर्य की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद की हैं। बहुत जल्द सूर्य की तमाम गतिविधियों का डेटा भेजना शुरू कर देगा। आदित्य एल 1 साइंस कमेटी के सह अध्यक्ष प्रो. दीपांकर बनर्जी ने बताया कि नासा व ईसा के सामूहिक मिशन सोहो के बाद सूर्य की पल पल की जानकारी रखने के लिए भारत आदित्य एल 1 के साथ दुनिया का दूसरा देश बन गया है।

हमारे फर्स्ट वोटर

## पहली बार वोट डालने का पल होगा अनमोल



मुझे पहली बार मतदान करने का अवसर मिला है। इसको लेकर मन में बहुत उत्साह है। 20 मई को जब मैं पहली बार वोट डालूंगी तो वो पल मेरे लिए अनमोल होगा। मैं सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगी उसके बाद ही कोई दूसरा करुंगी। देश हित में मतदान सभी को करना चाहिए। मौसम से घबरा कर घर नहीं बैठना चाहिए। सभी को प्रेरित कर रही हूं कि वह अपना वोट अपनी इच्छा और विवेक के अनुसार जिसे पसंद करे दें जरुर। -शिवांशी गुप्ता, छात्रा, ददेरा

## सभी साथी मतदान जरूर करें



अब मैं भी मतदाता बन गया हूं। 20 मई का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। जब मैं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बूथ पर जाऊंगा। अभी तक लोगों को मतदान देकर तर्जनी अंगुजी में लगी स्याही दिखाते हुए देखता था। अब मैं भी अपना मतदान कर दिखा सकूंगा। सभी लोगों के लिए मतदान जरुरी है। खास कर वह युवा वर्ग जो पहली बार मतदाता बना है। अपने साथियों से भी अपील है कि वो मतदान अवश्य करें। -अमन मोहन, छात्र, सरेठी

# शिक्षा व स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं दिलाने वाला हो सांसद

**बोले-** बार एसोसिएशन सोहावल के अधिवक्ता, वेंडर और स्थानीय बुद्धिजीवी **कहा-** जिले के विकास और लोगों की सुरक्षा पर भी दें विशेष ध्यान

सोहावल अयोध्या

**अमृत विचार :** सांसद ऐसा हो जो जिले की जनता को शिक्षा और स्वास्थ्य की विशेष सुविधाएं उपलब्ध करा सके। लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ जिले के विकास पर भी विशेष ध्यान दे। बिना जाति धर्म के भेदभाव किए सरकारी योजनाओं को पूर्ण कराने की क्षमता रखता हो। राजनीति में जातिवाद और परिवारवाद की जगह राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देता हो।

यह बातें सोहावल तहसील के बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं, तहसील के वेंडरों सहित क्षेत्रीय बुद्धजीवी वर्ग के लोगों ने 'अमृत विचार' की परिचर्चा और मतदाता जागरूकता अभियान में कहीं। एल्डर्स कमेटी के सदस्य पूर्व अध्यक्ष शिवमूर्ति तिवारी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 'अमृत विचार' के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए समाचार पत्र का यह बेहतरीन प्रयास है। परिचर्चा में सभी ने 20 मई को मतदान करने की शपथ लेते हुए सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की।

तहसील परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के ब्रांड एंबेसडर पूर्व अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्र ने परिचर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि हमारा सांसद सरल स्वभाव का होना चाहिए। जो जनहित की भावनाओं को समझें। जिसकी सोच में राष्ट्रवाद की प्राथमिकता हो।




सोहावल तहसील के सभागार में मतदान के लिए शपथ लेते अधिवक्ता।

अमृत विचार परिचर्चा

**कम से कम पांच लोगों से भी मतदान कराने का लिया संकल्प**

तहसील सभागार में आयोजित परिचर्चा के बाद सभी अधिवक्ताओं और वेंडर ने एक जुट होकर कहा कि वह न केवल स्वयं मतदान करेंगे बल्कि कम से कम पांच वोटरों से भी मतदान करायेंगे।

पूर्व अध्यक्ष कमलेंद्र शुक्ला ने कहा राष्ट्र भक्ति के साथ जनता के दुख दर्द को समझने वाला सांसद होना चाहिए। बार एसोसिएशन के मंत्री अनूप कुमार पांडेय ने कहा कि यह चुनाव देश का चुनाव है। इसलिए देश सुरक्षा और विकासवादी प्रत्याशी को ध्यान में रखकर मत देना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष पी डी तिवारी ने जनहितकारी स्वस्थ एवं सामाजिक समरसता वाले सांसद को प्राथमिकता दी। पूर्व अध्यक्ष राम यज्ञ तिवारी का कहना था कि सांसद शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास की सोच वाला होना चाहिए। संघ के अध्यक्ष लखनधर त्रिपाठी ने अमृत विचार की पहल की सराहना करते हुए इस बात पर बल दिया कि लोकतंत्र की मजबूत कड़ी में न्यायपालिका और चौथे स्तंभ मीडिया की भूमिका अहम है। आज दोनों का संगम इस आयोजन को दूर तक ले जाएगा। हमारा संकल्प है हम राष्ट्रवादी और जन कल्याणकारी हमेशा सुलभ रहने वाले प्रत्याशी को अपना वोट देंगे।

महिला अधिवक्ता शीलम त्यागी ने महिला सुरक्षा और समग्र विकास, रोजगार युक्त सांसद को प्राथमिकता देते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। सभी को इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। अधिवक्ता सरबादीन ने कहा हम सभी एक मजबूत सरकार बनाने में अपना पूर्ण योगदान देकर अधिक से अधिक मतदान करेंगे।

### परिचर्चा में ये लोग भी रहे शामिल

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एसपी निषाद, अधिवक्ता चंद्र भान तिवारी, ब्रज नंदन श्रीवास्तव, मोहम्मद मुकीम, अंजनी दुबे, ओम प्रकाश मिश्र, अजीत कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, राज कुमार यादव, हेमंत कुमार दुबे, अरुण कुमार दुबे, समाज सेवी रमाकांत तिवारी, पप्पू दुबे, वेंडर विनय कुमार सिंह, के राज नारायण पांडेय, देवी प्रसाद वर्मा, मोहम्मद फहीम, अफरोज खान।

### जागरुकता अभियान में उठे ये मुद्दे

- राष्ट्र सुरक्षा, सरल, स्वभाव, और विकास के लिए जुझारू सांसद हो।
- जिले के नौजवानों की बेरोजगारी के लिए कल कारखानों की स्थापना कराने वाला हो।
- जाति, धर्म की जगह हर वर्ग की सुनने व शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर लाने वाला हो।
- भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के साथ जन कल्याण की सोच वाला हो।
- सुरक्षा, स्वास्थ और इंफ्रास्ट्रक्चर लाने वाले सांसद हो।
- सर्व धर्म समभाव की सोच और विकसित भारत में जिले को शामिल कराने वाला हो।

# चाइनीज मांझे की चपेट में आकर छात्र घायल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में रामपथ पर शुक्रवार शाम एक स्कूटी सवार छात्र चाइनीज मांझे की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो गया। उसकी स्कूटी कार से टकरा गई और वह घायल हो गया। परिवार ने घायल छात्र का नहर बाग़ स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार कराया है।

अयोध्या कोतवाली के रानोपाली निवासी शौर्य तिवारी (17) पुत्र डॉ. नरेन्द्रनाथ तिवारी ने इसी वर्ष केडी पब्लिक स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वर्तमान में आईआईटी की तैयारी कर रहा है। छात्र की मां शिवनरायण सिंह बालिका इंटर कॉलेज की उपप्रधानाचार्य अर्चना तिवारी ने बताया कि शाम को शौर्य सिविल लाइंस स्थित कोचिंग से पढ़ाई के बाद अपनी स्कूटी से घर आ रहा था। इसी दौरान रिकाबगंज चौराहे के पास शौर्य के गले में चाइनीज मांझा फंस गया, जिससे गले में कट लग गया। साथ ही स्कूटी अनियंत्रित हुई और एक कार से टकरा गई। हादसे में कार के टूटे शीशे से उसके चेहरे पर कई जगह घाव हो गया। शौर्य का नहर बाग स्थित एक निजी नर्सिंग होम में उपचार कराया गया। अब घर लेकर आए हैं और उसकी हालत ठीक है।



मांझे से गले पर लगा कट का निशान एवं कार के शीशे से हुआ घाव दिखाता शौर्य।

# तैयार की जा रही मतदान में लगने वाली ईवीएम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान प्रयोग की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को तैयार किया जाने लगा है। राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ जिलाधिकारी नितीश कुमार ने शुक्रवार को इसका निरीक्षण किया।

डीएम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस पहुंचे थे। वहां फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाली जिले की चार विधानसभाओं में प्रयोग की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान के लिए तैयार करने के कार्य (ईवीएम कमिशनिंग) का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आयोग के निर्देशों का पालन करने और निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ ईवीएम कमिशनिंग के सभी कार्यों को कराने का निर्देश दिया। कमिशनिंग में लगे कार्मिकों को निर्देश दिया कि इस दौरान कोई भी कर्मचारी या अधिकारी किसी प्रकार की राजनीतिक चर्चा नहीं करेगा। कमिशनिंग की सभी प्रक्रियाओं को सावधानी के साथ करें। आयोग के निर्देशों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।



अधिकारियों को निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार।

**▸▸ दलों के नेताओं के साथ डीएम ने किया निरीक्षण**

इस दौरान आयोग से नामित इंजीनियर्स, उनके सुपरविजन के लिए नामित टेक्निकल मैनेजर उर्वी सिंगला के साथ चार विधानसभाओं अयोध्या, रुदौली, मिल्कीपुर व बीकापुर के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/ उप जिलाधिकारी सहित राजनीतिक पार्टियों/ निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रतिनिधि/ नामित एजेंट मौजूद रहे।

## मतदाता जागरुकता के लिए हुईं प्रतियोगिताएं

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के प्रति जागरुकता के लिए शिक्षण संस्थाओं में नुक्कड़ नाटक, स्लोगन/पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। साहबदीन सीताराम बालिका इंटर कॉलेज रंगोली बनवाई गई। गयादत्त राजनारायण जन विकास इंटर कॉलेज मीनापुर रैली निकाली गई। हाईस्कूल कॉलेज शुजागंज व देश दीपक आदर्श इंटर कॉलेज बीकापुर के बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता हुई। डीआर एकेडमी गर्ल्स इंटर कॉलेज बीकापुर के बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जीआईसी गौहनिया में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डीएम नितीश कुमार व सीडीओ ऋषिराज सहित अन्य अफसरों ने फैजाबाद में 20 मई व अम्बेडकरनगर में 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

## सार-संक्षेप



विकास भवन के सभागार में काउंटर से ड्यूटी कार्ड प्राप्त करते विभागों के प्रतिनिधि।

### कर्मचारियों को वितरित किए गए ड्यूटी कार्ड

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए लगाए गए मतदान कर्मचारियों को शुक्रवार को ड्यूटी वितरित कर दी गई। विकास भवन के सभागार में काउंटर लगाकर विभागों के प्रतिनिधि को ड्यूटी कार्ड सौंपे गए। चुनाव मतदान कार्मिक विभाग ने लगभग 10 हजार कर्मचारियों के ड्यूटी वितरण के लिए सभी विभागाध्यक्षों को सूचना भेजी थी। विकास भवन के सभागार में कई काउंटर बनाए गए थे। इन काउंटरों से विभाग के प्रतिनिधियों को ड्यूटी कार्ड प्रदान किए गए।

### कल आएंगे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा महासमर में गठबंधन प्रत्याशियों को विजय मंत्र देने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश के प्रभारी पूर्व सांसद अविनाश पांडेय रविवार को अयोध्या आएंगे। वह यहां प्रेस क्लब में कांग्रेस और सपा पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और फिर पार्टी के न्याय पत्र के वितरण अभियान का श्री गणेश होगा। बैठक को लेकर पार्टी पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी के मीडिया प्रभारी सुनील सिंह ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश प्रभारी के दौरे को लेकर जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव और अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के समन्वयक पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेस क्लब का जायजा लिया है और बैठक को लेकर सभी इंतजाम किए जाने की हिदायत दी।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए निकाली जागरुकता रैली

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** 20 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए पंडित हृदयराम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी के नेतृत्व में निकली रैली विद्यालय से रसूलाबाद क्षेत्र तक निकालकर छात्र-छात्राओं ने- हम सब ने यह ठाना है लोकतंत्र को मजबूत बनाना है, पहले मतदान तब जलपान जैसे नारों से लिखी तख्तियां लेकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। लोगों को 20 में को होने जा रहे मतदान में शत प्रतिशत सहभागिता कराने के लिए प्रेरित किया।

### छात्राओं और शिक्षकों ने लिया मतदान का संकल्प



महिला महाविद्यालय के शिक्षकों व छात्राओं ने ली मतदान की शपथ। अमृत विचार

**सोहावल (अयोध्या), अमृत विचार।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तहसील के ब्रांड एंबेसडर बनाए गए अधिवक्ता सुधीर कुमार पाण्डेय की अगुवाई में शुक्रवार को दो महिला महाविद्यालयों में छात्राओं व शिक्षकों को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। मां वैष्णो देवी पूरे कीरथ कांटा और केएल महिला महा विद्यालय सुचित्तागंज में मतदाता छात्राओं और शिक्षकों ने शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर कॉलेजों का शिक्षक व कर्मचारी वर्ग मौजूद रहा।

### दो बाइक टकराईं, पिता-पुत्र घायल

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिससे पिता-पुत्र घायल हो गए। दुर्घटना तारुन थाना अंतर्गत तारुन-रामपुरभगन मार्ग पर शुक्रवार सुबह हुई। हैदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पछियाना मजरे नये का पुरवा निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद अपने पुत्र 30 वर्षीय अवधेश कुमार के साथ घर से अयोध्या शहर किसी काम के लिए निकले थे। रास्ते में देवकली गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम को बचाने के चक्कर में आगे चल रही बाइक से टकरा गए। जिसमें पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

# घर-घर मतदान कराने जाएंगी पोलिंग पार्टियां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में घर-घर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के वोट डलवाने के लिए जाने वाली पोलिंग पार्टियों के मतदान कार्मिकों को शुक्रवार को प्रशिक्षित किया गया। उन्हें मतदाताओं के घर पर क्या करने और पूरी गोपनीयता के साथ वोट डलवाने के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र प्रताप सिंह ने मतदान कराने के नियम कायदे बताए। बताया किसी भी मतदाता के घर पर वोट डलवाने जाने के दौरान पूरी पारदर्शिता रहनी चाहिए। अन्य स्थानों की तरह उनके घर पर बूथ बनाकर, मतदाता की अंगुली पर स्याही लगाकर, उसका नाम मतदाता सूची मे चिंहित करके वोट डलवाना है। उसे अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट देने की व्यवस्था की जानी चाहिए। पोलिंग पार्टी के साथ पुलिस बल रहेगा। संबंधी सेक्टर मजिस्ट्रेट भी मॉनीटरिंग करते रहेंगे। कहीं से भी कोई दिक्कत हो तो वरिष्ठ अफसरों को इसकी जानकारी दी जाए। एडीएम सिंह ने बताया कि फैजाबाद लोग सभा क्षेत्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के वोट 11 व 12 मई को डलवाए जाएंगे। अंबेडकर नगर लोक सभा क्षेत्र के ऐसे मतदाताओं के वोट पोलिंग पार्टियों 15 व 16 मई को डलवाएंगी। सबी पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 20 पोलिंग पार्टियों के कार्मिकों को शुक्रवार को प्रशिक्षित किया गया।



कार्मिकों को प्रशिक्षण देते एडीएम महेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

**▸▸ कल से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के पड़ेंगे वोट**

**▸▸ पोलिंग पार्टी के कार्मिकों को किया गया प्रशिक्षित**

## अश्लील हरकत में तीन अभियुक्तों को तीन साल की सजा

**अयोध्या। अमृत विचार :** किशोरी से अश्लील हरकत करने के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए तीन अभियुक्तों को तीन साल के कठोर कारावास की सजा दी है। प्रत्येक पर 4000 रुपये का जुर्माना भी हुआ। जुर्माने की रकम में से 50 फ़ीसदी पीड़िता को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट नूरी अंसार की अदालत से शुक्रवार को हुआ। कुमारगंज थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली किशोरी गेहूं लेकर बाजार जा रही थी। रास्ते में रमेश सरोज, सोनू सरोज, सुरेश उर्फ छोटू सरोज मिले और उससे अश्लील हरकत की। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के भाई ने तीनों के खिलाफ अश्लील हरकत और पोक्सो एक्ट की धारा में लिखाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी।

# मतदान कर्मचारियों के प्रशिक्षण का खाका तैयार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का खाका तैयार हो गया है। प्रशिक्षण साकेत महाविद्यालय में होगा। सामान्य के साथ कार्मिकों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान 20 मई को होगा। अंबेडकरनगर में 25 मई को मतदान होगा। इसके लिए मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगा दी गई है। 2039 पोलिंग पार्टियां गठित की गई हैं। रिजर्व के साथ 10 हजार से ज्यादा कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। अपर प्रभारी मतदान कार्मिक व डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि प्रशिक्षण 13 मई को दो पालियों में शुरू होगा। साकेत महाविद्यालय में बड़े हाल के साथ कई कमरों की व्यवस्था की गई है। 13 मई को एक से 411 तक, 14 मई को पोलिंग पार्टी संख्या 412 से 868 तक, 15 मई को 868 से 1318 तक, 16 मई को 1319 से 1538 तक और 17 मई को 1759 से 2239 तक की पोलिंग पार्टियों के मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण 10 से एक बजे और दो से पांच बजे तक दिया जाएगा।



**लोकसभा चुनाव**

**▸▸ साकेत महाविद्यालय में सामान्य के साथ होगा ईवीएम का भी प्रशिक्षण**

# अतुल हत्याकांड के चारों आरोपी हुए दोष मुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर के बहुचर्चित अतुल खरे हत्याकांड के चारों आरोपियों को कोर्ट ने संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया। चारों हत्या के समय से ही जेल में बंद थे और हाई कोर्ट से दो बार जमानत अर्जी खारिज हो चुकी थी। यह फैसला अपर जिला जज अमर सिंह की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान व निजामुद्दीन ने बताया कि घटना 1 जून 2020 की है। मिर्जा अली बाजार थाना कैंट निवासी अतुल खरे किसी समय घर से निकले फिर वह वापस नहीं आए। इसकी गुमशुदगी डॉ. अरविंद खरे ने लिखाई थी। दूसरे दिन मोहल्ले से 200 मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे अतुल की लाश मिली। इसकी रिपोर्ट डॉ. अरविंद ने आदित्य सैनी निवासी मिर्जा अलीबजार के खिलाफ लिखाई थी। पुलिस ने तीन जून 2020 को कैंट थाना क्षेत्र के मऊ शिवाला से मिथिलेश, आदित्य सैनी, बृजपाल और रंजीत मौर्य को गिरफ्तार किया था। अदालत में बचाव पक्ष का तर्क था कि मृतक की पत्नी और बच्चे उसके चाल चलन से नाराज होकर लखनऊ में रहते थे। विवेचक ने सीसीटीवी के 59 फुटेज केस डायरी में शामिल किए हैं जिसमें केवल मृतक आरोपियों के घर आता जाता दिखाई दिया है। आरोपी उसमें नहीं दिखाई पड़े हैं। अतुल को कहीं और मारा गया और ला कर सड़क पर फेंक दिया गया। जमीन की रंजिश की वजह से आरोपियों को फंसा दिया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने चार लोगों को दोष मुक्त कर दिया।

**अतीत के झरोखे से** | पहले झंडा-बैनर के लिए गांव में होती थी होड़, अब कुंडी नहीं, घनघनाती है मोबाइल की घंटी

# हाईटेक युग में बदला प्रचार करने का तौर-तरीका

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बदलते वक्त के साथ जहां सियासी तकाजे बदले, वहीं प्रचार का तौर तरीका भी दूसरा हो गया है। दो दशक पहले जहां चुनाव के दौरान हल्ला-गुल्ला होता था। वहीं अब हाईटेक युग में बहुत कुछ बदल गया। बुजुर्ग मतदाताओं का कहना है कि उनके जमाने में चुनाव पता चलता था। गांव में देर रात तक रौनक होती थी। अब बहुत कुछ बदल गया है। पहले प्रत्याशी घर-घर कुंडी खटखटाते थे, अब मोबाइल फोन की घंटी बजती है।

अब प्रत्याशी की छवि और उसके कामकाज को परखने की जगह उसकी जाति और धर्म को देखकर मत देने का चलन चुनाव के असल मापदंडों को दर किनार कर चुका है। 73 वर्षीय पंडित रामनाथ मिश्र व 70 वर्षीय केशवराम वर्तमान चुनाव और इसके मापदंडों को लेकर व्यथित हैं। बदलते परिवेश में जो तरीका अब अपनाया जा रहा है इसे स्वस्थ लोक तंत्र के प्रति खतरे की घंटी बताते हुए कहते है वह समय कुछ और था। जब राजनीतिक दलों के प्रत्याशी घर-घर देर रात में आकर वोट देने के लिए चिरौरी करते थे। अपनी पार्टी की स्वस्थ नीति और रीति का हवाला देकर वोट की अपील करते थे। मतदाता को भी अपने वोटर होने का गर्व महसूस होता था। कहते हैं कि प्रचार के लिए एक वाहन गांव में भोंपू लगाकर आ जाता तो सारा गांव सुनने के लिए आतुर नजर आता था। बच्चे पर्चा व बिल्ला के लिए कई सौ मीटर वाहन के पीछे पीछे दौड़ लगाते रहते थे। जो पर्चा मिलता उसे पढ़ने और सुनने की वोटरों में एक चाह रहती थी। जिससे कि वह वोट देने के पहले प्रत्याशी के बारे में जान सके।




विरेंद्र श्रीवास्तव।



केशवराम।




चन्द्रभान शर्मा।



पं. रामनाथ मिश्र।

उन्होंने कहा कि आज हाईटेक हो चुके चुनाव का शोर मतदाताओं के बीच से गायब है। प्रत्याशियों की चिरौरी तो दूर जीतने के बाद भी दर्शन नही मिलते वोटर और प्रत्याशी के बीच की आत्मीयता गायब है। 65 वर्षीय चंद्रभान शर्मा ने कहा कि पहले का समय था गांव के सरपंच और चौधरी की गांव के लोग मान्यता रखते थे। अच्छा हो या बुरा इनके कहने पर सारे वोट डाले जाते थे लेकिन अब इनसे भी विश्वास जाता रहा। वोटर खुद अपने वोट की कीमत लगवाने लगा है। इसके वोट का आधार अब चौधरी व सरपंच जी का भरोसा नहीं रहा। इसकी जगह प्रत्याशी की जाति और धर्म ने ले ली है। 66 वर्षीय विरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान चुनाव के तौर तरीकों से आपसी भाईचारे की नींव कमजोर हो रही है। चुनाव वैमनस्यता का कारण बन रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। लोकतंत्र में सभी को अधिकार है कि वो अपने विवेक से जिसे चाहें वोट दें।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust
आंचलिक कार्यालय : शिवा पैलेस, देवकाली बाईपास क्रॉसिंग, अयोध्या - 224001 E-mail : zoayodhya.gad@ucobank.co.in
सार्वजनिक सूचना
Tender Reference : ZOA / GAD / NOTE/ 24-25/08 Dt. 04/05/2024
बाई बैक स्कीम के तहत गोरखपुर में करेंसी चेस्ट शाखा में ब्रांड न्यू, पूर्णतः ऑटोमैटिक नोट शार्टिंग मशीन की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग, रखरखाव एवं परिचालन के लिए एक मोहरबंद लिफाफे में दो अलग-अलग मुहरबंद कवर (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) के साथ 31.05.2024 को 17:00 बजे (जमा करने की अंतिम तिथि) तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
अधिक जानकारी के लिए हमारी बेबसाइट www.ucobank.com पर सम्पर्क करें।
स्थान : अंचल कार्यालय, अयोध्या





आस्था सरयू घाट पर सपरिवार आरती करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं आरती में शामिल प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करते उपराष्ट्रपति। अमृत विचार

# उपराष्ट्रपति ने किया सरयू मैया का जयघोष

## सूर्यास्त के बाद धर्मपत्नी के साथ की सरयू आरती, सलिला सरयू को प्रणाम कर निवेदित की अपनी श्रद्धा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ शुक्रवार देर शाम सरयू आरती की। करीब 25 मिनट विलम्ब से सरयू तट पर पहुंचे उप राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी की अगुवानी संत-महंतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की। सरयू आरती के दौरान उप राष्ट्रपति ने जय सरयू मैया का जयकारा भी वैदिक मंत्रोच्चार कर रहे बटुकों के साथ लगाया।

अयोध्या धार्मिक यात्रा पर आए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सरयू तट पर शाम करीब 6:51 बजे पहुंचे। हालांकि सरयू आरती का समय नियमित समय छह से सवा छह बजे का है, लेकिन उप राष्ट्रपति के शामिल होने के मद्देनजर वैदिक मंत्रोच्चार छह बजे से ही प्रारंभ कर दिया गया था। उप राष्ट्रपति के धर्मपत्नी के साथ सरयू तट आरती स्थल पर पहुंचते ही प्रतीक्षारत बटुकों ने आरती प्रारम्भ कर दी। सरयू आरती करते समय उप राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी भारतीय संस्कृति के अनुरूप परिधान में भावुक दिखाई दिए। आरती से पूर्व उप राष्ट्रपति ने सलिला सरयू को प्रणाम किया और अपनी श्रद्धा निवेदित की। 6:54 बजे शुरू हुई सरयू आरती सात बजकर नौ मिनट पर समाप्त हुई। इसके बाद उप राष्ट्रपति धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ चार मिनट तक आरती स्थल पर खड़े भाव विभोर दिखाई दिए। उनकी पत्नी भी काफी समय तक सलिला सरयू को दोनों हाथ जोड़कर निहारती रहीं। खास बात यह रही कि उप राष्ट्रपति ने भाव विह्वल होकर दो बार जै सरयू मैया का जयकारा भी लगाया। आरती स्थल पर लगी लाइटों से झिलमिल करती सरयू तट स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पूरे आरती के दौरान राम की पैड़ी पर पहुंचे कुछ श्रद्धालु दूर से ही आरती में शामिल रहे। यहां आरती स्थल पर उपराष्ट्रपति को संतों की ओर से उत्तरीय और रामनामी भी भेंट की गई। आरती के बाद कुछ देर तक तट पर रुके उप राष्ट्रपति बटुकों और संतों से संवाद भी करते रहे। सरयू तट पर करीब 25 मिनट व्यतीत करने के बाद उप राष्ट्रपति यहां से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। उनके साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही समेत अन्य गणमान्य भी रहे।



कुबेर टीला स्थित शिवलिंग की परिवार के साथ पूजा करते उपराष्ट्रपति। अमृत विचार

### कुबेर टीला पर की शिव आराधना

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामलला का दर्शन किया। साष्टांग मुद्रा में रामलला को प्रणाम करने के बाद उनकी आरती उतारी। इस दौरान ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने रामनामी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया और स्मृति स्वरूप राम मंदिर का मॉडल भेंट किया। राम मंदिर में अक्षय तृतीया पर आयोजित अनुष्ठान में भी शामिल हुए और विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया। परिसर में ही स्थित कुबेर टीला पर विराजमान भगवान शिव मंदिर में भी आराधना की। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त जटायू के प्रति श्रद्धा निवेदित की।

### 51 बटुकों ने कराई 1100 बत्तियों की आरती

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देर शाम सरयू के तट पर 51 बटुक ब्राह्मण और आचार्यों के द्वारा मंत्रोच्चार कर सरयू पूजन कराया गया, जिसके बाद 1100 बत्तियों से आरती उतारी। मां सरयू आरती समिति के अध्यक्ष शशिकांत दास ने बताया कि उपराष्ट्रपति आज अपने परिवार के साथ भगवान की आस्था में लीन होकर सरयू तक पहुंचे और विधि विधानपूर्वक पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। इस दौरान वह पूरी तरह भाव विभोर थे। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति ने जय श्रीराम का नारा लगा कर अपनी आस्था को भी प्रकट किया।



महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे उपराष्ट्रपति के स्वागत में खड़े प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व प्रशासनिक अधिकारी।

### हाथ हिला कर किया अभिवादन

उपराष्ट्रपति ने सरयू आरती में शामिल होने के बाद लौटते वक्त अपनी अयोध्या यात्रा की प्रसन्नता की अभिव्यक्ति भी की। आरती के बाद जब वह सवा सात बजे वापस जाने लगे तो राम की पैड़ी पर उन्होंने सफेद कार से शीशे के अंदर से हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन किया। राम की पैड़ी पर दूसरी ओर खड़े लोगों ने भी हाथ हिला और नमस्ते करते हुए उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।




कुबेर टीला पर पत्नी के साथ उपराष्ट्रपति।

# सपा नेता गब्बर के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

अयोध्या/सोहावल कार्यालय

**अमृत विचार।** पुलिस ने शुक्रवार को जिले में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का पहला मामला दर्ज किया है। यह मामला बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर के खिलाफ रौनाही थाने में दर्ज कराया गया है। फैजाबाद लोकसभा के लिए 20 मई को मतदान होना है।

गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र पड़ोसी जनपद अंबेडकरनगर की लोकसभा क्षेत्र में आता है और वहां मतदान छठवें चरण में 25 मई को होना है। रौनाही थाने के उपनिरीक्षक आलोक कुमार यादव की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप है कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन की निगरानी के लिए गुरुवार शाम वह क्षेत्र में घूम रहे थे। इसी दौरान लोग सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो की चर्चा करते मिले। संबंधित वीडियो का अवलोकन करने पर पता चला कि सपा के पूर्व प्रत्याशी फिरोज खान उर्फ गब्बर निवासी रौनाही की ओर से मंच पर धमकी भरे अंदाज में भाषण दिया जा रहा है। इतना ही नहीं, आरोपी की ओर से सभा के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई। जो कि निषेधाज्ञा और आचार संहिता का उल्लंघन है। मामले में प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक की शिकायत पर सपा नेता फिरोज खान उर्फ गब्बर के खिलाफ निषेधाज्ञा और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन और मिथ्या कथन व धमकी के आरोप में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। विवेचना कराई जा रही है।




**पुलिस ने दर्ज कराया जिले में पहला मामला, निषेधाज्ञा, मिथ्या कथन और धमकी देने का आरोप**

## युवती से दुष्कर्म और वसूली में एक गिरफ्तार

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक दलित युवती से दुष्कर्म और रकम वसूली में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक दलित युवती ने दो माह पूर्व कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। खोजनपुर निवासी शशिकांत यादव व उसके परिवार को आरोपी बनाया था। मामले के विवेचक सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि प्रकरण में आरोप था कि दलित युवती को धमकाकर और उसके साथ गाली-गलौच कर लिम्का फैक्ट्री में काम करने वाले एक युवक और अन्य की ओर से दुष्कर्म किया गया। जबरिया उसके एटीएम से रकम निकाल ली। मामले की विवेचना में यह साबित हुआ कि खोजनपुर निवासी शशिकांत यादव ने पीड़िता के एटीएम से रकम निकाली है। साथ ही दोनों के बीच मोबाइल पर लंबी बातचीत का साक्ष्य मिला है। जिसके चलते उसे गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोगों की भूमिका की अभी जांच कराई जा रही है।



रामलला के दरबार में भोग प्रसाद के लिए रखी गईं आमों की टोकरियां।

### अक्षय तृतीया पर रामलला को लगा 11 हजार फलों का भोग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को तरह-तरह के फूलों से सजाया गया। गर्भगृह के मुख्य द्वार पर फलों की लड़ियां मंदिर की भव्यता को बढ़ा रही थीं। सुबह श्रृंगार के बाद रामलला का विशेष पूजन अर्चन किया गया और महाराष्ट्र के रामभक्त विनायक सेठ भालचंद्र कांची परिवार के द्वारा विशेष प्रसाद का प्रबंध किया गया। ट्रस्ट की अनुमति के बाद ट्रक में मौसमी फल राम मंदिर पहुंचा। फल रामलला को समर्पित किए गए, जिसमें सबसे अधिक आम शामिल था। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने दोपहर 12 बजे रामलला की आरती की। पूजन के बाद पहला भोग आम का लगाया गया, जिसका प्रसाद आने वाले सभी भक्तों में वितरित किया गया। सत्येंद्र दास ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जो भी काम किया जाता है वह कभी नष्ट नहीं होता। पूरी-सब्जी, खीर और मिष्ठान का भी भोग लगाया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा बताते हैं कि अक्षय तृतीया पर रामलला का दरबार सजाया गया।

# परकोटे में छह मंदिरों की स्थापना के लिए किया गया स्थान पूजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया के पवित्र तिथि पर राम मंदिर की परिधि में निर्माणाधीन परकोटे में बनने वाले छह मंदिरों के गर्भगृह में स्थान पूजन के बाद आधारशिला रखी गई। नवग्रह पूजन भी किया गया। प्रत्येक मंदिर के पूजन में एक यजमान 11 वैदिक आचार्य सहित राम मंदिर के ट्रस्टी व कार्यदायी संस्था के विशेषज्ञ मौजूद रहे। इन सभी मंदिरों का निर्माण दिसम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राममंदिर के भूतल पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम तल पर राम दरबार को स्थापित करने के लिए मंदिर निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है। द्वितीय तल का निर्माण होने के बाद तृतीय तल का निर्माण भी शुरू हो जाएगा। यह सभी कार्य दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर की सुरक्षा के लिए बनाए जा रहे 800 मीटर लंबे परकोटे के छह छोर पर बनने वाले छह मंदिरों को पूरा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अक्षय तृतीया के मौके पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 66 वैदिक आचार्यों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच स्थान पूजन संपन्न कराया। परकोटे में भगवान शिव, हनुमान जी, गणेश जी, भगवान सूर्य, मां भगवती और अन्नपूर्णा देवी मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

ट्रस्ट के मुख्य वैदिक आचार्य इंद्रदेव मिश्र ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन किया हुआ पुण्य कभी क्षय नहीं होता है। संयोग ऐसा कि परशुराम जी की जयंती भी है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और अन्य पदाधिकारी शामिल थे। सभी लोगों ने अलग-अलग स्थान पर पूजन संपन्न किया। शिलाओं का भी पूजन हुआ। शास्त्र सम्मत पूजन के बाद अब आगे निर्माण का कार्य होगा। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि जो छह मंदिर बन रहे हैं। उसमें अलग-अलग मूर्तियों की स्थापना होगी।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्र पूजन करते हुए।

**66 वैदिक आचार्यों की मौजूदगी में कराया गया पूजन**

व्यवसाय **फीका रहा सराफा बाजार, कील-बिछिया व चांदी के सिक्के के ही पहुंचे खरीदार, गत वर्ष 10 करोड़ की हुई थी बिक्री**

# अक्षय तृतीया पर दो करोड़ का हुआ कारोबार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को जिले में मात्र दो करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। ग्राहकों के इंतजार में सराफा कारोबारियों को निराशा हाथ लगी। पर्व को देखते हुए सभी ने स्टॉक फुल करा लिया था, लेकिन ग्राहकों ने सोने-चांदी के आसमान छू रहे दामों को देखकर सिर्फ शुभ करने के लिए कील-बिछिया, चांदी के सिक्के ही खरीदे। सराफा एसोसिएशन के मुताबिक जिले में गत वर्ष 10 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। इस बार बाजार फीका रहा।

वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अति शुभ होती है। इसे ही अक्षय तृतीया कहते हैं। अक्षय का अर्थ कभी समाप्त नहीं होने वाला। मान्यता है कि इस दिन सोना और अन्य मूल्यवान धातु खरीदना बहुत शुभ होता है। इसी मान्यताओं के आधार पर हर बार अक्षय तृतीया पर बाजार में खरीदार उमड़ते हैं। जिले में 500 से अधिक आभूषणों की दुकानें हैं। जिसमें से शहर में ही 150 सराफा कारोबारी है। इनमें करीब 50 शो-रूम है। इस बार भी सराफा कारोबारी बड़े कारोबार की आस में सुबह से दुकानों को सजा-संवार कर बैठे रहे, लेकिन शाम तक महज 25 फीसदी कुल दो करोड़ रुपये का ही कारोबार हुआ।



चौक स्थित एक सराफा की दुकान पर आभूषण देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

**बाजार भाव**

- 75 हजार में रहा एक तोला शुद्ध सोना।
- 64 हजार में रहा एक तोला 18 कैरेट सोना।
- 82 हजार में रही एक किलो चांदी।

### शाम चार बजे तक बेची सिर्फ बांसुरी और कील



धर्मेंद्र कुमार जायसवाल

जमुनिया बाग स्थित सराफा दुकान के मालिक व साकेत सराफा मंडल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार जायसवाल ने बताया कि सुबह से सिर्फ चांदी की बांसुरी और एक कील बेची है। सोना और चांदी के दाम शिखर पर हैं। सरकार की नीतियों के कारण भी व्यापारियों को दिक्कत हो रही है। पहले लाखों की बिक्री होती थी, लेकिन अब हजारों में हो रही है।

### चुनाव के कारण ग्राहक पैसे लेकर नहीं आ रहे



आनंद बंसल

चौक स्थित हट्टी महारानी के पास के सराफा प्रतिष्ठान के मालिक आनंद बंसल ने बताया कि बहुत दिन बाद बाजार में ऐसी गिरावट आई है। 20 से 25 फीसदी ही कारोबार हो सका है, जो भी आ रहा है वह कील, पायल, बिछिया, चांदी के सिक्के जैसे आइटम ले जा रहा है। कहीं न कहीं चुनाव का भी असर है। क्योंकि इस दौरान लोग अधिक कैश लेकर नहीं चल सकते हैं। सोना काफी महंगा होना भी एक कारण है।

> सोने-चांदी के रेट बहुत तेजी से भागे हैं। पिछली बार अक्षय तृतीया पर 57 हजार रुपये में एक तोला सोना था। जो भी खरीदार पहुंचे हैं वह शुभ करने के लिए आए। अब चुनाव के बाद ही सोने के भाव में कमी आने के आसार हैं। महंगाई का असर दिख रहा है। जिले में करीब दो करोड़ रुपये का ही कारोबार हुआ है। **-विजय मेहता, अध्यक्ष, सराफा मंडल एसोसिएशन।**

### 130 के करीब ही बिकीं बाइक

अक्षय तृतीया पर लोग अधिकतर आभूषण ही खरीदते हैं, लेकिन कई लोग घर, जमीन व बाइक की भी खरीदारी करते हैं। सिविल लाइंस स्थित हीरो शोरूम के मालिक तरुण गुप्ता ने बताया कि उनके तीनों शोरूम को मिलाकर शाम तक 100 बाइक ही बिक्री हुई। बजाज टू व्हीलर्स शो रूम के मालिक अनुराग गर्ग ने बताया महज 30 ही बाइक ही बिकी हैं। अक्षय तृतीया पर लोग सिर्फ सोने की खरीदारी करते हैं। वहीं कार शोरूम में इक्का-दुक्का खरीदार ही पहुंचे थे।

## सार-संक्षेप

### हाईवे पर हादसे में पीएसी का जवान घायल

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार।** रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनायतनगर थाना क्षेत्र में एक पीएसी का जवान सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी जवानों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। निखिल शुक्ला (25) पुत्र राकेश शुक्ला निवासी कसेरूवा दुबे पट्टी थाना रानीगंज, प्रतापगढ़ रायबरेली पीएसी के 25 वीं बटालियन के बी कंपनी में तैनात है। वर्तमान में उसकी ड्यूटी रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में लगी कार्यदायी संस्था पीएनसी के कुचेरा बाजार स्थित शिविर की सुरक्षा में लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पीएसी जवान निखिल पैदल कुचेरा बाजार जा रहा था, इसी दौरान उधर से गुजर रही एसयूवी ने उसको टक्कर मार दी और मौके से भाग निकली। घायल जवान के साथियों ने उसे जिला अस्पताल पहुँचाया है। इनायतनगर थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है। शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक चालक के खिलाफ दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली के नाका क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में ट्रक और उसके चालक के खिलाफ शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अमेठी के थाना फुर्सतगंज स्थित राम पूरे फत्ते पोस्ट पीढ़ी निवासी धर्मपाल का कहना है कि 6 मई की शाम वह बाइक से रायबरेली बाईपास होते हुए अपने घर जा रहा था। मोटरसाइकिल पर पीछे गांव का ही युवक विशाल पुत्र गंगा प्रसाद बैठा था। शहीद भवन के निकट पीछे से आ रहे ट्रक यूपी 42 एटी 7759 के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विशाल गंभीर रूप से घायल हुआ, जबकि उसको मामूली चोट आई। घायल विशाल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि ट्रक और उसके चालक नाम-पता अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# बच्चा वार्ड फुल, एक बेड पर दो-दो मरीज

## डायरिया का प्रकोप : जिला अस्पताल के थैलीसिमिया व मेडिकल वार्ड में भर्ती हो रहे बच्चे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में डायरिया का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। भीषण गर्मी में मरीजों की बाढ़ आ गई है। डायरिया सबसे अधिक हमला बच्चों पर ही कर रहा है। आलम यह है कि जिला अस्पताल में 12 बेड का बच्चा वार्ड फुल हो गया है। अब एक-एक बेड पर दो-दो बच्चों का इलाज चल रहा है। थैलीसिमिया व मेडिकल वार्डों में भी बच्चों को भर्ती किया जा रहा है।



वार्ड में भर्ती बच्चे व पास में खड़े तीमारदार। अमृत विचार

जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में अभी तक 12 बेड हैं। जब मरीजों की संख्या बढ़ी तो बीच में दो बेड और लगाकर बच्चों को भर्ती किया गया है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि अब ओपीडी में 70 फीसदी पहुंचने वाले बच्चों को उल्टी-दस्त की ही शिकायत है। गंभीर होने पर बच्चों को भर्ती किया जा रहा है। चार दिन तक इलाज किया जाता है। मेट्रोजिल, ओआरएस व जिंक इत्यादि ही दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों को अधिक से अधिक पानी पिलाएं। तरह पदार्थों का सेवन जरूरी है। बाहर व खुली चीजों को बच्चों को देने से परहेज करें।

### नवजात की मृत्यु दर को कम करने के लिए दिया प्रशिक्षण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नवजात के स्वास्थ्य की गंभीरता व हो रही मृत्यु को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा जनहित में अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सीएमओ डॉ. संजय जैन द्वारा शुक्रवार को जिले में कार्यरत सभी स्टाफ नर्सों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जन्म लेने वाले शिशुओं में पैदा होते ही होने वाली समस्याओं और बच्चे और मां के त्वरित उपचार के लिए उपलब्ध नवीनतम उपकरणों के उपयोग के विषय में बताया गया। जिससे कि नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को शून्य किया जा सके। एसीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार द्वारा भी शिशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां दी गईं।

### भूमि पर कब्जा दिलाने के बहाने बुलाकर खरीदार को पीटा

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बिचौलियों के माध्यम से खरीदी गई जमीन पर कब्जा मांगना खरीदार को महंगा पड़ा। बिचौलियों ने कब्जा दिलाने का आश्वासन देकर बुलाया और खरीदार की पिटाई कर दी। लखनऊ के थाना नगराम के पूरे कलन्दर खेड़ा निवासी इन्द्र पाल ने थाना लोनी कटरा पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि उसने नवीपुर मजरे फिरोजाबाद निवासी बबलू सिंह, थाना शिवगढ़ के सुड्डू सिंह व उनके एक अज्ञात सहयोगी के माध्यम से नारायनपुर में 21 बिस्वा जमीन खरीदी थी। ये लोग उसे जमीन पर कब्जा नहीं दिलवा रहे थे। कब्जा दिलाने का दबाव बनाने पर बुधवार को बड़वल के पास बड़ी नहर पर बुलाकर जाति सूचक गालियां देते हुए उसे मारा-पीटा। इस संबंध में थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इस मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



शहीद उद्यान में लोगो जारी करते शहीद शोध संस्थान के पदाधिकारी।

### काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष का अधिकृत लोगो जारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने काकोरी एक्शन का शताब्दी वर्ष मनाने के लिए शुक्रवार को लोगो जारी किया। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम दिवस पर जारी लोगो साल भर चलने वाले काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष के लिए देशभर में प्रयोग किया जाएगा। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पाण्डेय ने कहा कि काकोरी एक्शन का आजादी के संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका है। कचहरी के पास स्थित शहीद उद्यान में स्थापित काकोरी के शहीदों की प्रतिमा के समक्ष लोगो जारी करने वालों में अधिवक्ता गण गिरीश तिवारी, कप्तान सिंह, भूपेंद्र सिंह, तुषार श्रीवास्तव, अनुराग तिवारी, नीरज, नवीन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### रामनगरी में सामाजिक कार्य करेगी शाइनिंग आर्मर



प्रेस वार्ता के दौरान संयोजक शोभित शुक्ला व मौजूद लोग।

**अयोध्या, अमृत विचार :** देश में सामाजिक कार्य में अग्रणी संस्था शाइनिंग आर्मर रामनगरी में 11 मई शनिवार को विविध सामाजिक कार्य करेगी। संयोजक शोभित शुक्ला ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में बताया कि संस्था का उद्देश्य गरीबों का उत्थान करना है। इसी के तहत 11 मई को अयोध्या में पौध रोपण किया जाएगा। अंध विद्यालय में बच्चों को भोजन कराया जाएगा। वृद्धा आश्रम में आर्थिक सहायता वितरण सहित कई कार्यक्रम किए जाएंगे। सहयोगी नवजोत सिंह ने बताया कि संस्था गरीब बच्चों का विभिन्न प्रकार का सहयोग करते हैं। संस्था में लगभग 250 सदस्य हैं। इस मौके पर पीयूष, अनुज सिंह, शशांक, अंकित शरन, सचिन चावला व राहुल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### कामिल हसनैन अध्यक्ष व इज़हार हुसैन सचिव चुने गये



सालाना बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अंजुमन गुनच ए मज़लूमिया फैज़ाबाद की सालाना बैठक शुक्रवार को हुई। अंजुमन के कार्यालय पर हुई इस बैठक में सर्व सम्मानित से कामिल हसनैन को अध्यक्ष व इजहार हुसैन छोटू को सचिव चुना गया।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर लगाई जाए छतरी

**अयोध्या, अमृत विचार।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की अयोध्या इकाई ने गुप्तार घाट पहुंच महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर जयंती पर नमन किया। साथ ही सरकार से महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर छतरी लगवाने की मांग की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप वीर साहसी योद्धा थे। हम सब अपने आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवनी के बारे में जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का संकल्प साकार हो चुका है और क्षत्रिय भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर अनिल सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह, दिनेश कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रसून लता सिंह, रिंकू सिंह, राकेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त ने जनता से मांगा सहयोग



कार्यक्रम के दौरान मौजूद नगर आयुक्त व अपर नगर आयुक्त।

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने मेरा आंगन-मेरी हरियाली अभियान के तहत संस्था डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट व स्वच्छ भारत मिशन टीम के साथ रैली के माध्यम से स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया। इसके बाल गंगाधर पार्क में पौधरोपण भी किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनमानस को हरित क्षेत्र में वृद्धि के दृष्टिकोण पौधरोपण के लिए प्रेरित करना है। नगर वासियों से अपील है कि नगर को स्वच्छ व सुन्दर स्वरूप में विकसित करने और शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए निगम का सहयोग करें। ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, अनिल कुमार सिंह, मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा, कमल, राकेश कुमार, देवी प्रसाद, विजयेन्द्र आदि अधिकारी व संस्था प्रतिनिधि व डीपीएम वैभव पांडेय उपस्थित रहे।

# वित्तविहीन कॉलेजों की भूमि का होगा सत्यापन

अयोध्या कार्यालय

- इंटरमीडिएट स्तर के 338 और हाईस्कूल के 28 कॉलेज जांच के दायरे में
- सभी तहसीलों के लेखपाल और राजस्व विभाग की टीमों को लगाया गया

**अमृत विचार :** वित्त विहीन कॉलेजों पर अब शासन स्तर पर नकेल कसने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सभी वित्त विहीन कॉलेजों की भूमि का सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में ऐसे कुल 366 कॉलेज हैं। जिनमें 338 इंटरमीडिएट और 28 हाईस्कूल स्तर के हैं।

शासन के निर्देश के तहत सत्यापन के दौरान सरकारी जमीन व पोखरी पर विद्यालय बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि शासन की ओर से वित्तविहीन विद्यालयों के जमीन का सत्यापन कर रिपोर्ट मांगी गयी है। जून व जुलाई तक सभी विद्यालयों के सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इन विद्यालयों का सत्यापन लेखपाल व राजस्व टीम करेगी। जिसका रिपोर्ट तैयार कर कार्यालय को भेजेगी। यदि सरकारी जमीन व पोखरा पर विद्यालय बनाने की रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भूमि सत्यापन के अलावा भवन का भी निरीक्षण और जांच की जाएगी। यदि कोई भी भवन सरकारी या तालाब की भूमि पर पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धा के साथ मनाया परशुराम का जन्मोत्सव

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार:** परशुराम का जन्मोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा के साथ मां जालपा भवानी मंदिर परिसर में मनाया गया।

कुमारगंज स्थित मां जालपा देवी मंदिर परिसर में भगवान परशुराम सेवा संस्थान की ओर से विशाल ब्राह्मण सम्मेलन व भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि आज जैसे जातीय संगठन अन्य कार्य कर रहे हैं। वैसा कार्य ब्राह्मण नहीं कर सकता। ब्राह्मण समाज ने तो राष्ट्र का संकल्प अपने अस्तित्व के साथ ही ले लिया था। जो भी सभ्यताएं आदर्श भारत आर्यावर्त में थीं, उसका प्रचार-प्रसार 135 देश में किया गया, जो हमारे पूर्वजों की देन है। लवलेश पांडेय, शीतला बाजपेई, रमेश मिश्रा, अरविंद पांडेय, विजय उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय संभ्रांत लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मेयर को परशुराम की तस्वीर भेंट की गई। अमृत विचार

### परशुराम मंदिर बनवाने का भेजा जाएगा प्रस्ताव

**अयोध्या, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन में शुक्रवार को परशुराम जयंती मनाई गई। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे ने भगवान परशुराम को आवेशावतार बताया। कार्यवाहक अध्यक्ष केशव प्रसाद वर्मा ने जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने और अयोध्या में भगवान परशुराम का मंदिर बनवाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह गांधी, अखंड यादव, कीर्ति प्रकाश मिश्रा, विजय द्विवेदी, राम शंकर तिवारी ने भी संबोधित किया। संचालन अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार शर्मा ने किया।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने भी मनाई जयंती

**अयोध्या, अमृत विचार :** कौशलपुरी के योग केंद्र में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से परशुराम जयंती मनाई गई। जिला अध्यक्ष प्रकाश पाठक, सचिव केके तिवारी, संरक्षक जगदीश दुबे, महेंद्र दुबे, दिनेश पांडे, ओमप्रकाश शर्मा, राजीव तिवारी, रमाकांत तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सनातन ब्राह्मण समाज की ओर से सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर नाका अयोध्या पर भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महंत रामदास महाराज रहे। कार्यक्रम को अजय रंजन पांडे, जिला अध्यक्ष उदयभान मिश्रा, जिला मंत्री भवानी भीख पांडे ने संबोधित किया।

# मोदी विरोध में विपक्षी आए एक मंच पर

अयोध्या कार्यालय

- भाजपा ने आयोजित किया प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक सम्मेलन

**अमृत विचार:** उदया पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में भाजपा ने शुक्रवार को प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाबो देवी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां मोदी विरोध में एक हो गईं है। पीएम मोदी को रोकने के लिए वैचारिक मतभेद वाले दल भी एक मंच पर आ गए हैं। यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह राष्ट्र का चुनाव है। पीएम के नेतृत्व में विश्व पटल पर देश गौरवान्वित हुआ है। सरकार की विकास योजना से बिना भेदभाव सभी पात्रों को लाभान्वित किया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ने शिक्षा प्रणाली में सुधार पर विशेष ध्यान दिया है। छात्रों को 21 वीं सदी के लिए तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। उदया ग्रुप के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पीएम मोदी के मिशन विकसित भारत 2047 के लिए अपना सहयोग देना है।





दीप प्रज्ज्वलित करतीं गुलाबो देवी। अमृत विचार

अध्यक्षता साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य अभय सिंह और संचालन डॉ. ओपी सिंह ने की। इसके पूर्व माता सरस्वती की चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर सम्मेलन की शुरूआत की गई। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लोक सभा संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अभिषेक मिश्र, गुरूनानक ग्रुप के चेयर मैन प्रीतपाल सिंह पाली, श्री कृष्ण द्विवेदी, डॉ. अवधेश वर्मा, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, वित्त विहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह सहित अन्य लोग थे।

# जेबीए बनी मंडलीय बालिका सुब्रतो कप विजेता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जेबी अकादमी टीम मंडलीय बालिका अंडर-17 सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता बनी। डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिता के आयोजक टीमों की राह तकते रहे लेकिन अयोध्या के अलावा कोई प्रतिभागी टीम नहीं आई। जिले की जेबी एकेडमी इकलौती प्रतिभागी टीम रही। जिला विद्यालयीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पहली बार आयोजित हो रही बालिका वर्ग की सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के जनपदीय आयोजन में भी दो ही टीमों ने प्रतिभाग किया था। जिले की विजेता रही जेबी अकादमी टीम ने मंडलीय प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लेकिन मंडल के अन्य चार जिलों बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी व अंबेडकरनगर जिले से एक भी टीम मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता दर्ज नहीं करा पाई। इकलौती अयोध्या जिले की जेबी एकेडमी टीम को ही मंडलीय विजेता घोषित किया गया।

### सीओ जीआरपी ने लिया सुरक्षा का जायजा

**अयोध्या, अमृत विचार।** उपराष्ट्रपति के अयोध्या दौरे के मद्देनजर अयोध्या पहुंचे जीआरपी लखनऊ के सीओ विकास पांडेय ने थाना प्रभारी और आरपीएफ प्रभारी के साथ अयोध्या धाम जंक्शन, अयोध्या कैन्ट एवं रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। जीआरपी अयोध्या कैंट के प्रभारी राकेश कुमार राय ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह व जीआरपी चौकी प्रभारी अयोध्या धाम सुशील कुमार मिश्रा के साथ स्टेशनों पर सुरक्षा व व्यवस्था देखी गई है।

## वर्ग पहेली-66

**बाएं से दाएं**

3. 1. जलाने वाला 2. क्षीण या नष्ट करने वाला 3. क्षय करने वाला 4. पाचक शक्ति बढ़ाने वाला।

4. 1. घर के भीतर का खुला स्थान जो ऊपर से छाया न हो, सहन 2. चौक, अजिर 3. घर 4. आंगन, परिसर, प्रांगण।

6. जीवन के लिए उपयोगी।

9. 1. नए सिरे से आरंभ करना, नया बनाना

**ऊपर से नीचे**


1. एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का समय।

2. 1. शकरखोरा नामक एक चिड़िया 2. जुगनूं जैसा आभूषण जो गले में पहना जाता है 3. ऐसा गहना जो पान के पत्ते के आकार का होता है।

5. आश्रित, दूसरे पर निर्भर, उपजीवी।

7. 1. कोई काम पूरा करने की क्रिया या भाव 2. कचौरी

8. 1. ज्ञान, बोध, आभास 2. प्रकाश, रोशनी।



### वर्ग पहेली -65 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 गु | ट | 2 बं | दी | ■ | 3 पें |
| 4 सु | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ट |
| 5 अ | नु | दा | र | वा | दी | ■ |
| व | ■ | ■ | घु | ■ | ■ | ■ |
| स | ■ | 6 ह | ड़ | ब | ड़ा | 7 ना |
| र | ■ | ■ | की | ■ | ■ | शि |
| ■ | 8 जो | ग | ■ | 9 की | म | त |

## सुडोकू -145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | | | |
| 2 | | | 3 | 4 | | | | |
| 6 | | 3 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| 4 | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | | 5 | 4 | | 9 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | | | 9 | 8 | | | |
| | | | | | 6 | 7 | | |

### सुडोकू -144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 12 मई 02.03 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** – आज महत्वपूर्ण मुद्दे पर आप विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप तकनीक से जुड़े कार्यों में काफी रुचि ले सकते हैं। मित्रों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज सभी काम अपनी निगरानी में करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। धन कमाने के नए साधनों पर काम कर सकते हैं। आर्थिक प्रगति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज सहयोगियों के साथ मतभेद दूर होंगे। अपनी प्रतिभा का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आपको अजनबियों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। व्यापार में बिक्री बढ़ने से पुराने नुकसान की भरपाई हो जाएगी।

**कर्क** – आज आय के बजाय व्यय ज्यादा होगा। कार्यक्षेत्र में आपका झगड़ा हो सकता है। अपने सहकर्मियों के साथ संवादहीनता न होने दें। आपका दिन काफी तनाव भरा रहने वाला है। परिजनों के साथ अनबन और मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**सिंह** – आज नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा समय है। परिवार में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े भाई-बहन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च पदासीन लोगों से सम्मान प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ समय का आनंद लेंगे।

**कन्या** – आज परिवार के सदस्यों के बीच मनमुटाव हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा। पैतृक संपत्ति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**तुला** – आज बुद्धिमान लोगों की संगत में रहने से आप सही निर्णय ले पाएंगे। नवदंपति फैमिली प्लानिंग का विचार बना सकते हैं। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोग धर्म-कर्म में रुचि लेंगे। आपको अधिकारी वर्ग से संभल कर रहना चाहिए।

**वृश्चिक** – आज रिश्तों के बीच अहम भावना न आने दें। परिवार में थोड़ी अशांति जैसा माहौल रहेगा। सरकारी कार्यों में अटक आ सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। व्यापार में धीमापन होने से थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**धनु** – आज व्यापार में बड़े अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दूसरों की मदद करने के लिए आप प्रयासरत रहेंगे। सहयोगियों की मदद से आपको धन लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**मकर** – आज पुराना ऋण चुकाने में आसानी होगी। करियर को लेकर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है।

**कुंभ** – आज आपके आत्मसम्मान और स्वाभिमानी स्वभाव के बावजूद आपको आलोचना झेलनी पड़ सकती है। मीडिया और कला से जुड़े लोग संभल कर बयानबाजी करें। व्यापार में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

**मीन** – आज हृदय रोगियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। आय के साथ-साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। ज्यादा सोचने के बजाय जो चल रहा है उस पर ही ध्यान दें। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। आप के कुछ आवश्यक काम छूट सकते हैं।

## आज का पंचांग





दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.15 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- तकदीर का तमाशा – सुबह : 09.33
- कहानी किस्मत की – रात : 07.00

**SONY MAX**
- डॉन की जंग – सुबह : 08.20
- गुमराह – रात : 08.43

**SONY PIX**
- द मिशेल्स बनाम द मशीन्स – सुबह : 10.20
- डोंट ब्रीथ 2 – रात : 09.23

**ZEE CINEMA**
- मोहरा – सुबह : 09.25
- फितूर – रात : 07.55

**colors CINEPLEX**
- अग्निपथ – दोपहर : 12.00
- डियर जिंदगी – रात : 08.43

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात : 07.55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक- बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई..
सांता डरते-डरते बोला-हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं, जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाएं।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले। फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## एक नजर

### हादसे में अधेड़ की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जलालपुर थानाक्षेत्र के कन्नूपुर गांव निवासी राधे 55 वर्ष गुरुवार देर रात कहीं से अपनी साइकिल से घर जा रहा था जब अधेड़ अपने गांव के निकट मुख्य मार्ग पर पहुंचा था तभी तेज गति से जा रहा अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे लोगों ने इलाज के लिए उसे नगपुर अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने को राजी हुए दो जोड़े

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी के प्रयास से पति-पत्नी के दो वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

### पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना अलीगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त जगदीश पुत्र दुर्जन निवासी रसूलपुर थाना धर्मनगर बाईपास ओवर ब्रिज पुल के नीचे से अपहृता के साथ गिरफ्तार कर लिया है। अपहृता को महिला आरक्षी रजनी सिंह की निगरानी में लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज शर्मा, महिला कांस्टेबल रजनी सिंह, महिला कांस्टेबल पूजा गुप्ता शामिल रहीं।

# बैंकों को देनी होगी संदेहजनक व असामान्य नकद लेन-देन की सूचना

**बैठक**

- व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रबंधकों के साथ की बैठक, दिया निर्देश
- 10 लाख से अधिक निकासी पर आयकर को करना होगा सूचित

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और व्यय प्रेक्षक राजा भट्टाचार्जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन के दौरान संदेहजनक लेन-देन के संबंध में बैंकों के प्रबंधकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बताया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बैंकों से किए गए संदेहजनक नकद लेन-देन के संबंध में पिछले दो महीने में जमा या निकासी का कोई उदाहरण हुए बिना निर्वाचन के दौरान 1 लाख रुपए से अधिक की असामान्य और संदेहजनक राशि की निकासी या बैंक खाते में डाले जाने की तुरंत सूचना दें।

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले, निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे अंतरण का कोई पूर्व उदाहरण हुए बिना आरटीजीएस के माध्यम से एक बैंक खाते में विभिन्न लोगों के खाते में राशि का असामान्य रूप से अंतरण, अभ्यर्थियों या उनकी पत्नी या उनके आश्रितों, जैसा कि अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किए गए शपथ पत्र में उल्लिखित है और जो मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट में उपलब्ध है उनके बैंक खाते में 1 लाख रुपए से अधिक की नकद राशि जमा करना या निकालने की बैंक सूचना दें। जिससे लोकसभा चुनाव के दौरान रुपए की निकासी व जमा पर निगरानी की जा सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दल के खाते से 1 लाख रुपए से अधिक की नकद राशि की निकासी या जमा और अन्य कोई संदेहजनक नकद लेन-देन, जिसे निर्वाचकों को रिश्वत देने के लिए प्रयोग किया जा सकेगा की सूचना बैंक प्रबंधक कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। 10 लाख से अधिक की निकासी पर आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा।



बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक करते व्यय प्रेक्षक राजा भट्टाचार्जी व साथ में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

# फिटनेस व अन्य कमियों को जल्द कराएं ठीक

## चुनाव के लिए स्कूली वाहन व प्राइवेट बसों की उपलब्धता के लिए डीएम ने विद्यालय संचालकों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए स्कूली वाहन व प्राइवेट बसों की शत-प्रतिशत उपलब्धता के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्यालय प्रबंधक व संचालक के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

एआरटीओ सत्येंद्र यादव ने बताया कि अधिग्रहित किए गए सभी वाहनों के बारे में वाहन स्वामियों को शत प्रतिशत बता दिया गया है कि गाड़ी न उपलब्ध कराने, अच्छी हालत या समय से न उपलब्ध कराने और आदेश का उल्लंघन दंडनीय अपराध है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167क के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित प्राधिकारियों से निर्वाचन में अपना सहयोग देने के लिए कहा है। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जिन वाहनों के फिटनेस न हुआ हो या कुछ दिनों में समाप्त हो रही हो वह सभी लोग अपने वाहनों की फिटनेस व अन्य कमियों को समय से दूर कर लें, जिससे 55 लोकसभा अंबेडकरनगर चुनाव के तहत 25 मई के मतदान में अपना वाहन दिए गए समय में उपलब्ध करा सकें।



कलेक्ट्रेट सभागार में विद्यालय संचालकों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह व एआरटीओ सत्येंद्र यादव।

### मतदान में लें भाग

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में आए हुए सभी से अपील किया कि आप सभी लोग 25 मई को मतदान में अवश्य भाग लें। साथ ही अपने आसपास विद्यालय स्टाफ सहित अन्य लोगों को मतदान में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय व अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने निरीक्षण कर ली परेड की सलामी

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार की परेड की सलामी ली और उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल व व्यायाम करवाया गया। समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को शस्त्रों को खोलने व जोड़ने का अभ्यास कराते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

### एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### परशुराम जयंती पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



रक्तकोष विभाग में रक्तदान करते युवा। अमृत विचार

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। महामाया राजकीय एलौपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के रक्तकोष विभाग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 12 युवाओं ने रक्तदान किया है। शिविर में 15 छात्रों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। जिसमें से सही पाए गए लैब टेक्नीशियन के 12 छात्र कपिल शुक्ला, अनुराग वर्मा, आलोक कुमार, सत्यम मिश्रा, सूरज पांडेय, अमन पांडेय, अनुराग, विपुल यादव, रवि पांडेय, मोहम्मद शान बीएससी नर्सिंग के छात्र यासीन, आकाश बंसल ने रक्तदान किया। इस मौके पर कपिल शुक्ला ने आह्वान किया कि हम लोगों को भगवान परशुराम के आदर्शो पर चलना चाहिए और सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान में सहभाग करना चाहिए।

### एनटीपीसी ने टेरिफाइड बायोमास का किया प्रदर्शन

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता एनटीपीसी ने यूपी के टांडा परियोजना में अपनी यूनिट 4 में 20 प्रतिशत टेरिफाइड बायोमास की सह–फायरिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। जिससे एक स्थायी भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यह पहल भारत के विद्युत क्षेत्र में एक नयी पहल है। जो मौजूदा कोयला आधारित बेड़े को डीकार्बोनाइजिंग करने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की ओर आगे बढने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में बायोमास को गर्म करने से उत्पन्न टेरिफाइड बायोमास, कोयले के समान विशेषताओं को प्रदर्शित करता है। जो इसे महत्वपूर्ण प्रणाली संशोधनों के बिना उच्च सह–फायरिंग प्रतिशत के लिए उपयुक्त बनाता है। इस अवसर पर टांडा परियोजना के कार्यकारी निदेशक एके चट्टोपाध्याय ने कहा कि सभी कर्मचारी इस उपलब्धि पर बधाई के पात्र हैं। हम आगे भी इसी प्रकार पर्यवारण को ध्यान रखते हुए कार्य करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ते रहेंगे।



एनटीपीसी टांडा। अमृत विचार

### अभियान चलाकर की गई वाहनों की जांच

अंबेडकरनगर। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए उडऩदस्ता ने जनपद के अलग–अलग क्षेत्र में वाहनों को रोककर जांच की। उडऩदस्ता ने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी, टांडा, अकबरपुर, आलापुर व जलालपुर क्षेत्र में जगह–जगह वाहनों की सघन जांच की। जांच में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

### युवतियों को किया गया प्रशिक्षित

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। अकबरपुर नगर स्थित मुरादाबाद में युवतियों को ताइक्वांडो का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उन्हें ताइववांडो से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षक रवींद्र कुमार ने कहा कि युवतियों को आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो का प्रशिक्षण बेहद सार्थक होता है। इससे न सिर्फ सकारात्मक सोच उत्पन्न होती है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

### मदरसा शिक्षकों की समस्याएं जल्द की जाएं दूर

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद जमाल अहमद अंसारी ने कहा कि लगभग छह वर्ष का मानदेय बकाया है तो वहीं एक वर्ष का अंशदान। आधुनिकीकरण योजना भी बंद कर दी गई। इससे मदरसा शिक्षकों के सामने कई प्रकार की आर्थिक मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। मदरसा शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। न्यायालय ने बकाया मानदेय भुगतान का निर्देश दिया है लेकिन इसके बाद भी पालन नहीं किया जा रहा है।

### धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



परशुराम जयंती समारोह में मौजूद ब्राह्मण महासभा के लोग।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर अकबरपुर में परशुराम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंडित राजेश कुमार तिवारी और संचालन संगठन के महासचिव बागीश मिश्र ने किया। शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा परशुराम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रितेश पांडे और विशिष्ट अतिथि के रूप में अयोध्या जनपद के भाजपा प्रभारी डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी पहुंचकर भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने विचार रखें।

### जिलाधिकारी ने मतदाताओं का तिलक कर दिया आमंत्रण

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनपद की अलग–अलग क्षेत्रों में अधिकारियों ने गांवों में जाकर मतदाताओं का अक्षत व रोली से तिलक कर उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर के पसियापारा ग्राम सैदपुर में मतदाताओं को सपरिवार मतदान करने के लिए आमंत्रण पत्र वितरण किया।

# पुलिसकर्मियों से हाथापाई करने वाले गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** बीते दिवस विवाद की सूचना पर पहुंचे पीआरवी जवानों के साथ हाथापाई और मोबाइल लेकर फेंक देने के मामले में हेड कांस्टेबल की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दिया है।

बता दें कि बीते गुरुवार को जमीनी विवाद में जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कन्नूपुर गांव निवासी एक पक्ष ने जमीन की विवाद की सूचना दी। जिसके बाद हेड कांस्टेबल बंटेश बहादुर सरोज, सब कमांडर मिंटू सिंह यादव व चालक रविंद्र प्रताप सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। जहां इन लोगों ने पहुंच कर विपक्षी ओमप्रकाश आदि को समझा बुझा रहे थे। तभी आरोपी हमलावर होते हुए सीयूजी फोन छीनकर फेंक दिया। जिससे फोन का ग्लास टूट गया। वहीं दबंगों ने पुलिसकर्मियों की नेम प्लेट भी नोच लिया गया और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई। हेड कांस्टेबल बंटेश बहादुर सरोज की तहरीर पर पुलिस ने ओम प्रकाश व जयप्रकाश के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

सीओ बोले : क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और अभद्रता करने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



टूटा मोबाइल दिखाता पीड़ित पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# कुल्हाड़ी और डंडे के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। शुक्रवार को कटका पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं मे वांछित चार अभियुक्तों को एक कुल्हाड़ी और डंडे के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना कटका पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों से संबंधित चार अभियुक्तों रामचेत पुत्र रामनिहोर, राजेश पुत्र रामचेत, दुर्गविजय पुत्र रामचेत, बेलासी पत्नी रामचेत निवासीगण ग्राम मुंडेहरा थाना कटका को ग्राम मुंडेहरा अभियुक्तों के घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना मे प्रयुक्त एक कुल्हाडी व दो डंडा पुलिस ने बरामद किया है।

# महिला की इलाज के दौरान मौत, जहर खाने का आरोप

जहांगीरगंज अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** अचानक तबियत खराब होने पर महिला को नाजुक हालत में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित करने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के महमदपुर कस्बे का है।

ससुराल में रह रही सरिता देवी पत्नी संदीप कुमार की गत सात मई को संदिग्ध रूप से अचानक तबीयत बिगड़ गयी। जिस पर ससुरालीजनों ने मायके वालों को भ्रम में रखकर सरिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत नाजुक होने के चलते उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान लखनऊ में महिला की मौत हो गई। घर पहुंचने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला के पिता आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया निवासी राजाराम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री किन्हीं कारणों से अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए जहर खाया था। लेकिन उसे इलाज के दरमियान ससुरारी जनों द्वारा भ्रमित रखा गया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# निर्देशों का पालन करें राजनीतिक दल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत, जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस प्रेक्षक ओमपति जमवाल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक किया।

बैठक के दौरान प्रेक्षक ने सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों से उनका परिचय हासिल किया। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशो के संबंध में जानकारी दी। जिससे निष्पक्ष पारदर्शी और सकुशल रूप से चुनाव संपन्न कराया जा सके। प्रेक्षक ने प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों से सुझाव भी पूछे। उन्होंने बताया कि सर्किट हाउस में सुबह 11 से 12 बजे तक कोई भी प्रत्याशी, प्रतिनिधि व अन्य लोग अपनी शिकायत व सुझाव के लिए मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रेक्षक को 9559167100 व पुलिस प्रेक्षक को 7752827100 नंबर पर भी शिकायत व सुझाव दे सकते हैं। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजलाल, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, सभी प्रत्याशी व प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत।

# सेवानिवृत्त ईओ पर धोखाधड़ी का मुकदमा

- रिटायर होने के बाद ईओ ने अपने चहेते ठेकेदार को दिए थे करीब दो करोड़ रुपए के टेंडर

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** आखिरकार सेवानिवृत्त अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में नगर पालिका लिपिक की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

यहां तैनात रहे सेवानिवृत्ति अधिशासी अधिकारी यदुनाथ द्वारा नियम विपरीत ढंग से करीब दो करोड़ रुपए का टेंडर खोलकर लाभ देने की कोशिश की गई। यह मामला मीडिया में प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया था। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने टेंडर निरस्त कर दिया और सेवानिवृत्ति अधिशासी अधिकारी का अप्रैल माह का वेतन भी रोकने के निर्देश दिए। नगर पालिका में लिपिक पद पर कार्यरत राम प्रकाश पांडे की तहरीर पर सेवानिवृत्त अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। नगर पालिका परिषद में ईओ के पद पर तैनात रहे यदुनाथ बीते 30 अप्रैल की शाम सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद उन्होंने अपने चहेते ठेकेदार को लाभ देने के लिए अनियमित ढंग से करीब दो करोड़ रुपए का टेंडर खोल दिया है। पुलिस ने लिपिक की तहरीर पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।





नगर पालिका परिषद जलालपुर।

**सियासत** मंत्री ने नगर में आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन को किया संबोधित, विपक्षियों पर जमकर बोला हमला

# महिलाओं का स्वाभिमान भाजपा सरकार में सुरक्षित : राज्यमंत्री

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति जनजाति को जो सम्मान दिया है वह सम्मान पूर्ववर्ती सरकारों ने 75 वर्षों में नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, दलितों और वंचितों को उनका अधिकार देने का काम किया। आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, मोदी और योगी के राज में, गुंडाराज ने उत्तर प्रदेश से पलायन कर लिया है। विपक्षियों ने सिर्फ हमारे वर्ग के लोगों को छलने का काम किया है।

यह बातें प्रदेश के राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने नगर में आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होने कहा कि महिलाओं का स्वाभिमान सिर्फ भाजपा सरकार में सुरक्षित है। मोदी सरकार में ही पहली बार रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया गया।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी और संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि बाबा साहेब का सपना केवल भारतीय जनता पार्टी साकार कर सकती है। लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे ने कहा कि हम सब जानते हैं कि भाजपा सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास इस मंत्र को लेकर चलती है। इंडिया गठबंधन परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह टिल्लू ने कहा कि राजनीति में वोट का बहुत महत्व है। सही जगह वोट पड़ता है तो विकास होता है और गलत जगह वोट पड़े तो विनाश हो जाता है। कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, अविनाश सोनकर, विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह, विधानसभा संयोजक अनंत राम मिश्र, ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, त्रिभुवन नाथ, विकास निषाद, राजेश कुमार, कौशलेंद्र निराला, शीला देवी, राम जन्म, फूलचंद, जितेंद्र, ममता, प्रभाकर, राम सकल, अवधेश कुमार, रमेश चंद्र, अमित राज, रमेश कुमार विजय बहादुर, मंडल अध्यक्ष रविंद्र भारती, विस्तारक घनेश मिश्र, तिलकधारी गौतम, डिंपल, सभासद सुलेखा गौतम, सांसद प्रतिनिधि आशुतोष उपाध्याय, नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, मंडल अध्यक्ष राजाराम मौर्य समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अनुसूचित जाति सम्मेलन में मौजूद राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम।

# मां-बेटी से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** किशोरी और उसकी मां के साथ किए गए छेड़खानी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र की निवासिनी किशोरी अपनी मां के साथ बीते गुरुवार को माडरमऊ मार्ग पर स्थित निजी चिकित्सालय में दवा लेने के लिए गई थी। जहां पर मौजूद भीम प्रसाद पुत्र बुधिराम ने अभद्र टिप्पणी करते हुए किशोरी और उसकी मां के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी भीम प्रसाद ने किशोरी और उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया। और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

## एक नजर

### श्रमिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया

गोंडा, अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपलक्ष्य में 20 मई को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज लेबर अड्डा मनकापुर पर एकत्रित श्रमिकों को श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित और विभागीय टीम द्वारा मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा मतदान शपथ दिलाई गई। इस मौके पर काफी संख्या में लेबर व अन्य मौजूद रहे।

### थानाध्यक्ष ने शत प्रतिशत वोटिंग की दिलाई शपथ

रुपईडीह, गोंडा : कौड़िया बाजार के बेलवा बाजार, गंगूबरी व बौनापुर के ग्रामीणों की बैठक प्राथमिक विद्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने सभी लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में निर्भीक व स्वतंत्र होकर 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान किए जाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं को पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था दिए जाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता को सुरक्षा की कोई शिकायत हो तो वह टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर अवगत करा सकता है।

### 93 बच्चों की तस्करी मामले में 9 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन से आरपीएफ ने गुरुवार को 93 बच्चों को मुक्त कराने के बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति भेज दिया गया था। जहां उन बच्चो की काउंसलिंग कराई जा रही है। जिसके बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल मामले मे पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। गुरुवार को सीमांचल एक्सप्रेस से बच्चो को बिहार से लाया गया था। मामले में आरपीएफ रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि ट्रेन से उतारने के बाद इन बच्चों को बाल कल्याण समिति भेजा गया है। जहां उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। काउंसलिंग के बाद सभी बच्चों को उनके परिजनों को सौपा जाएगा।

# अटल स्कूल की प्रवेश परीक्षा में 273 बच्चे सफल

## कक्षा-6 व 9 की रिक्त 280 सीटों पर होना है प्रवेश, 25 जनवरी को करायी गयी थी परीक्षा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मनकापुर के सिसवा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा में 272 बच्चों को सफल घोषित किया गया है। इसमें कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 140 व कक्षा 9 में प्रवेश के लिए 132 बच्चे हुए हैं। इस विद्यालय में प्रवेश के लिए 25 जनवरी को प्रवेश परीक्षा करायी गयी थी।

मनकापुर ब्लाक के सिसवा गांव में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया गया है। 71.40 करोड़ रुपये की लागत वाले इस विद्यालय में गरीब, निराश्रित, निर्माण श्रमिक व कोविड महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को कक्षा 6 से इंटर तक की मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। पढ़ाई के साथ साथ यहां बच्चों के रहने व खाने की भी निशुल्क व्यवस्था है। विद्यालय के कक्षा 6 व कक्षा 9 में प्रवेश के लिए 25 जनवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस प्रवेश परीक्षा में मंडल के सभी चारों जिलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। 8 मई को प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 6 में रिक्त 140 सीटों के सापेक्ष 140 बच्चे सफल घोषित किए गए हैं। इसमें सामान्य वर्ग में बालक व बालिका वर्ग के 35-35, अन्य पिछड़ा वर्ग के 19-19, अनुसूचित वर्ग के 15-15 व अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक एक बच्चे को सफल घोषित किया गया है। इसी तरह कक्षा 9 में रिक्त 140 सीटों के सापेक्ष सामान्य वर्ग में बालक व बालिका वर्ग के 35-35, अन्य पिछड़ा वर्ग के 19-19, अनुसूचित जाति के बालक वर्ग में 15 व बालिका वर्ग में 8 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग में एक एक बच्चे सफल हुए हैं। जबकि अनुसूचित जाति के बालिका वर्ग की सात सीटें रिक्त रह गयी हैं। सफल घोषित किए गए बच्चों को काउंसिलिंग के बाद प्रवेश दिया जायेगा।



गोंडा का अटल आवासीय स्कूल। अमृत विचार

### परीक्षा में सफल हुए बच्चों की 13 से होगी काउंसिलिंग

प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित करने के साथ ही इन बच्चों की काउंसिलिंग को लिए भी तारीख तय कर दी गयी है। कक्षा 6 में सफल हुए बच्चों की काउंसिलिंग 13 मई से प्रारंभ होगी। 13 मई को सामान्य वर्ग के बालकों की काउंसिलिंग होगी। 14 मई को आरक्षित वर्ग के बालक अपनी काउंसिलिंग करायेंगे। 15 मई को सामान्य वर्ग की बालिकाओं व 16 मई को आरक्षित वर्ग की बालिकाओं की काउंसिलिंग करायी जायेगी। इसी तरह कक्षा 9 में प्रवेश के लिए सफल घोषित किए गए बच्चों की काउंसिलिंग 17 मई से प्रारंभ होगी। 17 मई को सामान्य वर्ग के बालक व 21 मई को आरक्षित वर्ग के बालकों की काउंसिलिंग होगी। 22 मई को सामान्य वर्ग की बालिका जबकि 23 मई को आरक्षित वर्ग के बालिकाओं की काउंसिलिंग करायी जायेगी।

# सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित


सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सपा प्रत्याशी भगत राम मिश्र के समर्थन में समाजवादी पार्टी की ओर से कटरा बाजार में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगत राम मिश्रा, पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, राम भजन चौबे, आनन्द स्वरुप यादव, राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान, विनोद कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य मनोज चौबे सहित तमाम पदाधिकारी शामिल रहे।

# 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान कराने की ग्रामीणों ने ली शपथ

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपलक्ष्य में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में तहसील करनैलगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत आंटा परसपुर में बुजुर्गों की चौपाल लगाई गई। इसे वृद्धम शरणम गच्छामि चौपाल का नाम दिया गया। समस्त वरिष्ठ नागरिक एवं वृद्ध जनों तथा ग्राम वासियों ने 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करने की एक साथ शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हम सब मिलकर अपना मतदान करेंगे ही परंतु अपने आसपास के लोगों को भी उत्साहित करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों ने कहा कि गांव के नवयुवक एवं अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी कर्नलगंज भारत भार्गव, अपर उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी परसपुर राजीव मोहन सक्सेना, तहसीलदार करनैलगंज मनीष कुमार डीसी एनआरएलएम जेएन राव, एई आरईएस पुनीत पटेल, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, ग्राम प्रधान तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।


स्वीप कार्यक्रम के तहत परसपुर के आटा में जुटे बुजुर्ग। अमृत विचार

### सभी मतदान केंद्रों पर होगी फॉगिंग

रुपईडीह, गोंडा : आगामी लोकसभा चुनाव के लिए ब्लॉक में स्थापित सभी मतदान केंद्रों पर मच्छर जनित रोगों से बचाव किए जाने के लिए खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को फॉगिंग व दवा का छिड़काव किए जाने का निर्देश दिया है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान बूथों पर तैनात पोलिंग पार्टियों में शामिल कर्मचारियों को मच्छरों के प्रकोप से बचाए जाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस निर्देश के तहत प्रभारी चिकित्साधिकारी को सभी मतदान केंद्र पर दो दिन पहले फॉगिंग व दवा का छिड़काव कराए जाने का निर्देश दिया गया है। जिससे सभी कर्मियों का मच्छर जनित रोगों से बचाव किया जा सके।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान करना आवश्यक : एबीवीपी

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में युवाओं को भी बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। लोकतंत्र का यह पर्व भावी भारत की दिशा और दशा तय करेगा। इसलिए मजबूत और सशक्त लोकतंत्र बनाने के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है।

जिला संगठन मंत्री हरिओम शर्मा ने भी युवाओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। एबीवीपी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक जिम्मेदार छात्र संगठन होने के नाते मतदाता जागरुकता अभियान चला रहा है तथा ग्राम चौपाल के माध्यम से भी लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान नगर सह मंत्री अंतरिक्ष, नगर उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह, कुँवर भगवती सिंह, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।



जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेते एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

# शत-प्रतिशत मतदान की अपील

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में संत यात्रा निकालकर गांव गांव संतों द्वारा प्रवचन करवाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक बनाने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को विभाग संयोजक शारदा कांत पांडे के नेतृत्व में प्रमोद दास, राजकुमार वेदांती, संत राम मनोहर दास के साथ बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर से यात्रा प्रारंभ कर नगर पंचायत खरगूपुर के कई वार्डों में पहुंची। ग्राम सभा भंगहा, भटपी, गोपाल बाग, रुपईडीह, पुरैनिया सहित अन्य स्थानों पर संतों क्षेत्र के नौजवानों को जागरूक कर मतदान के लिए संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान सुनील दुबे, विनोद ओझा, देवनारायण तिवारी, राजेश दुबे, विजय दुबे, नान बाबू जायसवाल, धर्म प्रकाश गुप्ता, अवध बिहारी विश्वकर्मा, मनीष प्रताप सोनी, सूरज सोनी, हर्षित गुप्ता, अरविंद सोनी, फूलचंद, मनोज, दिनेश गुप्ता, राजकिशोर सोनकर, ननकू, महेश, सोनू मिश्रा सहित तमाम लोग शामिल रहे।


पृथ्वीनाथ मंदिर में जागरुकता का कार्यक्रम करते विहिप के पदाधिकारी।

● विश्व हिंदू परिषद ने यात्रा निकाल किया जागरूक

# टॉमसन मैदान में कल आएंगे अमित शाह

गोंडा कार्यालय

● प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को करेंगे संबोधित

**अमृत विचार:** 12 मई को गृह मंत्री अमित शाह शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह (टॉमसन) इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जहां वह भाजपा समर्थित प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

जनसभा की तैयारी बैठक शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने बताया कि 12 मई को भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं गृहमंत्री अमित शाह का आगमन शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह (टॉमसन) इंटर कॉलेज में होने जा रहा है। गोण्डा की यह जनसभा अब तक की ऐतिहासिक जनसभा होगी।

### प्रशिक्षण से 37 मतदान कार्मिक रहे अनुपस्थित

गोंडा : लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में चल रहे मतदान कार्मिक द्वितीय प्रशिक्षण के प्रथम पाली में 1600 मतदान कार्मिक के सापेक्ष कुल 12 मतदान कार्मिक अनुपस्थित तथा द्वितीय पाली में 1600 के सापेक्ष 25 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण 13 मई तक चलेगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने सभी को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जो भी प्रशिक्षण में बताया जा रहा है, उस पर विशेष ध्यान दें। वहीं कर्मियों के पोस्टल बैलेट से कुल 229 वोट पड़े तथा ईडीसी 413 रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मैं तुलसी पुत्र रामदास निवासी ग्राम उमरपुर गेरखुआ परगना व तहसील सदर, थाना मिल एरिया जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे दो पुत्र और एक पुत्री है। छोटा पुत्र अजय कुमार आए दिन घर में मेरे और मेरी पत्नी के साथ मारपीट और गाली गलौज करता है। उसके गलत हरकतों से तंग आकर मैं अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में छोटे बेटे के किसी कृत्य का मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं है।

सूचना
सूचित हो कि मैं इमामुन निशा पत्नी मो0 कादिर, निवासिनी- 174/6 पीर जलील घोसियाना लखनऊ, मेरा बड़ा लड़का अब्दुल करीम उर्फ शानू ने अपनी मर्जी से मोहल्ले की लड़की जोहा उर्फ अलकाका पुत्री मो0 शरीफ, निवासी- 174/6 पीर जलील, घोसियाना लखनऊ से प्रेम विवाह कर लिया है। यहकि मेरे लड़के ने मेरे घर पर आकर के मुझे व मेरी तीनों पुत्री को गन्दी गन्दी गालिया दी और मारा पीटा उसके इस कृत्यों से तंग आकर मैं अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। अब अब्दुल करीम उर्फ शानू व उनकी पत्नी जोहा उर्फ अलकाका व उनके रिश्तेदार से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं है और उनके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम (Ram rahesh) था। जिसे बदलकर मैंने अपना नाम (Ram rahesh Maurya) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। -Ram rahesh maurya s/o guru prasad, Add- 265 loshanpur, harimau, jagdeshpur amethi

सूचना
सूचित हो कि मैं FAIZ MOHAMMAD KHAN S/O JAMAL KHAN, ग्राम-काला महादेवा, पोस्ट-नासिरगंज, थाना- सोनवा, जनपद-श्रावस्ती, मैंने अपना नाम FAIJ MOHAMMAD से बदल कर FAIZ MOHAMMAD KHAN रख लिया है अतः आज से मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना
सूचित हो कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे माता का नाम श्यामा देवी सिंह (SHAYAMA DEVI SINGH) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। सही नाम SHYAMA SINGH पुत्र रवीन्द्र सिंह है। इसे रिकार्ड में दर्ज किया जाये। आर्मी नंबर- 16024824 K। - श्यामा सिंह पत्नी अवधेश सिंह, निवासी-ग्राम गाजनपुर, पो0- दुवरिया, परगना व तहसील-मुसाफिरखाना, जिला- अमेठी

सूचना
सूचित हो कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम (AVADESH SINGH) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। सही नाम ( AVDHESH SINGH) पुत्र रवीन्द्र सिंह है। इसे रिकार्ड में दर्ज किया जाये। आर्मी नंबर- 16024824 K। - अवधेश सिंह पुत्र स्व0 गुरुदीन सिंह, निवासी-ग्राम गाजनपुर, पो0- दुवरिया, परगना व तहसील-मुसाफिरखाना, जिला- अमेठी

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र संख्या-1
ई-निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-1-जीकेपी-जीसी-1-2024, खुलने की तिथिः 27-05-2024
कार्य का नामः "पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय एवं संबद्ध कार्यालय के लिये जनरल कंसल्टेंसी सर्विस हेतु जनरल कंसलटेंट की नियुक्ति के प्रस्ताव के लिये अनुरोध" के सम्बन्ध में आमंत्रित उपरोक्त निविदा हेतु शुद्धि पत्र संख्या-1 जारी कर दिया गया है। इससे सम्बन्धित विवरण के लिये कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-1, गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू-66
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:-
क्रम सं.-1, कार्य का नामः समइं/बलिया कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत एलएचएसडब्लू से एक वर्ष के लिये संचित पानी की निकासी का कार्य। ई-निविदा सूचना संख्याः एनईआर- बीएसबी-2024-30, अनुमानित लागतः ₹ 40,82,976/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 81,700/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 07-06-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह।
क्रम सं.-2, कार्य का नामः समइं/छपरा कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत एलएचएसडब्लू से एक वर्ष के लिये संचित पानी की निकासी का कार्य। ई-निविदा सूचना संख्याः एनईआर-बीएसबी-2024-31, अनुमानित लागतः ₹ 36,74,678/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 73,500/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 07-06-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह।
क्रम सं.-3, कार्य का नामः वाराणसी में स्टेडियम कालोनी के विभिन्न क्वाटरों का सुधार। ई-निविदा सूचना संख्याः एनईआर-बीएसबी-2024-32, अनुमानित लागतः ₹ 2,34,43,942/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 2,67,200/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 07-06-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 09 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-30 से एनईआर-बीएसबी-2024-32 दिनांक 07-06-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी
मुजाधि/डब्लू-63
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# डिजिटल मार्केटिंग की बढ़ी मांग पर व्याख्यान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से डिजिटल मार्केटिंग विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि टॉमसन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. विवेक श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि किसान डिग्री कॉलेज बहराइच के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. प्रशांत श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. डी. कुमार ने कार्यशाला के आयोजन की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न माध्यमों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सफल प्रस्तुतीकरण के प्रमुख बिन्दुओं को बताया। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने आधुनिक युग में डिजिटल मार्केटिंग की प्रासंगिकता पर विस्तार से व्याख्यान दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती श्रीवास्तव ने उत्पाद एवं सेवाओं के विपणन में डिजिटल मार्केटिंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। असिस्टेंट प्रोफेसर चंद्रपाल एवं अतुल कुमार तिवारी के निर्देशन में बी.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं की डिजिटल मार्केटिंग मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें राशी गुप्ता को प्रथम, मानसी पाठक को द्वितीय तथा रिया श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बी.कॉम छठे सेमेस्टर की छात्राओं का लघु शोध प्रस्तुतीकरण कराया गया। जिसमें प्रिया तिवारी को प्रथम, जया को द्वितीय तथा रूही को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन ज्ञानस्थली गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।


कार्यशाला में पुरस्कृत छात्राएं। अमृत विचार

### मतदाता जागरुकता का संदेश दिया

गोंडा, अमृत विचार: चुनाव में अधिक मतदान करने को लेकर बच्चों ने मतदाता जागरूकता रंगोली के माध्यम से संदेश दिया। बच्चों ने आकर्षक पोस्टर व रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकेडमी की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी मिश्रा ने बताया कि मतदाता जागरूकता को लेकर शुक्रवार को बच्चों ने पोस्टर व रंगोली के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में आराध्या सिंह, काजल, आकृति पांडेय, ईशका शुक्ला, वैष्णवी सिंह, शबा बानो, एकता मोदनवाल, अर्चना यादव आदि ने प्रतिभाग किया।

**दिक्कत** जिले को है 130700 मीट्रिक टन गेंहू खरीदने की जिम्मेदारी, गेहूं खरीदने के लिए 116 क्रय केंद्र बनाए गए

# दो महीने में 8 फीसदी गेहूं खरीद, कैसे पूरा होगा लक्ष्य

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में गेहूं खरीद योजना की हालत खस्ता है। खरीद की शुरुआत हुई 2 महीना से अधिक हो गया। अभी तक पूरे जिले में क्रय एजेंसी लक्ष्य के सापेक्ष 8 फ़ीसदी ही खरीद कर पाई हैं। किसानों से गेहूं खरीदने के लिए 116 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। अभी तक कुल 7295.95 मेट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पाई है।

खरीद के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक सबसे ज्यादा गेहूं खरीद भारतीय खाद्य निगम ने किया है, जबकि पीसीएफ ने सबसे कम गेहूं खरीदा है। सबसे अधिक गेहूं खरीदने का लक्ष्य पीसीयू को मिला है। इस बार गेहूं खरीद सत्र का शुभारंभ 1 मार्च से हो गया था। जनपद में छ एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें खाद्य विभाग 20000 मीट्रिक टन, पीसीएफ को 33000 मीट्रिक टन, पीसीयू को 42000 मीट्रिक टन, यूपीएसएस को 20000 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम को 11700 मीट्रिक टन तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति को 4000 मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है। जनपद को जो इस बार लक्ष्य दिया गया है वह विगत कई वर्षो का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस बार 130700 मीट्रिक टन गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। भारतीय खाद्य निगम केंद्र पर सबसे अधिक गेहूं खरीदा गया है। अब तक यहां पर 1092.05 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है जो अब तक के सबसे अधिक खरीद है। इसके उलट पीसीएफ पर सबसे कम खरीद हुई है अभी तक मात्र 899.49 मीट्रिक टन की खरीद हो पाई। बताया जाता है कि खुले बाजार में गेहूं का रेट अधिक होने के चलते सरकारी केंद्र पर किसान नहीं आ रहे हैं। केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे हैं। गेहूं खरीद न होते देखकर शासन ने किसानों के घर पर जाकर गेहूं खरीद की शुरुआत की है। मोबाइल खरीद शुरू होने से थोड़ा बहुत सरकारी खरीद हो पा रही है। किसानों का भुगतान भी समय से हो रहा है, उसके बावजूद सरकारी क्रय केंद्र सूने पड़े हुए हैं। किसानों की सुगमता के लिए सरकार की ओर से कई केंद्र की संख्या में भी इजाफा किया गया है लेकिन उसका लाभ गेहूं खरीद से जुड़ी एजेंसियों को मिलता नहीं दिख रहा है। गांव में गेहूं खरीद से जुड़े अफसर व केंद्र प्रभारी जाकर गेहूं खोज रहे हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जिले में छ एजेंसियां गेहूं खरीद कर रही हैं। सबसे ज्यादा खरीद भारतीय खाद्य निगम ने किया है। सभी एजेंसी के प्रभारी को गेहूं खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया जा रहा है।


सब्जी मंडी में शिफ्ट हुए गेहूं खरीद केंद्रों पर सन्नाटा। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### घर से निकली नाबालिग किशोरी हुई लापता

नवाबगंज, गोंडा। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार की शाम को उसकी 16 वर्षीय लड़की घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई उसका कोई पता नहीं चल पाया। किशोरी की मां ने बताया कि आशंका है कि उनकी लड़की को बहला-फुसलाकर अज्ञात युवक भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि लड़की की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लड़की की तलाश की जा रही है। जल्द ही लड़की को बरामद कर लिया जाएगा।

### दबंगों ने दो युवकों को पीटकर किया लहूलुहान

नवाबगंज, गोंडा। थानाक्षेत्र के दुल्लापुर गांव निवासी राजकिशोर ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते बुधवार की रात्रि में उनका लड़का मोनू अपने दोस्त शिव शंकर तिवारी के साथ नवाबगंज बाजार से अपने घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में नौहिलया गांव के पास सुशील, लवकुश, प्रदीप तथा संदीप निवासी नौडिहवा नवाबगंज गिर्दे ने रोक लिया और गाली देने लगे। मना करने पर लाठी-डंडा तथा सरिया से पीटा। सिर में सरिया मारने से दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आईं। गंभीर हालत में दोनों को स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। मारपीट के दौरान मोनू की जेब में रखे 800 सौ रुपये भी गिर गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बोलेरो अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी, दो लोग घायल

नवाबगंज, गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नवाबगंज-तरबगंज मार्ग पर शुक्रवार को परसिया गांव के पास एक बोलेरो अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राजन वर्मा (17), चालक बीरेंद्र निवासी गांव खडौरा तरबगंज को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए अयोध्या मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

# ट्रक व स्कॉर्पियो की आमने-सामने भिड़ंत में 3 की मौत, 8 घायल

## गोंडा-अयोध्या हाईवे पर राजा सगरा के पास हुआ हादसा, स्कॉर्पियो में करीब 15 लोग सवार थे

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या से बच्चे का मुंडन कराकर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो कार की गोंडा-अयोध्या हाईवे पर वजीरगंज थाना क्षेत्र के राजा सगरा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गयी। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में स्कॉर्पियो चालक, एक महिला व एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त स्कॉर्पियो कार में करीब 15 लोग सवार थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



ट्रक से हुई टक्कर में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

वजीरगंज थानाक्षेत्र के नगवा गांव के रहने वाले शिवपूजन का परिवार शुक्रवार को बेटे का मुंडन कराने के लिए अयोध्या गया था। मुंडन के बाद परिवार और रिश्तेदारी के लोग स्कॉर्पियो कार से घर लौट रहे थे। वह वजीरगंज थानाक्षेत्र के राजा सगरा के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कॉर्पियो में ठोकर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में स्कॉर्पियो चालक मातादीन बारी (50) निवासी ग्राम नगवा थाना वजीरगंज, रानी (40) पत्नी आनंद तिवारी निवासी विश्नोहरपुर थाना नवाबगंज व श्लोक (8) निवासी ग्राम नगवा की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि मोहिनी मिश्रा (28) ग्राम नगवा, नीलम मिश्रा (45) पत्नी धर्मदत्त मिश्रा निवासी नगवा, प्रीति तिवारी (30) पत्नी महेश मिश्रा निवासी नगवा, हिमेश (28) निवासी नगवा, आदर्श पांडे (22) निवासी नगवा, लक्ष्मी तिवारी (21) निवासी रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात, रोली तिवारी (14) निवासी बरई पारा थाना वजीरगंज व अंशिका पांडे (14) निवासी ताजपुर थाना कोतवाली देहात गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गयी।

मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


### हादसे की भयावह तस्वीर देख कांप गए लोग

भीषण हादसे की तस्वीर इतनी भयावह थी कि देखने वालों का कलेजा कांप उठा। ट्रक से टकराने के बाद स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा कटकर अलग हो गया और चालक नीचे जमीन पर जा गिरा। स्कॉर्पियो में सवार अन्य यात्री भी ठोकर लगने के बाद उछलकर सड़क पर जा गिरे। कुछ उसी में फंसे रह गए। सड़क पर चारों तरफ खून ही खून नजर आ रहा था। इस दृश्य को देखकर पहले तो कोई आगे नहीं आया लेकिन फिर घायलों का करुण क्रंदन सुनकर कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाई और मदद के लिए आगे बढ़े।

### घायलों को खुद ही एंबुलेंस तक पहुंचाने में जुटे रहे एसओ

हादसे की सूचना मिलने पर जब वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां चीख पुकार मची थी। हर कोई सहायता के लिए हाथ बढ़ा रहा था। घायलों को अस्पताल पहुंचाने में देर न हो इसलिए एसओ ने खुद ही आगे बढ़कर घायलों को गोद में उठाकर एंबुलेंस तक पहुंचाना शुरू किया। एसओ को देखकर स्थानीय लोग भी आगे बढ़े और उनकी मदद की। खाकी के इस मानवीय चेहरे की हर कोई तारीफ करता दिखा।

### खाई में पलटा ट्रैक्टर, बालिका की मौत



बिकरवा गांव के नारायणपुर मोड़ पर खाई में पलटा हुआ ट्रैक्टर।

**गोंडा:** कटरा बाजार थानाक्षेत्र में ट्रैक्टर खाई में पलट गया। इसमें अपने बाबा के साथ सवार 12 साल की बालिका की मौत हो गई। मृतक बालिका खुशबू पुत्री अशोक कुमार अपने ननिहाल तुर्का में पूरे परिवार के साथ रहती थी। शुक्रवार को रामसमुझ निवासी जिगनिया कलवारी अपनी पोती को ननिहाल से ट्रैक्टर पर बैठाकर लेकर चले थे। जैसे ही नारायणपुर गांव के मोड़ के पास पहुंचे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया, जिसमें बालिका दब गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर ट्रैक्टर के नीचे से बालिका को निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं हादसे में चालक राम समुझ को मामूली चोट आई है। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि थानाक्षेत्र के बिकरवा के पास एक ट्रैक्टर पलटने की सूचना मिली है, जिसमें एक बालिका की मौत हुई है।

# मेडिकल स्टोर्स पर धड़ल्ले से बिक रहीं प्रतिबंधित दवाएं

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** नवाबगंज क्षेत्र के कटरा शिवदयालगंज में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री इन दिनों जोरों पर है। जिसका प्रयोग युवा पीढ़ी नशे के रूप में कर रही है। इन दवाओं को बेचकर मेडिकल स्टोर संचालक मालामाल हो रहे हैं, लेकिन इसकी रोकथाम के लिए न तो प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही स्वास्थ्य विभाग।

क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में दवा की दुकानें और झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा प्रतिबंधित दवाओं को बेंचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। प्रतिबंधित दवाओं का सेवन सबसे ज्यादा युवा कर रहे हैं। लोगों द्वारा बताया जाता है कि नौजवान दुकान पर पहुंचता है और कोड भाषा में बोलता है और मेडिकल स्टोर संचालक उसे प्रतिबंधित दवाएं दे देता है। मेडिकल स्टोर संचालक ग्राहक से दोगुना रेट वसूल लेता है। कुछ मेडिकल स्टोर ऐसे भी हैं। जिनके पास कोई लाइसेंस भी नहीं है। झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। भीषण गर्मी में मरीजों से मनमानी तरीके से मोटी रकम वसूल रहे हैं। इस बाबत ड्रग इंस्पेक्टर राजिया बानो से दूरभाष पर जानकारी करने पर उन्होंने कहा कि जांच कराकर मेडिकल स्टोर संचालकों और झोलाछापों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानाचार्य हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** दो महीने पहले छपिया थानाक्षेत्र के चान्दारती गांव में हुई प्रधानाचार्य हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गुरुवार की देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी के पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद की है।

छपिया थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव के रहने वाले दिनेश यादव (35) की दो महीना पहले 3/4 मार्च की रात में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले में परिजनों ने सिसहनी गांव के अजय वर्मा व राज सिंह के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने राज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि मुख्य आरोपी अजय वर्मा वारदात के बाद फरार चल रहा था। पुलिस ने अजय वर्मा पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमें लगायी गयी थीं। गुरुवार की रात पुलिस को सूचना मिली की अजय वर्मा बगही बगिया के पास मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने अजय वर्मा को घेर लिया। पुलिस से बचने के लिए आरोपी अजय ने पुलिस टीम पर फायरिंग की तो बचाव में पुलिस को भी गोली चलानी पड़ी। पुलिस की गोली लगने से हत्यारोपी अजय वर्मा घायल हो गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल अजय को इलाज के लिए छपिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल भी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष छपिया कृष्ण गोपाल राय, थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा स्वाट टीम प्रभारी सर्वजीत गुप्ता, साइबर प्रभारी शादाब आलम व सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार सिंह टीम के साथ शामिल रहे।

> अजय वर्मा पिछले दो महीने से फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था। गुरुवार की रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुआ है। – **विनीत जायसवाल, एसपी-गोंडा**

### दर्ज हैं 14 मुकदमे

प्रधानाचार्य की हत्या के मुख्य आरोपी अजय वर्मा के खिलाफ गोंडा व बस्ती जिले में 14 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, डकैती, जालसाजी व अन्य कई गंभीर मामले शामिल हैं। अजय वर्मा छपिया के रेंबो गैंग का सरगना भी बताया जाता है।

### छात्राओं से छेड़छाड़ का विरोध करने पर की गयी थी हत्या

छपिया थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव के रहने वाले दिनेश यादव (35) सिसहनी बभनान गांव स्थित श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य थे। 26 जनवरी को कॉलेज में एक छात्रा के साथ छेड़खानी की वारदात हुई थी। प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने इसका विरोध किया था और इसकी सूचना पुलिस को दे दी थी। हालांकि पुलिस ने हत्यारोपी अजय व अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय उनका शांतिभंग में चालान कर मामले को रफादफा कर दिया था। मनचलों को यह कार्रवाई नागवार गुजरी थी और वह लगातार प्रधानाचार्य की रेकी कर रहे थे। 3 मार्च कोट दिनेश यादव अपने मामा के बेटे की शादी में शामिल होने चांदारती गांव गए हुए थे। रविवार को भी वह मामा के घर पर ही रुके थे। रात में वह अपने भाई व मामा के बेटे के साथ कॉलेज के सामने बनी मामा की दुकान के बाहर सो रहे थे। रात करीब एक बजे दो युवकों ने दिनेश की कनपटी से तमंचा सटाकर गोली मार दी थी। इस घटना में दिनेश की मौके पर ही मौत हो गयी थी।

# लू व गर्मी का असर, लोग परेशान

गोंडा कार्यालय

- **लू के थपेड़े से बीमार हो रहे हैं बच्चे व बुजुर्ग**
- **मेडिकल कॉलेज में बढ़ रहे हैं गर्मी जनित बीमारियों के मरीज**

**अमृत विचार:** गर्मी के चलते मेडिकल कॉलेज में भी मरीज की संख्या बढ़ती जा रही है। तमाम ऐसे लोग हैं, जिनको डायरिया, बुखार, पेट दर्द आदि की समस्या हो रही है। लू के थपेड़ों के बीच किसी तरीके से अपना काम निपटा रहे हैं। गर्मी व तेज हवा चलने से लोग घर से बाहर निकलने में कतराने लगे हैं। धूप से दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग छतरी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। दोपहर होते ही सड़कें सूनी हो जा रही हैं।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया। कामकाजी लोगों का धूप में निकलना विवशता है। फील्ड में कार्य करने वाले लोग धूप के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। सुबह होते ही तापमान बढ़ने लगता है, जिसके चलते मजदूर खेतों में काम करना नहीं चाहते हैं। इसकी वजह से किसानों के खेतों की कटाई और मड़ाई प्रभावित हो रही है। गर्मी का आलम यह है कि घर से निकलने वाले लोग चेहरा सहित पूरा शरीर ढककर चल रहे हैं। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। लोगों को मानना है जो गर्मी पड़ रही है, इस गर्मी की शुरुआत जून में होती थी। ऐसे में गर्मी के चलते लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। अस्पताल में भी डायरिया, बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। फिलहाल तेज हवा सभी को परेशान कर रही है। गांव से लेकर शहर तक धूप के चलते परेशानी बढ़ गई है। तालाबों में भी पानी सूख गया है, जिससे जानवर परेशान हो रहे हैं। पानी की तलाश में जंगली जानवर गांव की ओर रुख कर रहे हैं। तेज हवा के साथ धूल भी उड़ रही है। आंखों में धूल कंकड़ जाने से कुछ जगहों पर तो दुर्घटना भी हो रही है। मौसम विभाग से जुड़े लोगों की मानें तो आने वाले दिन गर्मी और परेशान करेगी।

# भारत गैस वितरक ने शुरू की फ्री सर्विस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** घरेलू गैस सिलेंडर से आग लगने की बढ़ती घटनाओं को लेकर पेट्रोलियम कंपनियों ने उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर व चूल्हे की जांच कराने का फैसला किया है। शुक्रवार को श्री साईं भारत गैस वितरक पंडरी कृपाल गैस एजेंसी के कर्मचारी शिवम मिश्रा, सुनील मिश्रा तथा भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के सेल्स ऑफिसर चेतन शर्मा ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर उनके चूल्हा, सिलेंडर, रेगुलेटर, पाइप की जांच की। पेट्रोलियम कंपनी की ओर से मुफ्त सर्विस दी जानी शुरू कर दी गई है।



महिला को जागरूक करते भारत पेट्रोलियम के सेल्स ऑफिसर।

स्थानीय जनपद में 72 गैस एजेंसियां विभिन्न कंपनियों के संचालित हैं। सामान्य व उज्ज्वला योजना के 6 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। इन सभी लाभार्थियों के घर पहुंचकर चूल्हा, रेगुलेटर, पाइप आदि की जांच पड़ताल की जायेगी। साथ ही उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। इससे पहले गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को सर्विस तो दी जाती थी, लेकिन एजेंसी संचालक सर्विस की फीस लेते थे। श्री साईं गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने विकास खंड जनवरी के बलवंत पुरवा बड़गांव में पहुंचकर घरेलू गैस सिलेंडर की उपभोक्ता रेखा, कविता कुमारी, शांति, मिथिलेश तथा नेहा आदि के गैस सिलेंडर की जांच पड़ताल की। श्री साईं भारत गैस वितरक पंडरी कृपाल गैस एजेंसी के शिवम ने बताया कि यह सर्विस पूरी तरीके से निशुल्क है। जो सामान गड़बड़ होगा, उसी का पैसा उपभोक्ता को देना होगा। उन्होंने बताया कि यह सर्विस घरेलू तथा उज्ज्वला योजना के सभी उपभोक्ताओं को दी जा रही है।

## सार-संक्षेप

### ट्रक ने कार में पीछे से मारी टक्कर, दो लोग घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-अयोध्या राजमार्ग पर परसापुर गांव के पास गुरुवार को सायं करीब 4 बजे गोंडा की तरफ जा रही एक जायलो कार में पीछे से आ रही ट्रक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार मिंटू पांडेय (35) तथा करन (8) निवासी मछली गांव रावां कोतवाली देहात गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य युवक को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां पर गंभीर रूप से घायल मिंटू पांडेय को डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि ट्रक चालक मौके से भाग गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, दो घरों की गृहस्थी राख

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र धानेपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनीपुर के मजरा अमलोसवा में गुरुवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते घर में रखा सामान जलने लगा। मौके पर घर के अंदर लोग सो रहे थे लेकिन पड़ोसियों की सफलता के कारण उन लोगों की जान बच गई। ग्राम पंचायत लखनीपुर के अमलोसवा निवासी चेतराम व हरी राम का घर व गृहस्थी का सामान जल गया। प्रभारी निरीक्षक धानेपुर वेद प्रकाश शुक्ला दलबल के साथ पहुंचे और मौके पर ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार ने बताया कि हल्का लेखपाल सूरज सिंह को मामले की जानकारी दे दी गई है।

### अवैध खनन करते पकड़ा, एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर पकड़े

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** खनन अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर अवैध खनन करते समय एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर को पकड़ा है। थाना कोतवाली देहात के ग्राम रोहांवा के गाटा संख्या 34/0 .9750 हेक्टेयर में एक जेसीबी मशीन व 05 ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी का अवैध खनन करते हुए पाये गये। मिट्टी सीएसवी ईंट भट्ठा स्थित ग्राम सोनी हरलाल मझवा ले जाया जा रहा था। ईंट भट्ठा स्वामी चन्द्र शेखर वर्मा निवासी- 5 द्वारिकापुरी सेक्टर 8, इन्दिरा नगर लखनऊ द्वारा बिना वैध परमीशन के मिट्टी का अवैध खनन करके परिवहन किया जा रहा था। खनिज नियमावली-2021 के नियम-3, 58, 72 व खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 का उल्लंघन है। खनन अधिकारी ने बताया कि सभी वाहनों को पुलिस चौकी खोरहंसा, थाना कोतवाली देहात की अभिरक्षा में दिया गया है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ सामूहिक श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कस्बे के प्राचीन एवं प्रसिद्ध कालीकुंड मंदिर पर सामूहिक सहयोग से 07 दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा शुक्रवार से शुरू होकर 16 मई तक चलेगी। पावन धरती मध्य प्रदेश से चलकर सुप्रसिद्ध कथा व्यास मधुर गोपाल शास्त्री महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत रूपी अमृत की वर्षा होगी। आयोजन की शुरुआत शुक्रवार को विशाल एवं भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। कलश यात्रा काली कुंड मंदिर से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न देवालयों की परिक्रमा करते हुए कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में नगर और क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान हाथ में भगवा ध्वज और शीश पर पवित्र कलश धारण किए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कलश यात्रा के दौरान युवा भजनों की धुन पर जमकर झूमते नजर आये। इस दौरान मुख्य यजमान तारावती पत्नी ओंकारनाथ तिवारी, शेर बहादुर तिवारी, रूपम पत्नी प्रकाश नारायण तिवारी, सावित्री देवी पत्नी प्रहलाद पटवा, बबलू मद्धेशिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

### नमो नमो संगठन में विधानसभा अध्यक्ष बनीं सपना

**करनैलगंज, गोंडा :** नमो नमो क्रांति फाउंडेशन ने सपना जायसवाल को विधानसभा अध्यक्ष नामित किया है। इनका मनोनयन नमो-नमो क्रांति फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तिवारी की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा द्वारा किया गया। सपना ने बताया कि संगठन द्वारा दिये गये पद को अपनी जिम्मेदारी मानकर तन मन धन से सेवा में लगी रहेंगी। संगठन की मजबूती व विस्तार के लिये शीघ्र ही जिले में महिला मोर्चा की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रभारी विजय भारती, जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अजय कनौजिया, संध्या गोस्वामी, दयावती सिंह, कुलदीप, दीपमाला तिवारी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



सपना जायसवाल।

# 15 को मतदान कार्मिकों का मेडिकल परीक्षण

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गयी है। नियुक्त कार्मिकों में से कतिपय कार्मिकों द्वारा अपने आवेदन पत्र व आवेदन पत्र के साथ चिकित्सक के पर्चे की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने के लिए अनुरोध किया जा रहा है। निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त किये जाने सम्बन्धी प्रार्थना-पत्रों के आधार पर कार्मिक का चिकित्सीय परीक्षण 15 मई को सीडीओ की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा की जायेगी। टीम में जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डॉ. सीके वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला चिकित्सालय गोण्डा सदस्य हैं।

# 4 दिनों से हड़ताल पर करनैलगंज तहसील के अधिवक्ता

करनैलगंज, गोंडा

- **फरियादियों, वादकारियों के साथ सरकार के खजाने पर असर**

**अमृत विचार :** करनैलगंज तहसील में अधिवक्ताओं के हड़ताल का असर अब फरियादियों, वादकारियों के साथ सरकार के खजाने पर पड़ने लगा है। बीते चार दिनों से उप निबंधक कार्यालय में भी ताला लटक रहा है। अधिवक्ताओं के खौफ से तहसील के सभी कार्यालय न्यायालय पर ताले की दस्तक है। दो अधिवक्ताओं अरविंद शुक्ला और हृदय नारायण मिश्र पर राजस्व कर्मी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद से लगातार अधिवक्ता आंदोलित हैं।

शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी की और सभी कार्यालय और न्यायालय में तालाबंदी कराई। प्रस्ताव पारित कर उप निबंधक कार्यालय के रजिस्ट्री विभाग को प्रस्ताव की कॉपी भेजी गई कि कार्यालय बंद रहेगा। तीन दिनों से उप निबंधक कार्यालय में भूमियों की रजिस्ट्री नहीं हुई है। जिससे प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान विभाग को हो रहा है। अधिवक्ताओं की बात मानी जाए तो मंगलवार से शुरू हुई हड़ताल एक सप्ताह के लिए रखी गई है। यदि मुकदमे वापस नहीं लिए जाते हैं और तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होता है तो यह आंदोलन और भी उग्र हो सकता है। हालांकि लगातार तहसील में तालाबंदी चल रही है। जिसका खामियाजा तहसील में फरियादियों न्यायालय के वादकारियों और जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं में गोपाल जी तिवारी, ओम प्रकाश यादव, त्रिलोकनाथ तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, अरविंद शुक्ला, हृदय नारायण मिश्रा आदि का कहना है कि लगातार तहसील प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर दबाव बनाने के लिए मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। यह तानाशाही पूर्ण रवैया अधिवक्ताओं के हित में नहीं है और अधिवक्ताओं का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। तालाबंदी के साथ-साथ सभी अधिवक्ता कार्य से विरत रहेंगे।

**जयंती** | वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज को एक होने, शिक्षा व संस्कार पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ कमजोर ब्राह्मण परिवारों की मदद करने का भी संकल्प दिलाया

# अक्षय तृतीया पर प्रभु परशुराम की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार:** इटियाथोक विकासखंड के ग्राम ढोंगही में जयंती के अवसर पर नवनिर्मित मंदिर में प्रभु परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक कुमार मिश्रा मुन्ना व विशिष्ट अतिथि भगवदाचार्य तुलसी जन्म स्थली, विशिष्ट अतिथि नित्यानंद शुक्ला रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। उसके बाद मुख्य अतिथियों ने प्रभु परशुराम के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उनके दिशा निर्देशों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज को एक होने व शिक्षा व संस्कार पर विशेष ध्यान के साथ-साथ अपने समाज के कमजोर ब्राह्मण परिवारों की हर संभव मदद करने का भी संकल्प दिलाया।



परशुराम जयंती पर तुलसी पीठ के भगवदाचार्य को सम्मानित करते लोग।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शुक्ला प्रसाद शुक्ल ने अतिथियों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ओम प्रकाश पांडे, संतोष द्विवेदी, राजेंद्र मिश्रा, राम प्रसाद पांडे, जनार्दन तिवारी, मेवा लाल तिवारी, राम दत्त शुक्ला, बृज किशोर मिश्रा, राघव राम मिश्रा, जनार्दन पांडे, एस एन मिश्रा, राहुल उपाध्याय, पवन कुमार द्विवेदी, बसपा प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र गोंडा सौरभ मिश्र सहित ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामानंद तिवारी ने किया। इसी के साथ-साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### कचहरी परिसर में परशुराम जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** प्रभु विष्णु के छठवें अवतार महर्षि परशुराम के अवतरण दिवस अक्षय तृतीया पर कमिश्ननरी सभागार में अधिवक्ता भगौती प्रसाद पांडेय की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि अपर आयुक्त राम प्रकाश उपस्थिति रहे। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री चंद्र मणि तिवारी ने किया। अपर आयुक्त रामं प्रकाश ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि संसार में लोक कल्याण के लिए समय समय पर भगवान अवतरित हुए हैं, जिसमें प्रभु परशुराम मुख्य हैं। अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने प्रभु परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया की बधाई दी। जयंती समारोह में सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठतम उपाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, महामंत्री दिनेश नारायण पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष गोकरण नाथ पांडेय, केके मिश्र, कौशल किशोर पांडेय, माधव राज मिश्र, दीनानाथ त्रिपाठी सहित उमापति शुक्ल हरिहर, नंद गोपाल शुक्ल, अजेय विक्रम सिंह, विनय कुमार मिश्र, सुनील कुमार पाण्डेय, संजय कुमार सिंह, धनलाल तिवारी, अवधेश कुमार शुक्ल भंडहा, सच्चिदानंद मिश्र, रमेश कुमार दूबे, अजय शंकर श्रीवास्तव बंटी, डीजीसी क्रिमिनल बसंत शुक्ल, राम बहाल पाण्डेय, राम फेर प्रजापति आदि रहे।

## एक नजर

### 'वेटिंग फार गोडोट' नाटक को मिला पहला स्थान

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर सभागार में पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब के तत्वावधान में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन शुक्रवार को नाटक प्रतियोगिता के साथ हुआ। प्रतियोगिता में 'वेटिंग फार गोडोट' अंग्रेजी नाटक को पहला स्थान प्राप्त हुआ।

### चार लाख पचास हजार की पाइप बरामद, दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस टीम ने इस्तियाक पुत्र टेनी और नवाब अली पुत्र टेकई को मुखबिर की सूचना पर चिचड़ी गांव के पास थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती से गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 41 पाइप (कीमत लगभग चार लाख पचास हजार) बरामद करते हुए विधिक कार्यवाही की। गिलौला पुलिस ने शुक्रवार को घटना का सफल अनावरण किया।

# विकास व रोजगार के मुद्दे पर हो रही मतदान की बात

**चुनावी चौपाल में वकीलों ने बेबाकी से रखी अपनी राय**

चुनावी चौपाल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** ज्यों ज्यों मतदान का समय नजदीक आ रहा है वैसे वैसे चुनावी पारा चढ़ रहा है। बढ़ती उमस और गर्मी के बीच चुनावी माहौल गर्म होता जा रहा है। अपने क्षेत्र में प्रत्याशी के जीत हार से लेकर सरकार किसकी बनेगी इस बात की चर्चा करने में लोग मशगूल है।

नामांकन के बाद से चुनावी बयार तेज हो गई। प्रत्याशी को प्रतीक चिन्ह आवंटन होने के साथ ही उनके जीत हार का जनता ने गुणा गणित लगाना शुरू कर दिया है। जगह जगह लग रही चौपालों में उम्मीदवारों के गुण-दोषों पर भी चर्चा हो रही है। दीवानी कचहरी परिसर में शुक्रवार करीब 2 बजे अमृत विचार की टीम पहुंची। कुछ अधिवक्ता एक साथ बैठे दिखाई दिए। अमृत विचार संवाददाता के पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने प्रमुख मुद्दे, समस्याएं और समाधान पर बेबाकी से अपने विचार रखे। चुनावी चर्चा में जुटे अधिवक्ताओं ने महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर अपनी बात रखी। चर्चा की शुरुआत अधिवक्ता अजय बहादुर सिंह ने करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बढ़ती जा रही है इसे कंट्रोल करने की जरूरत है। अधिवक्ता शशि प्रकाश मिश्र ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए हैं। सड़कें और ओवरब्रिज बनाए गए। अधिवक्ता मुकेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र कई काम अभी होने हैं लेकिन इस समय सबसे बड़ी समस्या झारखंडी रेलवे ओवर ब्रिज का। इसके न होने से काफी समस्या होती है। विकास के मुद्दे पर मतदान किया जाएगा।


दीवानी न्यायालय बलरामपुर में चुनावी चर्चा करते अधिवक्ता। अमृत विचार

अधिवक्ता अजीत सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि बेरोजगारी प्रमुख मुद्दा है। रोजगार मुहैया कराने वाले के प्रत्याशी के पक्ष में वोट किया जाएगा। अधिवक्ता संजय तिवारी ने कहा कि लोगों को रोजगार मिल नहीं रहा। डिग्री तो है लेकिन काम नहीं। जो सरकार युवाओं को रोजगार दिलाए उसी का चयन किया जाए। अलीमुल हक ने कहा कि रोजगार की तलाश में लोगों को पलायन न करना पड़े। जो प्रत्याशी इस क्षेत्र में उद्योग व औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने की बात करेगा उस प्रत्याशी को सदन में भेजने का काम यहां की जनता करेगी। सभी अधिवक्ताओं ने रोजगार और विकास के मुद्दे पर मतदान की बात कही।

## पुलिस कर्मियों ने किया श्रमदान

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा पुलिस लाइन में श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्वयं क्वार्टर गार्द में पौधों की कटाई छटाई की। वातावरण स्वच्छ बनाये रखने हेतु नए वृक्ष लगाने के लिए सभी कर्मचारियों द्वारा गड्ढे खोदे गए जिसमें आगामी दिनों वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने सभी कर्मचारियों को बताया गया कि सभी लोग अपने आसपास साफ सफाई रखें जिससे वातावरण स्वच्छ बनारहे इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य कर्मचारीउपस्थित रहे।

# नैतिकता के साथ चुनाव लड़ें प्रत्याशी : डीएम

**लोकसभा चुनाव 2024 : डीएम ने एसपी और प्रेक्षकों के साथ बैठक कर बनाई रणनीति**

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभन मुक्त, समावेशी रूप से कराने के लिए श्रावस्ती लोकसभा सीट और गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के साथ डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह, सामान्य प्रेक्षक किशोर कुमार, व्यय प्रेक्षक वेंकटेश्वर ने बैठक किया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी नैतिकता एवं अच्छे आचरण के साथ चुनाव लड़ेंगे। एक दूसरे पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने से बचेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष, स्वतंत्र, समावेशी चुनाव कराने को दृढ़ संकल्पित है। सभी प्रत्याशियों को चुनाव के दौरान समान अवसर मिलेगा। चुनाव प्रचार के दौरान सभी प्रत्याशी यह भी ध्यान रखेंगे की आम जनमानस को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।


कलेक्ट्रेट सभागार मे चुनाव संबंधी बैठक करते डीएम व एसपी प्रेक्षक। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि सभी प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करेंगे। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों को बताया। सी विजील एप, टोल फ्री नंबर 1950 और चुनाव से जुड़ी अन्य अहम जानकारियां दी। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, समस्त एसडीम व चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के साथ ही संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### चुनाव में प्रशासन को वाहन नहीं दिया तो दर्ज होगी एफआईआर

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी / सहायक यातायात प्रभारी अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत प्राइवेट बसों, स्कूली वाहनों एवं प्राइवेट बोलेरो, जाईलो, अर्टिगा, जीप टैक्सी, मैक्स, मारूती इको 07 सीटर वाहनों को जनपद में मतदान दिवस 20 मई 2024 एवं 25 मई 2024 के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी द्वारा अधिग्रहित किया गया है।

जनपद में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-58 बलरामपुर (आंशिक) एवं गोण्डा-59 के निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए कुल 1200 बस/मिनी बस एवं हल्के वाहनों की आवश्यकता हैं। छोटे वाहनों को खड़ा कराये जाने के लिए स्टेडियम बलरामपुर को अधिग्रहित किया गया है तथा बड़े वाहनों को खड़ा कराये जाने के लिए बड़ा परेड मैदान बलरामपुर अधिग्रहित किया गया हैं। जनपद में संचालित समस्त प्राइवेट बस / मिनी बस, स्कूल वाहन एवं हल्के वाहनों का अधिग्रहण आदेश पुलिस के माध्यम से थानावार तामीला कराया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक विद्यालय पर जाकर स्कूली वाहनों का अधिग्रहण आदेश प्राप्त कराया जा रहा है। जिन वाहन स्वामियों को अधिग्रहण आदेश तामीला करवा दिया गया है उनके द्वारा नियत समय पर वाहन न उपलब्ध कराने की स्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि ऐसे वाहन स्वामियों एवं स्कूल प्रबन्धन के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# मतदान प्रशिक्षण से गायब 24 कर्मियों पर दर्ज होगा केस

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** एमपीपी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को चुनाव में ड्यूटी करने वाले मतदान कर्मियों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण का दिया गया। कॉलेज के 22 कमरों में विधानसभावार 1648 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 60 मास्टर ट्रेनरों ने मतदान कर्मियों को ईवीएम से मतदान कराने का तरीका बताया। प्रशिक्षण में पहले दिन 24 मतदान कर्मी अनुपस्थित रहे।

प्रभारी मतदान कार्मिक व सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि गोंडा संसदीय क्षेत्र के उतरौला विधानसभा में 20 मई को मतदान होगा। चुनाव के लिए उतरौला विधानसभा क्षेत्र की 463 पोलिंग पार्टियों में शामिल कर्मियों को एमपीपी इंटर कॉलेज में 10 व 11 मई को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले दिन 418 पोलिंग पार्टियों के 1648 मतदान कर्मी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण से गायब रहने वाले 24 कर्मियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी गिरीश कुमार पाठक, परियोजना निदेशक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीआईओएस गोविंदराम व बीएसए कल्पना देवी सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।


एमपीपी इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण लेते मतदान कर्मी। अमृत विचार

# प्रेक्षक ने मतदेय स्थलों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक किशोर कुमार ने लोकसभा क्षेत्र 58-श्रावस्ती के अन्तर्गत तहसील इकौना क्षेत्र में भ्रमण कर कई मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होने कम्पोजिट विद्यालय मस्जीदिया, प्राथमिक विद्यालय मदारा व उच्च प्राथमिक विद्यालय जयचंदपुर कटघरा का निरीक्षण किया और समस्त मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर निर्देश देते प्रेषक। अमृत विचार

प्रेक्षक ने मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, सफाई, शौचालय और दिव्यांग के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप ही मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए। इस दौरान उन्होने क्रिटिकल बूथों की भी जानकारी ली तथा प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना ओम प्रकाश व नायब तहसीलदार इकौना प्रांजल त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अस्पताल से गायब 14 कर्मियों का सीएमओ ने रोका वेतन

**सख्ती**

**सीएमओ ने किया सीएचसी शिवपुरा का निरीक्षण**

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलदेव नगर तथा महराजगंज तराई का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुल चौदह कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने दिया।

सीएमओ ने निर्देशित किया कि हीट वेव से प्रभावित मरीजों के इलाज हेतु अलग से वार्ड बनाया जाए। हीट वेव से प्रभावित मरीजों को बेहतर इलाज हेतु पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट की पर्याप्त मात्रा स्टॉक में रखा जाए। किसी भी मरीज को बाहर से न कोई दवा लिखी जाए और न ही कोई जांच कराई जाए । उन्होंने यह भी कहा की सभी मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में ही ड्यूटी पर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा की जो भी गर्भवती महिलाएं प्रसव हेतु चिकित्सालय आ रही हैं, उन्हें जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जो सेवाएं और सुविधाएं द्वारा प्रदान की जानी है सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें वह निशुल्क प्राप्त हो। प्रसूता महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाली चौदह सौ रुपए की धनराशि यथाशीघ्र उनके बैंक खाते में स्थानांतरित करने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, साथ ही बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र 48 घंटे के अंदर लाभार्थियों को देने की भी व्यवस्था किया जाए।


सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

चिकित्सालय भवन व परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक किया जाए , शौचालयों आदि की साफ सफाई नियमित रूप से किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के समय जिला लेखा प्रबंधक प्रभात मौर्य, डॉ प्रणव कुमार पाण्डेय, डॉ बालमुकुंद मौर्य, डॉ बृजेश जैसवाल आदि उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में एक छात्र की मौत, दो अन्य घायल

**बाइक से स्कूल में परीक्षा देने जा रहे थे नाबालिग छात्र**

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बाइक से परीक्षा देने जा रहे तीन नाबालिग छात्र अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गए। बाइक चला रहे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य दो घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ललिया थाना क्षेत्र के ग्राम रसईपुरवा निवासी छात्र जयराम (17 ) जो कि राधा आदर्श बाल विद्या मंदिर शिवपुरा में कक्षा 7 का छात्र था। शुक्रवार सुबह जयराम अपनी बाइक पर गांव के ही कक्षा 7 के छात्र मोहित पाठक (13 )तथा कक्षा तीन के छात्र श्रवन (8 ) को लेकर परीक्षा देने जा रहा था। रास्ते में ददरहवा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हेलमेट न पहनने के कारण तीनों छात्रों को गंभीर चोट लगी। बाइक चला रहे छात्र जयराम की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घायल मोहित और श्रवन को इलाज के लिए सीएचसी शिवपुरा में भर्ती कराया जयराम के निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।


मार्ग दुर्घटना में छात्र की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

# हत्या के 3 दोषियों को आजीवन कारावास

**न्यायालय ने एक-एक लाख रुपये का लगाया अर्थदंड**

**बलरामपुर, अमृत विचार।** हत्या के तीन अभियुक्तों को जिला सत्र एवं जनपद न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए सभी पर 1 - 1 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

बता दें कि 23 मई 2018 को वादिनी राधा देवी पत्नी राम प्रकाश गुप्ता निवासी ग्राम जोगिया थाना ललिया ने थाना ललिया में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात में लगभग 2:00 बजे जब उसके पति राम प्रकाश गुप्ता घर के बाहर चौकी पर सोए हुए थे तभी ग्राम जोगिया के रहने वाले जगत राम, नान्हू और राम सुमिरन ने उसके पति राम प्रकाश को गोली मार दी थी। आवाज सुनकर वादिनी और उसकी बेटी बृहस्पता दौड़ कर पहुंची तो तीनों अभियुक्त गण को मौके पर ही देखा। गांव वालों के सहयोग से वह पति को लेकर अस्पताल लेकर गई लेकिन उसका पति बच नहीं सका। दोनों पक्षों को सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने शुक्रवार को तीनों व्यक्तियों को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास तथा 1-1 लाख रूपये के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया। अर्थ दंड में से रुपये 2 लाख मृतक की पत्नी राधा देवी को देने का आदेश भी न्यायालय ने दिया है।



# न्यायालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं का करेंगे विकास : साकेत मिश्रा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** तुलसीपुर कचहरी परिसर में जन सम्पर्क कर अधिवक्ता समाज से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने वोट और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें मौका मिला तो क्षेत्र के विकास के साथ-साथ अधिवक्ताओं के हित के लिए भी हमेशा संघर्षरत रहेंगे। अधिवक्ताओं के लिए न्यायालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं का विकास कराना उनकी प्राथमिकता होगी साथ ही साथ अधिवक्ता हित के लिए सरकार से हर संभव सहायता दिलाई जाएगी।

इस अवसर पर स्थानीय भाजपा विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, संघ के अध्यक्ष कमल नयन तिवारी, पूर्व अध्यक्ष अवधेश कुमार शुक्ला, जसवंत यादव, विनोद कुमार सिंह, सरदार सिंह राधिका प्रसाद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता समाज के लोग उपस्थित रहे।


तुलसीपुर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं से समर्थन मांगते साकेत मिश्रा।

**सक्रियता** जिला निर्वाचन अधिकारी ने ताबड़तोड़ कई मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर लिया जायजा

# बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं मतदान से पूर्व हों व्यवस्थित

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विभिन्न मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों का ताबड़तोड़ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत बनाये गये मतदेय स्थल क्रमशः प्राथमिक विद्यालय अहिराघासी, प्राथमिक विद्यालय खैराकला, प्राथमिक विद्यालय औरैया निधान, गौरी शंकर टंडन नेहरू स्मारक इंटर कालेज, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलकपुर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुविखा का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया तथा मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों पर सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को मतदान से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



प्राथमिक विद्यालय में जायजा लेतीं जिलाधिकारी कृतिका शर्मा। अमृत विचार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टी के आवागमन का रास्ता, फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन/वायरिंग, शौचालय तथा दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प के साथ ही साथ पेयजल, बाउन्ड्रीवाल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी भी मतदान केन्द्र/ मतदेय स्थल पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम, मतदेय स्थल की संख्या व नाम, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम, सम्बन्धित उपजिलाधिकारी का नाम, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम, खण्ड विकास अधिकारी का नाम, सुपर वाइजर का नाम व पद, बीएलओ का नाम व पद, मतदाता पंजीकरण केन्द्र का नाम एवं सम्बन्धित क्षेत्र के थानाध्यक्ष का नाम व नम्बर अंकित नही है तो तत्काल उनका नाम व नम्बर अंकित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने स्कूलों में दी जा रही शिक्षा व्यवस्था की जांच की और अध्यापन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए इसके भी निर्देश संबंधित प्रधानाध्यापक एवं अध्यापकों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी गौरव पुरोहित मौजूद रहे।

# अर्धसैनिक बल के जवानों ने पुलिस के साथ किया मार्च


फ्लैग मार्च करते पुलिस और अर्ध सैनिक बल के जवान। अमृत विचार

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को मटेरा क्षेत्र में पुलिस ने अर्ध सैनिक बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया।

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय की देखरेख में पुलिस ने जवानों के साथ पैदल मार्च किया। थाने के निरीक्षक अपराध अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा एसएसबी कम्पनी कंमाण्डर सत्यनारायण के साथ मटेरा के संवेदनशील बूथ जोकहा, सलारपुर, शंकरपुर चौराहा, झालाकला आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च / एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई की। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया व भयमुक्त होकर मतदान की अपील की गई साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। पैरामिलिट्री फोर्स 725 डी एसएसबी जवान मौजूद रहे।

# नेपाल सीमा पर 72 घंटे आवागमन बंद


भारत-नेपाल सीमा पर जांच करते एसएसबी जवान। अमृत विचार

**शेरसिंह कसौंधन, रूपईडीहा, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान से पूर्व भारत-नेपाल सीमा पर आवागमन बंद कर दिया गया। सीमा पर बंदी 72 घंटे तक जारी रहेगी। 13 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद शाम को पुनः आवागमन बहाल कर दिया जाएगा।

देश में चलने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बहराइच जनपद में भी मतदान होगा। 13 मई को आयोजित मतदान से पूर्व भारत नेपाल सीमा को सुरक्षा की दृष्टि से शुक्रवार शाम पांच बजे से आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा के बंद होने से दोनों देश के नागरिकों का सामान्य आवागमन भी पूरी तरह से बंद हो गया है। अब लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद 13 मई को शाम पांच बजे के बाद से पुनः आवागमन शुरू कर दिया जायेगा। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि सामान्य आवागमन बंद हुआ है। लेकिन दोनों देशों के बीच इमरजेंसी सेवाएं पूर्व की भांति ही संचालित रहेंगी। जिसमें दवा, तेल और खाद्यान्न सामग्री शामिल है।

## पूरी तरह से मुस्तैद हैं जवान



भारत नेपाल सीमा पर आवागमन शाम को पांच बजे से बंद हो गया है। चुनाव से पूर्व और चुनाव के अंतराल में एसएसबी जवान पूरी मुस्तैदी के साथ देश की सुरक्षा में लगे हैं। बिना जांच के किसी को प्रवेश नहीं मिल रहा है। जिले के लोग मतदान अवश्य करें। उनकी सुरक्षा और संरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। -गंगा सिंह उदावत, कमांडेंट

## चुनाव प्रचार की अनुमति के लिए अधिकारी नामित

**बहराइच।** डीएम मोनिका रानी ने बताया कि कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत एक से अधिक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों हेतु चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा, जूलूस, रोड शो, रैली इत्यादि तथा सभी प्रकार के वाहनों की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी बहराइच को नामित किया गया है। डीएम ने बताया कि नामित अधिकारियों द्वारा पहले आओ, पहले पाओ के अधार पर अनुमति जारी की जाएगी। ऑनलाइन माध्यम से इस प्राप्त आवेदनों को दिनांक व समय दर्ज करते हुए प्राप्त किया जाएगा तथा मास्टर रजिस्टर में अंकित कर ऑनलाइन कराने के उपरान्त समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराकर अनुमति निर्गत की जाएगी और डीईओ पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### शांतिपूर्ण चुनाव के लिए काम करें अधिकारी


तहसील में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** तहसील सभागार पयागपुर में कैसरगंज, पयागपुर और सदर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव ड्यूटी में लगे सेक्टर, जोनल और रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक हुई। लोकसभा चुनाव के लिए सभी को दिशा निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रिटर्निंग ऑफिसर ने सेक्टर सहित और जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर योजना बनाई। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि 2024 के लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है, कहीं पर किसी भी प्रकार की अशांति या व्यवधान पैदा न हो। सभी अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी से करें। लोकसभा कैसरगंज और सदर बहराइच लोकसभा में शान्ति पूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हो इस पर विस्तार से योजना बनाई गई। इस अवसर पर दौरान उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार, तहसीलदार, धर्मेंद्र कुमार, सहित, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

### मतदान केंद्र तो बना दिया लेकिन नहीं हटी गंदगी


मतदान केंद्र के निकट जमा गंदगी।

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार।** मतदान केंद्रों की साफ सफाई को लेकर प्रशासन गम्भीर है, लेकिन ग्राम प्रधान इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में कूड़े के ढेर के बीच मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा सख्त आदेश पारित किए गए हैं। लेकिन ग्राम प्रधान और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के चलते विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत चौगोडवा के कस्बा नवाबगंज स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सात बूथ स्थल क्रमश: बूथ संख्या 26, 27 व 28, 29, 30, 31, 32 है जहां पर छोटी पंचायत से लेकर इसी परिसर में गंदगी का साम्राज्य है। मतदान केन्द्र से मिले-जुले परिसर में कूड़े के ढेर से विद्यालय में शिक्षारत बच्चों के साथ ही लोगों को काफी परेशानी हो रही है। प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि मात्र लोकसभा मतदान के समय में दो ही दिन शेष बचे हैं। इसके बावजूद अभी तक साफ सफाई नहीं किया गया है। इस संबंध मे एडीओ पंचायत नवाबगंज ने बताया कि साफ सफाई की टीम गठित कर दी गई है। साफ सफाई का काम चल रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर साफ सफाई हो जाएगी।

### शोभायात्रा के साथ मनाई परशुराम जयंती


ब्राह्मण समाज की ओर से आयोजित सभा को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि।

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के भगवानपुर में परशुराम सेवा संस्थान इकाई परशुराम सेना प्रकोष्ठ के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई गई। शोभा यात्रा निकाली गई। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में शोभायात्रा भगवानपुर चौराहे से रमपुरवा चौकी होते हुए भगवान श्री परशुराम मन्दिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया। जिसमें सनातन ब्राह्मण समाज सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष रामजी बाजपेई, राम करण मिश्र सैलानी, स्वामी विष्णुदेवाचार्य हनुमंत आश्रम नगरौर, शरद चन्द्र मिश्र, लव कुश शुक्ल पवन तिवारी, पुंडरीक पाण्डेय सुधीर मिश्र डा0 राजेश तिवारी, शिव भगवान मिश्र, केदारनाथ अवस्थी, देवेश चंद्र मिश्र, कमलापति अवस्थी, सुन्दर लाल बाजपेई अशोक शुक्ल प्रधानाचार्य आदि तमाम लोगों ने ब्राह्मण समाज के उत्थान को लेकर विचार व्यक्त किया। ।इस दौरान जिलाध्यक्ष भानू पांडेय, चंदभूषण द्विवेदी मण्डल अध्यक्ष, अनुज मिश्र जिला कार्यकारिणी, प्रचारक समेत अन्य मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र के पूरे कुबेर पांडेय का मजरा संबसिन पुरवा निवासी नियाज अहमद (22) का शव संदिग्ध हालत में थाना क्षेत्र के राजी चौराहा महसी मार्ग स्थित धर्मकांटा के पास सडक़ किनारे लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। पास में ही उसकी बाइक पड़ी मिली। मृतक के पिता सिराज अहमद ने बताया कि उसका पुत्र ट्रैक्टर में धान दबाई की मशीन लगाकर गांव गांव जाकर अपना भरण पोषण करता था। बृहस्पतिवार की रात बाइक से साथ काम करने वाले मजदूर मिथलेश को छोडऩे गया था। लगभग एक माह पहले राशन से संबंधित शिकायत के चलते गांव निवासी कुछ लोगों से उसके पुत्र की कहासुनी हुई थी। जिसके चलते उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सरोज का कहना है कि युवक की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है।

### तालाब से बरामद हुआ शव

**बहराइच।** मटेरा थानाक्षेत्र के पडऱीतारा गांव निवासी वीर बहादुर (76) का शव गांव स्थित तालाब में जलकुंभी में उलझा मिला। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजन राहलु त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि मृतक पिछले पचास साल से उन्हीं के घर पर रहकर खेतीबाड़ी का काम देखता था। शादी नहीं हुई थी। 27 अप्रैल की रात घर से निकले थे। घटना के अगले दिन गुदशुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई थी और दोस्तों, रिश्तेदारों परिचितों के यहां उनकी काफी तलाश की थी। अंदेशा जताया कि रात के समय नित्यक्रिया के लिए गए होगें और पैर फिसलने से तालाब में डूबकर उनकी मौत हो गई होगी। शुक्रवार को जब तालाब का पानी कम हुआ तो मछली पकडऩे गए युवकों नें तालाब में लगी जलकुंभी ने उनके शव को उलझा देखा। मौत से परिजनों में मातम है। थानाध्यक्ष परमानन्द तिवारी का कहना है कि बुजुर्ग की मौत तालाब में डूबने से हो गई है। कुछ दिन पहले उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी।

### बांस काटने के दौरान दबंगों ने की मारपीट, तीन घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** फखरपुर क्षेत्र में खेत में लगे बांस काटने के मामले में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के रघ्घुपुरवा गांव निवासी शंकर के खेत में मेढ़ पर बांसकोट लगा है। गुरुवार शाम को बांस काटने पर गांव के ही राधेश्याम से विवाद हुआ था। इसी को लेकर रात में कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान राधेश्याम व उसके साथियो ने लाठी डंडों से हमला कर शंकर की 50 वर्षीय पत्नी ननकई देवी, उसके बेटे 28 वर्षीय बृजेश, 30 वर्षीय प्रमिला देवी पत्नी जग्गू वर्मा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि मारपीट की जानकारी हुई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया जा रहा है।

### दुकान में तोड़फोड़, संचालक को पीटा

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के रायपुर चौराहा स्थित बीसी संचालक को रुपए के लेनदेन के मामले में कुछ लोगों ने मारपीट की, इसके बाद दुकान में तोड़फोड़ की। पुलिस ने दुकान संचालक की तहरीर पर पिता पुत्र समेत तीन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरिया खुर्द निवासी बृजेश कुमार उपाध्याय पुत्र आसाराम उपाध्याय की दुकान रायपुर चौराहा पर स्थित है। जिसमें बृजेश बीसी के साथ कॉमन सर्विस सेंटर का भी संचालन करते हैं। बृजेश ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि दो दिन पूर्व उनके दुकान पर सिरजू सिंह पुत्र अज्ञात आए। रूपये मांगने पर सिरजू ने अपने बेटे अंकित सिंह और दीपक सिंह ने दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने बृजेश की पिटाई की। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि दो दिन पूर्व विवाद हुआ था। दुकान में घुसकर हमला करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### मवेशी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के कुरसंडा गांव निवासी पंकज पुत्र हरिश्चंद्र होटल का संचालन करते हैं। बृहस्पतिवार शाम को वह बाइक से अपनी दुकान जा रहे थे तभी कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर गांव के पास बाइक सवार की मवेशी से टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**खुटेहना, बहराइच, अमृत विचार।** पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकड़ी कला निवासी रिंका देवी (28) पत्नी सोमपाल पासवान ने शुक्रवार सुबह घर में फंदा लगाकर जान देती परिवार के लोगों ने सूचना मायके में दी साथी घटना से पुलिस को अवगत कराया। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हैरो पलटने से बाबा-पोता हुए जख्मी

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा गोपिया निवासी 55 वर्षीय सुकई पुत्र स्वर्गीय मेड़ाई लाल गुरुवार को घर के पास खेत की जुताई कर रहे थे। तभी अचानक हैंरो पलट जाने से 55 वर्षीय बाबा सुकई और 04 वर्षीय पोता राजा पुत्र इतवारी लाल का दाहिना पैर हैंरो की चपेट में आ जाने से जख्मी हो गया है। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले जाकर भर्ती कराया गया है।

# देश से खत्म हो रहा आतंकवाद और नक्सलवाद: मुख्यमंत्री

## सपा और कांग्रेस ने अपराधियों को दिया बढ़ावा


महसी के रमपुरवा गांव में आयोजित सभा को सम्बोधित करते सीएम।


महसी के रमपुरवा गांव में आयोजित जनसभा में मौजूद लोग।

**महसी, बहराइच**

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को महसी तहसील के रमपुरवा बाग में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हमारे देश में पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देने आता है। क्योंकि उसे डर है कि कहीं हमारी सेना एयर स्ट्राइक न कर दे। मोदी सरकार ने पाकिस्तान को पूरी तरह से अपने रास्ते पर ला दिया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में देश काफी पीछे चला गया। इसका उदाहरण है कि 1978 में शुरू हुई विकास परियोजनाओं का काम इस समय नरेंद्र मोदी की सरकार करवा रही है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस ने मिलकर भ्रष्टाचार किया विकास कार्य होने से पहले ही उनका कमीशन मिलना जरूरी था। जिसके चलते विकास कार्य आगे नहीं बढ़ पाता था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार में देश से आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हो रहा है अब देश विकास के रास्ते पर चल रहा है इसको हम सभी और हमारे आने वाली पीढ़ी भी देखेगी। सभी लोग आनंद गौड़ के साथ भाजपा के हाथों को मजबूत करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को यह तय करना चाहिए कि इसके सरकार में विकास हो रहा है। उसको बार-बार अवसर देना चाहिए। सीएम ने कहा कि विकास को बढ़ावा देने वाली, भ्रष्टाचार को खत्म करने वाले और आतंकवाद पर अंकुश करने वाले पार्टी को ही जीत दिलानी चाहिए।

### सीएम बोले- दूसरी बार आप सभी ने बुलाया

भीषण गर्मी के बीच उपस्थित लोगों की भीड़ देखकर मुख्यमंत्री काफी खुश हुए। उन्होंने कहा कि आज तीन दिन में दूसरी बार बहराइच की जनता के बीच आना पड़ा। लेकिन गर्मी में उपस्थित भीड़ बता रही है कि कमल खिलने वाला है।

साढ़े तीन बजे हेलीकाप्टर से पहुंचे मुख्यमंत्री का विधायक सुरेश्वर सिंह, जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे और प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गोंड समेत अन्य ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान सांसद अक्षयवर लाल गोंड, विधायक सभी, जिला प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, हरिश्चंद्र गुप्ता, अरुणेंद्र सिंह अंकित समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मेहनत से लक्ष्य हासिल कर सकते हैं छात्र : गौरव



कैसरगंज में सम्मानित हुए इंटर कॉलेज के छात्र और छात्राएं।

**कैसरगंज, बहराइच**

**अमृत विचार।** सरदार पटेल इंटर कालेज कैसरगंज में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि गौरव वर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप मे्र प्रभात सिंह मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक बादशाह सिंह और संचालन किसान पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डा0 सत्यभूषण सिंह ने किया।

समारोह मे हाईस्कूल की परीक्षा मे विद्यालय मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र हरिकेश व विकास वर्मा को तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र प्रत्युष कुमार शर्मा व अभिषेक वर्मा को विद्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया विद्यालय की 50 अन्य छात्र-छात्राओं को भी उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रबंधक की ओर से प्रतीक चिन्ह देखकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव वर्मा ने कहा कि सतत प्रयास व मेहनत करके ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, इसलिए सभी छात्र-छात्राएं लक्ष्य को निर्धारित करके ही आगे बढ़े। विद्यालय के प्रबंधक बादशाह सिंह ने कहा की विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया है इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वह भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ विद्यालय का नाम रोशन करें बल्कि वह अपने जनपद व प्रदेश में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराये। इस मौके पर शिव सहाय सिंह, शिवानंद सिह, विद्यालय प्रशासक पवन सिंह, पंकज सिंह, प्रधानाचार्य बीपी यादव, प्रवक्ता अनिल पाठक, सुरजीत कुमार गुप्ता, कंचन लता श्रीवास्तव, महेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ शुक्ला, संचित सिंह, अमर श्रीवास्तव, सरिता कसौधन, रवि यादव, हिटलर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# महावीर प्रभु का हुआ महाभिषेक


जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पूजा करते लोग। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार।** जैन धर्म का पवित्र पर्व अक्षय तृतीया शुक्रवार को जैन मंदिर में आचार्य 108 भद्रबाहु सागर महाराज के साथ मनाया गया। जैन समाज के अविनाश जैन ने बताया कि जैन धर्म अक्षय तृतीया का अत्यधिक महत्व है। अक्षय तृतीया के दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान को हस्तिनापुर में छह महीने बाद राजा श्रेयांश के महल में इच्छुक रस द्वारा प्रथम आहार की प्राप्ति हुई थी। उस समय जैन विधि से जैन संत को आहार देने की विधि किसी को पता नहीं थी। जैन ने बताया कि प्रात: छह बजे से तीर्थंकर आदिनाथ प्रभु का महा मस्तकाभिषेक प्रारंभ हुआ। पंचामृत अभिषेक एवं इच्छुक रस से तीर्थंकर प्रभु का अभिषेक एवं महा शांति धारा हुई। सुबह आठ बजे से विश्व शांति की कामना के लिए श्री 1008 भक्तांबर महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मंत्र द्वारा भगवान की पूजा अर्पण किया गया एवं संगीत की धुन पर भक्तों में भक्ति नृत्य द्वारा अपना भाव व्यक्त किया। रात्रि में भजन संध्या एवं भक्ति नृत्य के साथ-साद भक्तांबर महाअर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीव जैन, पिंकू जैन, सौरभ जैन, रितेश जैन, आलोक जैन, अविनाश जैन, प्रकाश चंद्र जैन, कमल चंद्र जैन, पवन जैन, स्वरूप चंद्र जैन, आशीष जैन, डॉक्टर डिंपल जैन, मीनाक्षी जैन, अंजलि जैन, दीपिका जैन, काजल जैन सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** लखनऊ बहराइच मार्ग पर देर रात को पैदल जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच मार्ग पर ग्राम पंचायत अली नगर के पास पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने गुरुवार रात में ठोकर मार दी। जिसके चलते युवक की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी युवक की पहचान नहीं हो सकी। इस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजप्रसाद ने बताया कि सूचना देने वाले अली नगर गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र विश्राम की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। सीसीटीवी के आधार पर वाहन की तलाश की जायेगी।

# मतदान से चूके तो पांच साल पछताएंगे


जागरुकता रैली में शामिल शिक्षक, ग्रामीण और छात्र। अमृत विचार

**बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले के पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकोरा मोड़ के बच्चों ने एकडला, गुड़ीयनपुरवा, कुट्टी, हेमरिया, नयापुरवा, नानहूपुरवा में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।पूर्व माध्यमिक विद्यालय की कला अध्यापिका शमा परवीन ने सभी मतदाताओं से मतदान के दिन बूथों पर पहुंचकर मतदान करने के लिए अपील की। अभिभावकों से मतदाता जागरुकता अभियान के तहत संपर्क किया। छात्रों की तरफ से जागरूकता संबंधित नारे भी लगाए गए। हाथों लोगों को बताया गया कि मतदान न करने पर पांच साल पछताना पड़ेगा। छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी न करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था। मतदाता जागरूकता को लेकर रैली छात्र-छात्राओं में विकास, संगीता, पुष्पा, शन्नो, नियाज़, रोहित, संदीप, कुलदीप, सहित अभिभावक, शिक्षक संग सैकड़ों लोग शामिल रहे।

**अनदेखी** जर्जर सड़क पर जन प्रतिनिधियों के साथ अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# जिम्मेदारों का मौन लोकसभा चुनाव में न पड़ जाए भारी

**दिलीप पांडेय, पयागपुर, बहराइच**


पयागपुर में जर्जर सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान में कुछ ही दिन शेष बचे हैं। सभी पार्टी अपने अपने पक्ष में मतदान को लेकर मतदाताओं को रिझा रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाएं चुनाव से पूरी तरह गायब हैं। सिर्फ नौकरी दिलाने के अलावा किसानों की उपज के साथ हिंदू मुस्लिम का मुद्दा छाया हुआ है। ऐसे में खराब सड़क आम लोगों के लिए समस्या बनी हुई है। कहीं आम लोगों की समस्या लोकसभा चुनाव में भारी न पड़ जाए।

पयागपुर विकास खंड के भूपगंज बाजार से कान्धी कुइयाँ जाने वाला सड़क मार्ग पूरी तरह से बदहाल है। जगह-जगह से टूट चुकी है सड़क पर निकले नुकीले पत्थर और जगह जगह फैली गिट्टियों में फंसकर आये दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है, त्वरित विकास योजना से लगभग 5 वर्ष पूर्व बने 1360 मीटर सड़क मार्ग पर मरम्मत जैसे कोई कार्य नहीं हुए। हालात यह है कि जगह-जगह से यह सड़क लगभग खत्म सी हो गयी है। इन ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग के निर्माण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से कहा गया लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है। प्रत्येक शनिवार को बाबा रामप्रकाश की तपोस्थली पर हजारों भक्त पूजा पाठ व जलाभिषेक करने जाते है। ऐसे में बेहद अहम साबित होने वाला यह मार्ग लोगों के लिए दुर्घटना का सबब बन रहा है।


### जनता की समस्याओं से बनी दूरी


ओमप्रकाश


विष्णु

ग्रामवासी ओमप्रकाश मिश्रा और विष्णु पुजारी का कहना है कि आम आदमी के लिए सड़क, पानी और बिजली की जरूरत है। लेकिन इस समस्या से अलग हटकर चुनाव हो रहा है।


ऋषिकेश


अम्बरीष

ऋषिकेश तिवारी और अम्बरीष तिवारी, पंचदेव बाबा आदि लोगों को कहना है कि वर्षों से बदहाल इस मार्ग पर आए दिन जहाँ राहगीर चोटिल हो रहे है। आम आदमी की समस्या को नजरंदाज करना चुनाव में भारी पड़ सकता है।

## बाइक सवारों ने हमला कर युवक से की 50 हजार की लूट

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के सुखनदिया गांव के पास पेट्रोल पंप से 50 हजार रूपये नकदी लेकर जा रहे युवक को तीन लोगों ने मारपीट कर लूटपाट की। तहरीर पर में सबकुछ लिखा होने के बाद भी भी पुलिस ने मारपीट और शरीर को चोट पहुंचाने का केस दर्ज किया है। रानीपुर थाना क्षेत्र के मुकाम गांव निवासी देवी प्रसाद पुत्र राजित राम अपने पेट्रोल पंप पर पांच अप्रैल को गए थे। इसके बाद उन्होंने 50 हजार रूपये मैनेजर से लिया और घर के लिए चल दिए। थाने में तहरीर देकर देवी प्रसाद का कहना है कि बाइक सवार तीन लोग सुखनदिया गांव के पास स्थित आईटीआई के पास आए। सभी ने देवी प्रसाद को रुकवाकर मारपीट की। धारदार हथियार से भी हमला किया और 50 हजार रूपये नकदी छीनकर फरार हो गए। रानीपुर थाने की पुलिस ने छह मई को केस दर्ज किया, लेकिन उसमें मारपीट और धारदार हथियार के प्रयोग करने का केस दर्ज किया है। जबकि लूट का कोई जिक्र ही नहीं किया है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# उथल-पुथल का दौर

दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यूक्रेन में युद्ध हो रहा है, गाजा में संघर्ष के हालात हैं, लाल सागर और अरब सागर में हमले हो रहे हैं, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में तनाव की स्थिति है, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आतंकवाद है, हमारे सामने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या है। ये सभी घटनाक्रम मिलकर एक जबदरस्त उथल-पुथल की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष दुनिया में कई अहम चुनाव भी होने हैं जिसमें भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संसद का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। इन चुनावों का खासा महत्व रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का यूरोप, यूक्रेन और मध्य-पूर्व के युद्ध पर असर होगा। शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगाह किया कि संघर्षों, सत्ता केंद्रों में बदलाव और तेज होती प्रतिस्पर्धा के कारण इस दशक में दुनिया में बहुत अधिक उथल-पुथल होगी। विदेशमंत्री ने कहा कि ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता विवेकपूर्ण तरीके से चुनाव करें ताकि भारत में एक मजबूत, स्थिर और परिपक्व नेतृत्व कायम रहे।

गौरतलब है कि देश में लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरणों का मतदान पूरा हो चुका है और मतदान के चार चरण अभी बाकी हैं। रूस की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखरोवा ने बुधवार को कहा था कि अमेरिका भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी कर रहा है। इस पर अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वे भारतीय चुनावों में दखल नहीं दे रहे हैं। चुनाव का नतीजा वहां की जनता खुद तय करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव प्रचार भाषणों में कहा है कि दुनिया में कई लोग नहीं चाहते कि भारत में स्थिर सरकार हो। पीएम मोदी के इस बयान को कहीं न कहीं अमेरिका की उस रिपोर्ट पर निशाना भी माना गया जिसमें मानवाधिकार, भ्रष्टाचार के आरोपी विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के साथ सीएए समेत कई मुद्दों का जिक्र था। इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की गई थी। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की तरफ से भी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। कुछ दिनों पहले माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया था कि चीन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिये भारत के चुनावों में हस्तक्षेप करने में लगा हुआ है। वास्तव में उथल-पुथल के बीच आज भारत का ताकतवर होना बेहद जरूरी है। महत्वपूर्ण है कि देश सभी चुनौतियों से पार पा लेगा। इसी के चलते दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत वैश्विक आशाओं का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है।

# खेल नहीं खेल-खेल में शिक्षा का विचार



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं।



यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

यह ऐसा सबक था जिसे बच्चे हमेशा याद रखेंगे। शिक्षक कक्षा में पहुंचे तो उनके हाथ में रोज की तरह थैला था। थैले से चाक निकालकर फर्श पर एक बड़ा सा गोला खींचा और बच्चों को उसके चारो ओर खड़ाकर हाव-भाव से कविता प्रस्तुत की। उसके बाद थैले में से प्लास्टिक के कुछ पशु-पक्षी निकाले और बच्चों से उनके बारे में बात करना शुरू किया। नाम, रंग, कहां पाए जाते हैं, क्या खाते हैं, कैसे चलते-बोलते हैं, कौन से पालतू हैं जैसी कितनी ही बातें। बच्चे अपने परिवेशीय अनुभवों के आधार पर उनके बारे में जानकारियां दे रहे थे।

इस बातचीत के दौरान बच्चे जहां एक दूसरे की सही बात का समर्थन कर रहे थे वहीं गलत जानकारी को करेक्ट भी कर रहे थे। शिक्षक ने बातचीत के ही दौरान बच्चों के समूह बनाकर उन पशु-पक्षियों में जलचर, थलचर और नभचर का वर्गीकरण कराया तथा छोटे समूहों में कहानी निर्माण कराते हुए उस पर चित्र बनवाया। बीच-बीच में मौखिक व लिखित रूप से आकलन करते हुए नई जानकारियां दी। बच्चे इस कक्षा में न केवल रुचिपूर्वक संलग्न थे, बल्कि व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए नए ज्ञान की रचना भी कर रहे थे। बच्चे हों अथवा बड़े 'खेल' सभी को आकर्षित करते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि खेलों में चुनौती, आनंद, प्रतिस्पर्धा, स्वानुशासन, जीत का जज्बा जैसे कुछ खास गुण होते हैं, जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। यही कारण है कि शिक्षा को आनंददायी बनाने तथा विद्यालयों को 'प्लेस ऑफ जॉय' बनाने की जरूरत हमेशा से अनुभव की जाती रही है।

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं। फ्रोबेल का दृढ़ मत था कि उपयुक्त और अनुकूल वातावरण मिलने पर बालक का सर्वांगीण विकास होता है। अपने विचार को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने 'किंडर गार्टन' की स्थापना की जिसका अर्थ ही होता है 'बच्चों का बगीचा'।

खबर है कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, कक्षानुरूप बुनियादी दक्षताओं का विकास करने तथा कक्षाओं को रुचिकर बनाने के लिए बच्चों के स्थानीय खेलों को भी कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं का अंग बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे विद्यालयीय संस्कृति में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। अगर पिछले कुछ दशकों पर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि खेलों को उनके विशेष गुणों के साथ विद्यालयों में लाने का कॉन्सेप्ट कोई नया नहीं है, बल्कि समय-समय पर शिक्षाविदों ने शिक्षा में खेल के गुणों की अनिवार्यता और अपरिहार्यता को स्वीकार किया है। वर्तमान में अगर बच्चों के परिवेशीय खेलों को कक्षा शिक्षण में शामिल करने की बात की जा रही है तो यह भी उसी विचार की पुनरावृत्ति है। ऐसा क्यों, इस पर विचार करते हैं।

हम अपने बचपन में खेले गए किसी भी खेल को याद करें। उस खेल से जुड़े तमाम वाकये आज भी हमारे मानस पटल पर अंकित होंगे। अगर गहराई से विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस खेल में ऐसी कई संक्रियाएं, संबोध, दक्षताएं व कौशल थे, जो हमारे विद्यालयी पाठ्यक्रम का हिस्सा थे और जिन्हें कोई भी बच्चा हंसते- खेलते अर्जित कर लेता था। खेल के गुणों में रोचकता, सभी की सहभागिता, स्वानुशासन, स्वआकलन, प्रतिस्पर्धा, आत्मनियंत्रण, नवीनतम, लचीलापन, निर्णय लेना जैसे तमाम गुण होते हैं, जो इनको रुचिकर बनाते हैं। अगर यह गुण सीखने-सिखाने के तरीकों में शामिल किए जाते हैं तो निश्चित ही इन तरीकों में बच्चों की रुचि बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले तथा तकनीकी दौर में लगभग लुप्त होते जा रहे इन खेलों के शिक्षा में आने से कक्षाओं का माहौल रोचक बनेगा और सीखने-सिखाने के अनुभवों में विविधता आएगी।

सवाल है कि यह संभव कैसे हो? दरअसल शिक्षा में खेल शामिल करने के विचार में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है खेल के गुणों को शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में शामिल करना। विगत दशकों में शिक्षा को रुचिकर व आनंददायी बनाने के लिए जो भी विचार आए उन्होंने परंपरागत शिक्षण अधिगम प्रणालियों के स्थान पर बच्चों की रुचि, सहभागिता और क्रिएटिव इन्वॉल्वमेंट पर प्रमुखता से फोकस किया, लेकिन यह विचार एक लंबे समय तक कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं का हिस्सा नहीं बन पाए, क्योंकि इनमें कदाचित 'रुचि, आनंद के साथ सृजनात्मक गतिशीलता एवं 'स्वयं ज्ञान की रचना' जैसे तत्वों का समुचित समावेश न था। दूसरे शब्दों में कहें तो इसमें विद्यालयीय परिस्थितियों में अनुकूल और संभव योजनाओं पर गहराई से काम नहीं किया गया। नतीजा यह रहा कि अधिकांश कक्षाएं इस विचार को ठोस नतीजों तक नहीं ले जा पाईं।

सीखना किसी ज्ञात या अज्ञात अनुभव और उससे जुड़ी तमाम जिज्ञासाओं से प्रारंभ होता है। जिज्ञासाओं के समाधान के लिए हम अपने आसपास मौजूद परिवेश और उपलब्ध ज्ञान स्रोतों/संदर्भों की मदद लेते हैं। उपलब्ध समाधान का विभिन्न स्रोतों से मिलान करते हैं और विश्लेषण करते हैं। विश्लेषण की यह प्रवृत्ति प्राप्त जानकारियों को विविध परिस्थितियों में जांचने-परखने तथा वैध पुष्टि द्वारा निष्कर्ष अथवा ज्ञान की रचना तक ले जाती है।

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

## प्रसंगवश

# कमजोर और मजबूत आदमी

वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्राय: मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यहां कमजोर और मजबूत का संबंध शारीरिक शक्ति से नहीं है। कमजोरी वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से, यानी नीयत और नैतिकबोध में कमजोर बनाती है। मजबूती वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से ठोस एवं एकरूप तथा व्यवहार में विश्वसनीय बनाती है।

संसार परिवर्तनशील है। ठीक, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। यावत्चन्द्रदिवाकरौ। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क- यह था, है और रहेगा। एक अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह। बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानि उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पासटाइम होता है।

दो-बुरा आदमी कभी बुरा करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है (जब कि दूसरों की गलती को वह उनका दोष माने रहता है)। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, उसके होशोहवास गुम हो गए थे, वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा। अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं फिरता। व्याख्या वही करता है, जो जानबूझ कर किए रहता है। उसे डर लगा रहता है कि जो सच में हुआ, कहीं लोग उस पर भरोसा न कर बैठें।

तीन-बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है तो उसके सामने, अकेले में, कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है।

चार-बुरा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे स्नेह या मोह हो गया है तो वह उसका फायदा उठाने के लिए प्रवृत्त हो जाता है। अच्छा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे मोह हो गया है, वह उस पर अतिशय विश्वास करने लगा है तो निश्चय कर लेता है कि इसकी वजह से उसका कोई नुक्सान न होने पाए। तब वह अपने फायदे के बजाय उसी के फायदे की बात सोचने लग जाता है।

पांच-बुरा आदमी शराब पीकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी शराब पीकर और अच्छा बन जाता है (वैसे तो उसे अपनी औकात पता रहती है, किंतु कभी अतिरेक हो भी गया तो वह अपने शरीर का नुकसान भले कर ले, किसी अन्य का नुकसान कतई नहीं करता।) प्राचीन काल में राज्याधिकारियों की नियुक्ति में आदमी को पहचानने का एक टेस्ट यह भी था (कौटिल्य का अर्थशास्त्र)।

बुरा आदमी संपत्ति पाकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी संपत्ति पाकर और अच्छा बन जाता है। बुरा आदमी शिक्षा पाकर और बुरा हो जाता है, अच्छा आदमी शिक्षा पाकर और अच्छा हो जाता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

# सेवानिवृत्ति पश्चात वेतन वृद्धि का लाभ



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है।

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार पहली जुलाई या पहली जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। यही अगला दिन सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन में आता नहीं है और वे स्वयं या पत्नी/ पति पेंशन में आजीवन अपूर्णीय आर्थिक नुकसान उठाते हैं। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती है, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता है।

कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने इस समस्या को समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा, लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। मामला उच्च न्यायालय से होते हुए उच्चतम न्यायालय की दहलीज तक पहुंच चुका है। अदालत ने विभिन निर्णयों में स्पष्ट कहा कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। विषय का अंधेरा पहलू (डार्क साइड) यह है कि एक तो खुशी-खुशी नियोक्ता यह सुविधा सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वयं से दे नहीं रहे हैं और केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) या उच्च न्यायालय का आदेश आने पर उसे सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमेंबाजी में घसीटते हैं। शीर्ष न्यायालय का निर्णय सिद्धांतगत होते हुए भी, उसका लाभ केवल याची को ही देते हैं।

अभी हाल में इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर आयुक्त, नगर निगम मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने वेतन वृद्धि के एक दिन पहले 30 जून 2019 को सेवानिवृत्त हुए नगर निगम के कर्मचारी श्रीपाल को वेतन वृद्धि का लाभ न्यायालय के निर्देश पर नहीं दिया था।

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है। उनकी इस तरह की धारणा और कार्रवाई के तरीके को दृढ़ता से हतोत्साहित और समाप्त किया जाना चाहिए। इससे पहले यह विषय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की कई अन्य याचिकाओं में कार्मिकों के पक्ष में निर्णीत हो चुका है। भारत संघ व अन्य बनाम शिव बालक व अन्य (रिट ए संख्या-14527/2022, निर्णय तिथि 15.12.2022) मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भारत संघ की याचिका को खारिज करते हुए अभिनिर्धारित किया कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी पहली जुलाई को देय वेतन वृद्धि के हकदार हैं। इसी तरह का मत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने योगेंद्र सिंह भदोरिया बनाम मध्य प्रदेश राज्य, उड़ीसा हाईकोर्ट ने अरुण कुमार बिस्वाल बनाम उड़ीसा राज्य और गुजरात हाईकोर्ट ने गुजरात राज्य बनाम तखतसिंह सोनगरा मामले में स्थिर किया।

दिल्ली व बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस विषय पर कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिए हैं। उत्तर प्रदेश में इस तरह के मामलों की भरमार है। कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का सिलसिला जारी है। अंततः कानूनी लड़ाई नियोक्ता हार रहा है। फिर भी राज्य सरकार एक आदर्श नियोक्ता के रूप आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप नियम नहीं बना रही है।

उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ राज्य ने अगस्त 2023 में ही शासनादेश निर्गतकर सेवानिवृत्त तिथि को वेतनवृद्धि की अहर्ता प्राप्त, लेकिन अगली तिथि को सेवा में न रहने के कारण इससे वंचित कार्मिको को काल्पनिक वेतनवृद्धि (नेशनल इन्क्रीमेंट) की सुविधा प्रदान कर दी है, लेकिन उत्तर प्रदेश का वित्त व विधि विभाग इस विषय पर न्यायालयों के उत्तर की अनदेखी कर अपनों से मुकदमेबाजी में लगा है।

## सोशल फोरम

# हमदर्द बनकर उभरे कैफी



हफीज किदवई
लेखक

वह जब बोलते, तो जिस्म वैसी ही हरकत करता। जिस्म जैसी हरकत करता, दिमाग वैसी ही हलचल करता, दिमाग जो हलचल करता, वह ही लफ्ज बनकर जुबान पर फूटते, यानि एक ऐसी शख्सियत जिसकी कथनी और करनी एक थी, जो वह कहते थे, वह करके दिखाते थे।

ताउम्र सांप्रदायिकता के खिलाफ रहे, तो उसके समर्थन की एक भी गंदी छींट अपने दामन पर नहीं लगने दी। दुनिया ने उन्हें एक शायर माना, वह लोगों के हमदर्द बनकर उभरे। दुनिया ने उनमें रदीफ काफिया को बुनते देखा, तो उन्होंने एक से एक संगठन बुन डाले। इप्टा हो या पीडब्ल्यूए इनके बिना उसका इतिहास मुकम्मल ही नहीं हो सकता। इस सबके बीच अपने परिवार को बेइंतहा मोहब्बत और उनकी हर ख्वाहिश पर जान छिड़क कर एक करने का हुनर उनमें ही था, जो बहुत कम उमरी से कलम थामकर निकला हो और जब मुल्क को जरूरत हो तो अपना सब कुछ झोंककर उसे संवारने में जुट जाए। वह हैं अतहर हुसैन रिजवी यानी कैफी आजमी। मुंबई की शोहरत, आराम और चमक-दमक छोड़ वह मिजवा आ गए। सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट-काट सड़कें, स्कूल, रेलवे, अस्पताल, परिवहन, सबकी व्यवस्था करवाई। जब लड़कियों का स्कूल खोला तो गांव वालों का विरोध भी झेला मगर जीवट आत्मा ने स्कूल खोलकर लड़कियों को पढ़वा कर दिखाया।

आज भी मिजवा की लड़कियां फैशन शो कर रही लंदन में, किसने सोचा था यह भला। शबाना आजमी अपने पिता की इस अजीम विरासत को आसमान तक ऊंचा ले गईं। मुंबई से मिजवा का सफर पढ़ने वाला है और यह देखने का भी की, अगर आपने तय कर लिया है। अपनी मिट्टी की खुशबू को सात समंदर पार ले जाने का तो कोई रोक भी नहीं सकता। कैफी आजमी मेरी जिंदगी में यह एक ऐसी शख्सियत बनकर शामिल हुए, जिन्होंने हमें बर्दाश्त करना सिखाया और सच कहने से पीछे न हटना भी बतलाया। **-फेसबुक वॉल से**

# कठिन दौर से गुजर रही है नैनीताल की झील



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है।

एक नजर में देशी-विदेशी सैलानियों का मन मोह लेने वाली नैनीताल की खूबसूरत प्राकृतिक झील के जल स्तर में गर्मियां शुरू होते ही भारी गिरावट आ गई है। नैनी झील का जल स्तर करीब डेढ़ फिट के आसपास पहुंच गया है। जल स्तर में गिरावट का यह सिलसिला निरंतर जारी है। प्रतिदिन करीब पौन इंच झील के जल स्तर में गिरावट आ रही है। पर्यटक सीजन शुरू होने से पहले झील के जल स्तर में आई और आ रही इस गिरावट से तालाब के किनारों में डेल्टा उभर आए हैं, जो झील के प्राकृतिक सौंदर्य में बदनुमा दाग से दिख रहे हैं। साथ ही नैनीताल नगर की पेयजलापूर्ति और यहां के पर्यटन उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है।

नैनी झील नैनीताल का प्राण है। इस झील की कुदरती बनावट में ही इसकी असल खूबसूरती छिपी है। झील ही यहां के लोगों को रोजी-रोटी, भोजन-पानी, पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है, रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। इस झील से नैनीताल ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के निवासियों को पीने का पानी और रोजगार मिलता है। नैनीताल का अस्तित्व झील पर ही टिका हुआ है। यहां की हरेक सांस झील के बूते ही चलती है। यहां के जीवन का संपूर्ण तानाबाना झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। बावजूद इसके पिछले तीन-चार दशकों में सबसे अधिक उपेक्षा इसी झील की हुई है।

नैनीताल नगर समेत आसपास के कई गांवों के वाशिंदे पीने के पानी के लिए इसी झील पर आश्रित हैं। यहां की स्थायी आबादी के साथ पर्यटकों की आमद भी साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। इसी अनुपात में पीने के पानी की मांग भी बढ़ रही है। वर्तमान में नैनीताल नगर में 7108 घरेलू और 988 गैर घरेलू, कुल मिलाकर 8096 जल संयोजन हैं। यहां गर्मियों के दिनों में 22 से 25 एमएलडी और जाड़ों के दिनों में करीब 15 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। पानी की संपूर्ण आपूर्ति झील पर निर्भर है। झील के जल स्तर के मद्देनजर उत्तराखंड जल संस्थान ने नगर में सिर्फ आठ एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। जल संस्थान ने पूर्व से चली आ रही चौबीस घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। अब सुबह और शाम को डेढ़ से दो घंटे की जलापूर्ति की जा रही है। जल संस्थान ने नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए झील के किनारे दस ट्यूबवेल लगाए हैं। एक ट्यूबवेल पंप हाउस और चार ट्यूबवेल सूखाताल में लगे हैं।

मांग के सापेक्ष एक तिहाई पेयजलापूर्ति के बावजूद नैनी झील का जल स्तर निरंतर घटता जा रहा है। बरसात के मौसम में औसत से कम वर्षा होना और नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में कंक्रीट के जंगल का विस्तार इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है। नैनीताल की झील का अधिकांश जल संग्रहण क्षेत्र कंक्रीट के जंगल से पट गया है। बरसात का पानी सोख कर झील को पानी देने के लिए अब खाली जमीन नहीं के बराबर बची हुई है। पहले वाहन चालित सड़कों को छोड़कर बाकी सभी सड़क-रास्ते कच्चे थे, ये बरसात का पानी सोखने का काम करते थे। अब नगर के सभी सड़क-रास्ते पक्के बन गए हैं। झील की तलहटी में मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट भर जाने से तालाब के भीतर मौजूद प्राकृतिक जल स्रोत बंद हो गए हैं। झील की जल संग्रहण क्षमता भी घटी है।

एक दौर में नैनीताल में सैकड़ों प्राकृतिक जल स्रोत थे। अब अधिकांश जल स्रोत सूख गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 1950 से पहले नैनीताल में 230 प्राकृतिक जल स्रोत थे। 1994 तक इनकी संख्या घटकर सिर्फ तीस रह गई थी। वर्तमान में नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में बमुश्किल दर्जन भर प्राकृतिक जल स्रोत जिंदा हैं। इनमें से ज्यादातर जल स्रोतों में बरसात के मौसम में ही पानी टपकता है। नैनी झील का सबसे महत्वपूर्ण जल संग्रहण क्षेत्र सूखाताल था। कालांतर में इस क्षेत्र में भी कंक्रीट का जंगल उग आया है। सूखाताल की इस बरसाती झील के बाकी हिस्से को भी आधुनिक युग के योजनाकारों ने सीमेंट से पाट दिया है।

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है। बरसात में जितना पानी बरसता है, उसका अधिकांश हिस्सा नालों के द्वारा तेज रफ्तार से सीधे तालाब में पहुंचता है। पानी के साथ बहकर आया मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट झील के गर्भ में समा जाता है। झील के भर जाने के बाद अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती है। इस सबके चलते मानकों के मुताबिक झील के जल स्तर को कायम रख पाना साल-दर-साल मुश्किल होता चला जा रहा है। गर्मी शुरू होते ही नैनीताल का विशाल ताल, तलैया बन जाता है।

# उत्तराखंड में लागू है लैंड जिहाद, धर्म परिवर्तन और दंगा विरोधी कानून

## पुष्कर धामी बोले- समान नागरिकता का देश चाहिए या शरीयत कानून का

संतकबीरनगर,श्रावस्ती



**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के नमो युवा सम्मेलन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने विकसित भारत का संकल्प दोहराया। कहा कि हमारा उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां समान नागरिकता विधेयक लागू हुआ है, आज वहां लैंड जिहाद, धर्म परिवर्तन, दंगा निरोधी कानून लागू है। आपको फैसला करना है कि आपको पूरे देश मे समान नागरिकता चाहिए कि शरीयत, सनातन संस्कृति का सम्मान चाहिए या तुष्टिकरण की राजनीति। क्योंकि कांग्रेस तो कर्नाटक में मुस्लिमों को ओबीसी बनाकर पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डाल रही है।

इकौना स्थित जगतजीत इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री कहा कि सभी युवा अपनी शक्ति को पहचाने क्योंकि पूरे विश्व मे कोई भी बड़ा परिवर्तन हुआ है उसमें युवाओं की भूमिका अवश्य रही है। उन्होंने कहा लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा जीत तो रहे ही हैं लेकिन जीत के अंतर को बड़ा करना आपकी ज़िम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में जब से देश की बागडोर आया तब धारा 370 को समाप्त करना, तीन तलाक को समाप्त करने का कार्य किया है। उन्होने भव्य राम मन्दिर का निर्माण जैसे बड़े कार्य किये हैं। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीमारू कहे जाने वाले उत्तरप्रदेश को डबल इंजन की सरकार से उत्तम प्रदेश बनाने का कार्य किया है। यह चुनाव सिर्फ एक सांसद बनाने का चुनाव नही बल्कि देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प का चुनाव है, उत्तरप्रदेश में सपा राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में जाने वालों को पार्टी छोडने पर मजबूर कर रही है, कोई सनातन को डेंगू, मलेरिया और कोई कोरोना जैसी बीमारी से तुलना कर रहा है इन्हीं सपाइयों ने राम चरित मानस को सड़क पर जलाने का कार्य किया। यह सिर्फ अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# जुमे की नमाज के दौरान किन्नरों के बीच खूनी संघर्ष, 4 घायल

बहराइच

**विवाद**

▸▸ **मस्जिद में नमाज पढ़ने के दौरान एक गुट के किन्नर गुरू व कार चालक से हुई मारपीट**

**अमृत विचार।** जिले मुकेरिया गांव में शुक्रवार दोपहर में जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के बगल में खड़े किन्नरों के गुट पर दूसरे किन्नरों के हमलावर गुट ने लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। जिसमे चार किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

नेपाल के हाजी विस्मिल्ला शाह उर्फ गुड़िया किन्नर अपने अखाड़े के किन्नरों के साथ शहर स्थित दरगाह आ रहे थे। रिसिया थाने के मुकेरिया गांव में वह जुमे की नमाज को चालक के साथ गए। वह दोनो नमाज पढ़ रहे थे। जबकि मस्जिद के बाहर बगल मे दरगाह थाने के बख्शीपुरा निवासी किन्नर हसीना उर्फ मुस्कान, नगीना, सना खां, आरती बाहर खड़े उनका इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान दो वाहन पर सवार होकर किन्नरों का दूसरा गुट पहुंचा। जब तक वह कुछ समझ पाए। हमलावरों ने हसीना मुस्कान सहित चारो पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हसीना का हमले में कान फट गया है। वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश है। चारों घायलों को थाने लाया गया। थानाध्यक्ष वीवीआईपी डयूटी पर गए थे। पुलिस ने न तो केस दर्ज किया। न ही मेडिकल कराया। घायलों को शहर लाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी।

# सूखी नहर किसानों की बढ़ा रही है परेशानी

सांथा, संतकबीरनगर



सांथा में पानी के अभाव में सूखी नहर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सांथा विकास खंड क्षेत्र में आने वाली सरयू नहर में पानी न आने के कारण सब्जी की खेती करने के लिए परेशानी बढ़ रही है।

किसान मजबूरी में प्रभावित हो कर निजी संसाधनों का किसी तरह से इंतजाम कर अपनी जरूरत पूरी कर रहे हैं। आपको बताते चलें कि इन दिनों भीषण गर्मी व लू का मौसम चल रहा है। जिससे पशु बकरी, नीलगाय समेत अन्य जानवरों को पानी पीने के लिए मुसीबत और का सामना करना पड़ रहा है। एक एक बूंद पानी के लिए हलक सूख रही है।

जिससे किसानों का लंबा वक्त के साथ बजट भी बढा रहा है। सांथा ब्लॉक में आने गांव धोबहा अमथरी पसाईं खजुरी बजही राजेडिहा लेदवा श्रीपाल समेत विभिन्न गांवों के स्थानीय लोगों के लिए सरयू की सूखी नहर किसानों की सब्जी की खेती को लेकर शुरुआत होती है।

अक्सर सूख जाती है जिस पर सरकार का कोई ठोस कदम न उठाने के कारण गले की मुसीबत बन कर खडी हो जाती है। किसान शुपाल मारूफ अहमद अफजल राम सुभग शफीक राममूरत समेत अन्य लोगों ने बताया कि काफी समस्या हो रही है। अगर इसी तरह से गर्मी का मौसम रहा तो पशुओं के लिए मुसीबत बन सकती है तथा सब्जी के खेती के लिए सूखी सरयू नहर निजी संसाधनों पर भरोसा करना पड़ सकता है। सभी ने सरयू नहर में पानी छोड़ने केलिए माग की है।

# निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करें सभी प्रत्याशी

**संतकबीरनगर,अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जनक प्रसाद पाठक, पुलिस प्रेक्षक रमेश चन्द्र छाजटा, ब्यय प्रेक्षक ब्रजेश किशोर सिंह, रिटर्निंग आफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तवंर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की उपस्थिति में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं और निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में लोकसभा प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श विषयक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में प्रेक्षक गणों ने उपस्थित प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त करते हुए संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग की मंशा और दिशा-निर्देशों के अनुसार एमसीसी का अनुपालन, निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा सहित सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निर्वाचन प्रकिया से सम्बन्धित किसी भी शिकायत अथवा समस्या का अविलम्ब निस्तारण कराने को लेकर आश्वस्त किया।

# खुलेआम घूस लेते बीएसए कार्यालय के बाबू को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

**संतकबीरनगर,अमृत विचार।** वेतन विसंगति ठीक करने के नाम पर अध्यापक से रिश्वत लेते बीएसए आफिस के बाबू सरतेंदु को एंटी करप्शन ने 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

नाथनगर ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नैनाझाला में नियुक्त अध्यापक कृष्णचंद की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लेखा अनुभाग में तैनात बाबू सरतेंदु को एंटी करप्शन टीम के द्वारा ५० हजार नगद रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बाबू को टीम ने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को सौंप दिया है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा कायम करने की कार्रवाई जारी थी।

## सार-संक्षेप

### तहसीलदार ने किया बीज भंडार का उद्घाटन



बीज भण्डार का उद्घाटन करते तहसीलदार योगेन्द्र पाण्डेय।

**धनघटा, संतकबीरनगर।** नाथनगर विकास खंड क्षेत्र के जयराम पट्टी चौराहे पर तहसीलदार योगेन्द्र पाण्डेय ने उत्कर्ष बीज भंडार का उद्घाटन किया। ग्राम बरौली निवासी और उत्कर्ष बीज भण्डार के प्रोपराइटर संदीप चतुर्वेदी ने किसानों को उन्नतशील बीज कीटनाशक जैविक खाद सहित अन्य कृषि मे प्रयोग होने वाले सामग्रियों का उचित रेट का भरोसा दिलाया। इस दौरान विंध्यवासिनी चतुर्वेदी, गोलू चतुर्वेदी, अश्विनी चतुर्वेदी, केसरी नंदन, रामानुज, राजू गौड़, सिकंदर गौड़, सुमित, अरुंण, देवेंद्र, शिवम और विशाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बैठक को सफल बनाने को बनाई गई रणनीति



अनुसूचित मोर्चा बैठक की रणनीति तैयार करते भाजपा नेता नीलमणि।

**धनघटा, संतकबीरनगर अमृत विचार।** शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पर एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें अनुसूचित मोर्चे के कार्यक्रम को लेकर बृहद रूप से चर्चा की गई। उसे सफल बनाने के उद्देश्य से लोगों को जिम्मेदारियां दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि ने लोगों से कहा कि अब समय नजदीक आ गया है कि हम लोगों को जी जान से मेहनत कर भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद को जिताने के लिए लग जाने की जरूरत है। जिससे तीसरी बार केंद्र में मोदी की सरकार बनाने में हम लोगों का भी योगदान साबित हो। जिसके लिए मेहनत और कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता है।

### 198 अतिरिक्त पुलिस कर्मियों का जत्था रवाना

**संतकबीरनगर अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के चतुर्थ चरण के मतदान ड्यूटी के लिए शुक्रवार को जिले से 198 पुलिस कर्मियों का जत्था हरदोई जिले के लिए रवाना हुआ। जत्थे में 12 उप निरीक्षक और 186 वरिष्ठ आरक्षी और आरक्षी शामिल हैं। रोडवेज की बसों से रवाना हो रहे पुलिस कर्मियों को अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस बल को निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान समर्पित करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व जिले से प्रथम चरण की मतदान ड्यूटी के लिए बीते 16 अप्रैल को 16 उपनिरीक्षक, 210 मुख्य आरक्षी और आरक्षी रवाना हुए थे। द्वितीय चरण की मतदान ड्यूटी के लिए 20 अप्रैल को अतिरिक्त 26 मुख्य आरक्षियों व आरक्षियों को और 1 मई को तृतीय चरण का चुनाव कराने के लिए अतिरिक्त 6 उपनिरीक्षकों, 106 मुख्य आरक्षियों व आरक्षी को रवाना किया जा चुका है। शुक्रवार को चतुर्थ चरण का चुनाव कराने के लिए अतिरिक्त 12 उपनिरीक्षकों, 186 मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को रवाना किया गया।



## एक नजर

### पटरी दुकानदारों को बांटा गया प्रसाद

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर कथावाचक पंडित कृष्णकांत ने गुमटी पटरी के दुकानदारों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए फ्रूटी, प्रसाद व शीतल पेय देकर प्यास बुझाई। श्री मालवीय ने कहा सही पुण्य का कार्य गरीबो व जरूरतमंदों लोगों की मदद करना है। ईश्वर हर जगह मौजूद है बस पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया सतयुग त्रेता युग की शुरुआत इसी दिन हुई इसके अलावा वैशाख शुक्ल की तृतीया को परशुराम जयंती मनाई जाती है।

### दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम एप से मिलेगी जानकारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रभारी दिव्यांग मतदाता मुदित श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्यांगों के लिए सक्षम ऐप विकसित किया गया है। उन्होंने सभी दिव्यांग मतदाताओं से अपील की है कि सभी अपने मोबाइल पर सक्षम ऐप डाउनलोड कर लें। इस ऐप के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को लोकसभा चुनाव की जानकारी करने में मदद मिलेगी।

### भूमि विवाद में हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भूमि विवाद में मारपीट का मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया है। राम अचल मौर्या निवासी दखिनवारा का पट्टीदार कृष्ण कुमार से भूमि विवाद है। शुक्रवार सुबह दोनों पक्षों में विवाद को लेकर मारपीट हो गई। राम अचल का आरोप है की पट्टीदार कृष्ण कुमार, मनीष, अवधेश एकजुट होकर लाठी डंडों से हमला किया। इसमें राम अचल का सर फट गया। थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## आठ बने व 15 अर्द्धनिर्मित तमंचे बरामद, खाली पड़े घर में चल रही थी फैक्ट्री, दोनों को भेजा गया जेल

कादीपुर, सुलतानपुर





मामले का खुलासा करते एएसपी अरुण चंद्र। बरामद किया गया अवैध असलहों का जखीरा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** खाली पड़े मकान को दो लोगों ने अवैध असलहे की फैक्ट्री बना डाली। पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को हिरासत में लेते हुए अवैध असलहों का जखीरा बरामद किया है। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ़ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया। जहां से उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

करौंदीकला थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह हमराहियों के साथ गुरुवार की देर रात हिंदुआबाद मोड कस्बा करौंदीकला में थे। इसी बीच स्वाट टीम प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार वर्मा भी करौंदीकला पहुंच गए। थाना प्रभारी व स्वाट प्रभारी अपराध व अपराधियों पर चर्चा कर रहे थे कि तभी सूचना मिली कि खाली पड़े मकान में अवैध असलहे की फैक्ट्री संचालित है। पुलिस व स्वाट टीम थाना क्षेत्र के शोधनपुर लोहार टोलिया पहुंच कर खाली पड़े घर को घेर लिया। पुलिस टीम अंदर गई। घर के अंदर दो लोग असलहे के साथ मिले तो पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्तों में से एक ने अपना नाम मो. मुस्तकीम निवासी पैगापुर थाना कोतवाली नगर तो दूसरे ने शेख मोहम्मद अली उर्फ विक्की निवासी हसनपुर थाना बंधुआकला जिला सुलतानपुर बताया। तलाशी के दौरान पुलिस को घर के अंदर से आठ बने हुए, 15 अर्धनिर्मित असलहे बरामद हुए। साथ ही पुलिस को अवैध असलहे बनाने के उपकरण व असलहे का सामान बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि घर किराए पर लेकर अवैध असलहे का निर्माण करते थे। जहां के हम हैं वहां के सभी लोग हम लोगों को जान गए थे, इसलिए घर से करीब 70 किमी दूर यहां काम करते थे। पकड़े गए अभियुक्तों को थाने लाकर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। शुक्रवार को अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया, जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने प्रेस वार्ता कर बताया कि शेख मोहम्मद अली उर्फ विक्की पहले प्रयागराज के मद्रास गन हाउस में मिस्त्री था। असलहा बनाने का वही कार्य करता था, दूसरा उसका सहयोगी था।

# अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, मौके पर मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्थानीय थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुप्तारगंज के पास अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गुरुवार की रात लगभग 11 बजे गुप्तारगंज निवासी आलोक कसौधन उर्फ विक्की (22) पुत्र आनंद कसौधन की बाजार में ही किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जब तक लोग पहुंचकर उसे अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची कूरेभार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस बाबत कूरेभार थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया मृतक युवक के चाचा अनूप कसौधन की ओर से तहरीर मिली है। वाहन की तलाश की जा रही है।

### जलपान की दुकान करता था आलोक

मृतक आलोक जलपान की दुकान कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। मां-बाप, दो भाई है। परिवार में मातम छाया है।

# पुलिस प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** शुक्रवार को पुलिस प्रेक्षक महेश चंद्र जैन ने जिले के धनपतगंज थाने का निरीक्षण करते हुए थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद धनपतगंज विकास खंड के संवेदनशील मतदेय स्थल मायंग का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रेक्षक ने संवेदनशील लोगों की जानकारी लेते हुए लॉ एंड आर्डर बनाये रखने के निर्देश दिए। वहीं मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाएं जैसे विद्युत, पेयजल, रैंप, टेंट, शौचालय, बैरिकेडिंग आदि की हकीकत परखी। साथ ही मतदान केंद्र पर सुरक्षा की उपायों का भी अवलोकन किया। उन्होंने बल्दीराय थाने का निरीक्षण कर संवेदनशील बूथों पर कानून व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया।

# छात्राओं पर छींटाकशी करना मनचले को पड़ा भारी

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लड़कियों के स्कूल के सामने खड़े होकर उन पर छींटाकशी करने वाले एक मजनू को आज योगी सरकार की पुलिस और एंटी रोमियो टीम ने अच्छा सबक सिखाया।

मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र के गनापुर का है। जहां स्थित सेंट जोन्स स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को क्षेत्र का ही एक मनचला लड़का आएदिन कमेंट पास करके परेशान करता है। कई बार क्षेत्र के लोग इस मनचले को गलत हरकत न करने की हिदायत दी। पर आशिक मिजाज लड़के के ऊपर इस का कोई असर नहीं पड़ा। जब बच्चियों को परेशान करने की भनक बल्दीराय पुलिस को लगी तो थाने के उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सोनकर ने अपने साथ एक महिला सिपाही व एक पुरुष सिपाही की टीम बना कर सेंट जोन्स स्कूल के पास पहुंच गए और इंतजार करने लगे। कुछ ही समय बीता था कि मनचला आशिक वहां पहुंच गया और लड़कियों पर छीटाकशी करने लगा। मजनू की इस हरकत से थाने की पुलिस ने उसे घेर लिया और पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम राजकुमार अग्रहरि निवासी गनापुर थाना बल्दीराय बताया। पुलिस पकड़े गए युवक को थाने ले आई और आईपीसी की धारा 294 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई।

# पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** झारखण्ड के सारंगगढ़ जिला, बिलाईगढ़ थाना, बकलीपाली गांव निवासी उमेन्द्र धनुहार (33) पुत्र सम्पत धनुहार सुलतानपुर जनपद के गोसाईंगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत गुरेंगांव स्थित ईंट भट्ठे पर पत्नी और बच्चों के साथ ईंट पथाई का कार्य करता था। शुक्रवार सुबह भट्ठे से सौ मीटर दूरी पर स्थित जंगल की ओर गए लोगों ने देखा उमेन्द्र धनुहार का शव गमछे के सहारे सागौन के पेड़ से लटक रहा था। सूचना मिलते ही वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# सिर्फ जंगल छोड़ा है, शेर तो हम ही हैं...

- फेस बुक पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच-पड़ताल शुरू

चांदा, सुलतानपुर




फेसबुक पर असलहे के साथ युवक की पोस्ट फोटो।

**अमृत विचारः** सब्र करो जल्दी किसी की फिल्डिंग लगने वाली है... जल्द ही 302 की खबर आने वाली है। प्रतिबंधित असलहों के साथ कोतवाली चांदा के तातो मुरैनी गांव का एक युवक ने फेसबुक पर इस तरह का कमेंट लिखते हुए फ़ोटो पोस्ट कर इलाके में दहशत फैला रखा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

खौफजदा ग्रामीणों का कहना है कि युवक यासीन खां उर्फ मोनी और इसके साथियों की सरहंगई इतनी बढ़ गयी है कि कोई इसके खिलाफ मुंह तक खोलने का साहस नहीं कर रहा है। तातो मुरैनी गांव के अनवर ने चांदा पुलिस को लिखित में तहरीर दिया है। यासीन ने सोशल मीडिया पर किए पोस्ट में लिखा है कि सिर्फ जंगल छोड़ा है, शेर तो आज भी हम ही है। अनवर खान ने अपनी तहरीर के साथ यासीन खा और उसके साथियों की प्रतिबंधित असलहों के साथ फोटो भी पुलिस के साथ शेयर किया है। अनवर का कहना है कि ऐसी पोस्ट चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने व समाज में संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रही है। चांदा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएलआर के साथ यासीन दिख रहा है। दरअसल यासीन खां का भाई पुलिस में है। फोटो पहले की है, मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# अंजली प्रथम तो उजाला को दूसरा स्थान

- राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदान के लिए भी किया जागरूक

कादीपुर, सुलतानपुर



कादीपुर में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को मेहंदी प्रतियोगिता में लिया हिस्सा।

**अमृत विचारः** क्षेत्र के संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेहंदी और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। साथ ही शिक्षक व छात्र-छात्राओं लोगों को मतदान के लिए भी जागरूक किया।

प्रतियोगिता में कुल 12 छात्राओं की टीमों ने भाग लिया। मेंहदी प्रतियोगिता में अंजली गुप्ता को प्रथम, उजाला को द्वितीय, आंचल गुप्ता को तीसरा स्थान मिला। प्रतियोगिता का निरीक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामनयन सिंह, प्रो. जितेंद्र कुमार तिवारी, डा. हरेंद्र कुमार सिंह, डा. सतीश कुमार सिंह, डा. वंदना मिश्रा, डा. अंजू पाण्डेय, डा. जीनत रफीक, डा. कुमुद राय व डा. अंजू मिश्रा ने किया। प्रतियोगिता के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मौजूद छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक करते हुए अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डा. रवींद्र कुमार मिश्रा, डा. संजय सिंह, डा. समीर पांडेय, डा. करूणेश प्रकाश भट्ट सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विभागीय उदासीनता से सरकारी नलकूप ठप

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** विभागीय उदासीनता के चलते क्षेत्र में लगा राजकीय नलकूप संचालित नहीं हो पा रहा है। जिससे किसानों के जायद की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही, वहीं जलाशय भी भीषण गर्मी में सूखे पड़े हैं।

कादीपुर खुर्द गांव में लगा राजकीय नलकूप विभागीय उदासीनता के चलते संचालित नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक राजकीय नलकूप एक वर्ष में अधिकतम 10 दिन चला होगा। राजकीय नलकूप के संचालित नहीं होने से 20 एकड़ से अधिक कृषि योग्य भूमि की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिसके चलते किसान जायद के फसलों के साथ हरी सब्जी एवं पशुओं के हरे चारे की बुआई नहीं कर पाए। वहीं इस भीषण गर्मी में जलाशय भी सूखे पड़े हैं। जिससे पशु पक्षियों के लिए भी पेयजल की दिक्कत हो गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय अधिकारी राजकीय नलकूप की ग्रिप निकाल ले गए हैं। जिससे नलकूप संचालित नहीं हो पा रहा है। वहीं अधिकारियों का दावा है कि नाली की व्यवस्था न होने के कारण नलकूप संचालित नहीं हो रहा है। किसानों ने जनहित को देखते हुए महकमे से राजकीय नलकूप संचालित कराने की मांग की है।

# आबकारी निरीक्षक ने चलाया छापेमारी अभियान

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में आबकारी निरीक्षक जयसिंहपुर डा. महेंद्र प्रताप वर्मा मोतिगरपुर थाने की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दो अभियुक्तों को सात लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आबकारी निरीक्षक द्वारा क्षेत्र की शराब की दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट व परचून की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शराब की दुकानों पर स्टॉक व क्यू आर कोड का मिलान किया। साथ ही निर्देशित किया कि अधिकृत सेल्समैन द्वारा ही शराब की बिक्री निश्चित समय सीमा में ही किया जाये।

## सार-संक्षेप




कुम्हई हमजापुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय का घेराव करते अभिभावक।

### शिक्षकों के निलंबन पर आक्रोशित हुए ग्रामीण, किया घेराव

**कादीपुर/सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के कुम्हई हमजापुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिक्षक राम केवल वर्मा व सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार यादव को मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया था। जिसकी जानकारी होने पर अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त हो गया। आक्रोशित अभिभावकों ने शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में पहुंचकर शिक्षकों को बहाल करने की मांग करने लगे। अभिभावकों ने कहा कि इन्हीं दो शिक्षकों की बदौलत विद्यालय में बच्चों की संख्या अच्छी रहती है। विद्यालय में नियुक्त अन्य शिक्षकों के कारण विद्यालय की दशा खराब हो जाएगी। उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाकर निलंबित शिक्षकों को बहाल किया जाए। सूचना पर पहुंची बीईओ कादीपुर के आश्वासन के बाद आक्रोशित अभिभावक शांत हुए।

### बसपा जीतकर बनाएगी इतिहासः उदराज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में करवट बदलते मौसम के साथ सियासी फिजा भी बदल रही है। जैसे-जैसे चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आ रही है, प्रत्याशी प्रचार में ताकत झोंक दिया है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा लगातार लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। समाज के सभी वर्गों से उनको अपार जनसमर्थन मिल रहा है। बता दें कि उदराज वर्मा सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बसपा के प्रत्याशी है। स्थानीय होने के नाते इसका सीधा लाभ उनको मिल रहा है। उदराज वर्मा को लगातार मुस्लिम समुदाय के लोगों से भी अपार जनसमर्थन मिल रहा है, जिससे उनके जीत की राह आसान हो सकती है।

### घंटों लेट चल रहीं ट्रेनें, यात्री परेशान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में कई ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू व पंजाब से आने वाली ट्रेनें करीब 15 दिनों से अपने समय पर नहीं चल रही हैं। शुक्रवार को गाजीपुर से चलकर श्री माता वैष्णोदेवी कटरा तक जाने वाली गाड़ी संख्या 14611 करीब 12 घंटे लेट रही। दिल्ली से राजगिरी (बिहार) को जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, पटना कोटा तथा पटना इंदौर एक्सप्रेस 10 मिनट, वाराणसी से चलकर जम्मूजवी को जाने वाली बेगमपुरा करीब 20 मिनट देरी से चली। वहीं बस्ती से प्रयागराज तक चलने वाली मनवर संगम एक्सप्रेस ट्रेन आधा घंटा लेट रही।

# धूमधाम से मनाया गया परशुराम का प्राकट्योत्सव



शोभायात्रा की अगुवाई करते मौनी महाराज। अमृत विचार



दीवानी न्यायालय में राहगीरों को वितरित किया गया शर्बत। अमृत विचार

## आस्था

- शहर और ग्रामीण अंचल में आयोजित किए गए कार्यक्रम निकाली गई शोभा यात्रा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को धूमधाम से भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव मनाया गया। जिला मुख्यालय पर परशुराम युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी के संयोजन में भगवान परशुराम चौक पर हवन पूजन किया गया। इसके बाद शहर में गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम में पहुंचे मौनी महाराज भी शोभायात्रा में शामिल हुए जिनका जगह जगह पर लोगों ने स्वागत किया। शोभायात्रा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों लोग ने प्रसाद लिया। वहीं व्यवस्था में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद शुक्ल, महेंद्र प्रसाद शर्मा, अरविंद सिंह राजा, एल्डर्स कमेटी चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद दूबे, विपिन मिश्रा, सवितोष पांडेय, पीयूष तिवारी, देवेंद्र पाठक, नितिन मिश्रा, अतुल मिश्रा, संतोष मिश्रा, रमाशंकर पांडेय, दीपेश पाठक, राजेंद्र मिश्रा, धीरेंद्र तिवारी, अतुल पाठक, बल्लर मिश्रा, हर्षित मिश्रा, अनुपम तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, सुधीर सिंह, सभासद प्रवीण मिश्रा, वरुण मिश्रा, मोहित तिवारी सहित अन्य लोग लगे रहे।

### चिरंजीव हैं प्रभु परशुरामः पूर्व विधायक

**सुलतानपुर :** धर्मदासपुर लोहरामऊ में प्रभु परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया। समाज के लोगों ने जयंती के अवसर पर एकजुट होने का संकल्प लिया। जिले के लोहरामऊ में शुक्रवार को ब्राह्मण समाज सुल्तानपुर की ओर से आयोजित प्रभु परशुराम की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती पर समाज के लोगों ने प्रभु परशुराम की वीरगाथा, त्याग, तपस्या पर अपने विचार व्यक्त किए। यहां मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख राम शब्द मिश्र, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संतोष पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम के आयोजक सुभाष चंद्र तिवारी एडवोकेट जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज आदि मौजूद रहे।

### दीवानी परिसर में किया गया शर्बत वितरण

**सुलतानपुर :** वकीलों के द्वारा दीवानी परिसर में शुक्रवार को प्रभु परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर शर्बत वितरण किया गया। एडवोकेट विश्वभर नाथ शुक्ल व विमल दूबे के संयोजन में बार एसोसिएशन के सामने व दीवानी मुख्य गेट के पास प्रभु परशुराम के प्रकट उत्सव दिवस पर विधि विधान से प्रभु परशुराम का पूजन अर्चन किया गया। वकीलों ने वादकारियों को इस भीषण गर्मी में शर्बत पिलाया। इस मौके पर बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, पूर्व महासचिव रणजीत सिंह त्रिसुंडी, अरविंद सिंह राजा, मुकेश पांडेय, अजय पाठक, रमाशंकर पांडेय, रोहित अवस्थी, आनंद पांडेय, शिवाकृष्ण पाण्डेय सिद्धार्थ मिश्र, मदन तिवारी, मनीष तिवारी और सत्यम तिवारी आदि मौजूद रहे।

### प्रभु परशुराम वर्ग विशेष के नहीं अपितु सर्व समाज के आराध्यः पं. जय नारायन

**मोतिगरपुर :** शुक्रवार को मोतिगरपुर बाग में भगवान परशुराम की जयंती पर उनकी याद में मुकुंद मिश्र के संयोजन मे कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पंडित जय नारायण तिवारी ने भगवान परशुराम के चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की उन्होंने कहा भगवान परशुराम विष्णु के छठवें अवतार हैं। परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं अपितु पूरे समाज के आराध्य हैं उन्होंने अत्याचार व अन्याय के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया। भगवान परशुराम को सबसे बड़ा धर्म रक्षक बताया उन्होंने सभी लोगों से भगवान परशुराम के जीवन को आत्मसात करने की बात कही। आयोजकों ने रथ पर भगवान परशुराम के स्वरूप में निकाली भव्य शोभा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा मोतिगरपुर से पांडेय बाबा धाम तक गाजे बाजे के साथ निकाली गई जहां भगवान परशुराम की जय उद्‌घोष के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सीताराम मिश्र ने किया। पंडित कृष्ण कुमार मिश्रा मुन्नू, जयप्रकाश पाठक, भगवान परशुराम के जीवन चरित्र का वर्णन किया। व्यवस्था में राकेश पांडेय, रविकांत मिश्र शालू, सौरभ मिश्र विराट, काशी पांडेय, राहुल मिश्र, राम नायक तिवारी, कृपा शंकर मिश्र, अंकित मिश्र, संतोष मिश्र, गोलू मिश्र, स्वतंत्र दुबे, रविंद्र आदि लगे रहे।

# महर्षि विद्या मंदिर में मनाया गया अक्षय तृतीया का उत्सव

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** महर्षि विद्या मंदिर परिसर में शुक्रवार को अक्षय तृतीया उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि विश्व शांति आंदोलन की इकाई सहस्त्र शीर्षा पुरषा मंडल के स्थापना दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत गुरु पूजा के साथ हुई।

प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय ने अक्षय तृतीया के पर्व की बधाई दी। अक्षय तृतीया के महत्व पर चर्चा की। कहा कि महर्षि महेश योगी ने विश्व के लोगों के जीवन में शांति एवं सद्भाव स्थापित करने के लिए धरती पर स्वर्ग निर्माण की भावना से काम किया। विश्व शांति व अजेयता की कामना उसके साथ थी। इसकी शुरुआत अक्षय तृतीया के दिन हुई थी। इसी मंशा से वैदिक विधि से भगवान विष्णु का पूजन व हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अभिभावकों व शिक्षक शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने भावातीत ध्यान का अभ्यास किया। यहां विद्यालय परिवार की छात्र-छात्राए, शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूखों को भोजन कराना पुनीत कार्यः मदन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ का सप्ताह में एक बार मरीजों तीमारदारों यात्रियों तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरण करने का काम निरंतर चल रहा है। संघ के अध्यक्ष मेराज खान के संयोजन में बृहस्पतिवार की देर शाम राजकीय मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय में भोजन वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि भूखों को भोजन कराना सबसे पुनीत कार्य है। यहां निजाम खां, नफीसा खान, सुहेल सिद्दीकी, सत्य प्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**

एच0सी0जे0 फार्म नं0– 33 पार्ट नं0–7
श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय,
कादीपुर, सुलतानपुर
रामदीन आदि
बनाम
तेजबहादुर आदि

1. तेजबहादुर सुत राम अछैवर, 2. रामजीत सुत राम अछैवर, 3. दलसिंगार सुत राम अछैवर, 4. बखेडू सुत राम अछैवर 5. गांवसभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम मझगवां पर0 अल्देमऊ तह0 कादीपुर जनपद–सुल्तानपुर, 6. राज्य उ0प्र0 द्वारा जिलाधिकारी महोदय, सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतः एवं आपकी एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 60 के दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज60 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायालय की मोहर

**अभिराजी कन्या महाविद्यालय**
अमनाईकपुर कादीपुर सुलतानपुर

में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है

**प्राचार्य–** 01 पद

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत (बी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु – प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाज शास्त्र एवं अर्थ शास्त्र प्रत्येक विषयों में 01–01 पद प्रवक्ता की।

**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवस के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेख की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

प्रबन्धक
मो0नं0– 9479933886

**शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
देवनगर (खानपुर पिलाई), सुल्तानपुर (उ.प्र.) पिन कोड–222101
(सम्बद्ध : डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

आवश्यकता है

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में प्राचार्य की आवश्यकता है–

**प्राचार्य–** 01 पद

योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्त यू0जी0सी0/राज्य सरकार एंव विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधनों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, चार पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय जमा करें।

प्रबन्धक
सीताराम वर्मा
मो0नं0– 9415137463, 9415393096

## एक नजर

### रेलवे ट्रैक के किनारे घायल मिला सिद्धार्थनगर जिले का युवक

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार:** सैदखानपुर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक युवक घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक के किनारे अचेत मिला। रेलकर्मियों ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी मथुरानगर भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्टेशन के पास मोहित निवासी बनकसिया, सिद्धार्थनगर रेलवे लाइन के किनारे बेहोश मिला। स्टेशन मास्टर उसे सीएचसी भिजवाया। स्टेशन अधीक्षक सैदखानपुर ने बताया कि घायल युवक किस ट्रेन से गिरा, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

### नेपाली शराब के साथ महिला को पकड़ा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा और पुलिस के जवानों ने 30 बोतल नेपाली शराब के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। संयुक्त गश्त के दौरान सीमा चौकी ककरहवा और पुलिस के जवानों ने सीमा स्तम्भ संख्या 544 के समीप से महिला को गिरफ्तार किया। महिला नेपाल से सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में शराब बेचने आ रही थी। गश्ती दल ने नेपाली शराब जब्त कर महिला को पुलिस थाना मोहाना को सुपुर्द कर दिया।

### बार्डर पार कर रहे चीनी नागरिक को पकड़ा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत में अवैध तरीके से प्रवेश करते समय चीनी नागरिक को थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। किया गया। थानाध्यक्ष मोहाना टीम तथा एस एस बी द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान लीलाडिहवा से एक चाइनीज नागरिक उम्र करीब 46 वर्ष को लीलाडिहवा थाना क्षेत्र मोहाना से गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा।

### किसान आंदोलन से ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा अम्बाला मंडल के शम्भू स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा। 11 से 13 मई के बीच ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



शुक्रवार को नामांकन पत्र जमा करते रवींद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन। अमृत विचार



नामांकन करतीं इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी काजल निषाद।

## अवैध टिकट के साथ पकड़ा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आरक्षण केन्द्र बनारस से आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 01 काउण्टर आरक्षित टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, बस्ती एवं अपराध आसूचना शाखा, गोरखपुर द्वारा निगरानी के दौरान गायघाट, बस्ती स्थित एक दुकान से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त दुकान संचालक को व्यक्तिगत यूजर आईडी पर बने 11 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, कासगंज द्वारा निगरानी के दौरान सद्दाम नगर गंजडुंडवारा, कासगंज से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को व्यक्तिगत यूजर आईडी पर बने 46 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, देवरिया सदर को प्लेटफार्म संख्या-02 पर दो लड़का उम्र 10 वर्ष एवं एक लड़की उम्र 08 वर्ष लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के उपरान्त लड़के एवं लड़की को चाइल्ड वेलफेयर केन्द्र, देवरिया को सुपुर्द किया गया।

# आठ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## भाजपा से रवि किशन व गठबंधन प्रत्याशी काजल निषाद ने दाखिल किया पर्चा

गोरखपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा गोरखपुर से आठ प्रत्याशियों ने शुक्रवार को नामांकन किया।

भाजपा से रवींद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, इंडिया गठबंधन से काजल निषाद, जन वादी पार्टी से श्रवण कुमार भारतीय, सर्व धर्म पार्टी से संजय सिंह राणा, भागीदारी पार्टी से शिव शंकर प्रजापति, भारतीय जवान पार्टी से आनंद कुमार यादव, निर्दल नफीस अख्तर, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से सोनू राय ने रिटर्निंग ऑफिसर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग अफसर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के समक्ष अपना अपना नामांकन किया। वहीं गोरखपुर लोकसभा से तीन प्रत्याशियों ने आज पर्चा लिया सुभाष पलक धारी तिवारी भारतीय लोकमत पार्टी सतीश सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी सत्येंद्र कुमार बहुजन मुस्लिम पार्टी से पर्चा लिया। लोकसभा बांसगांव से चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन भाजपा से कमलेश, पासवान गठबंधन से सदल प्रसाद, निर्दल हीरालाल निर्दल रामा ने रिटर्निंग अफसर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन के समक्ष नामांकन किया।

गोरखपुर लोकसभा से 8 प्रत्याशियों ने आज किया नामांकन चार प्रत्याशी पहले कर चुके है नामांकन अब तक गोरखपुर लोकसभा से 12 प्रत्याशी कर चुके नामांकन बांसगांव लोकसभा से आज चार प्रत्याशियों ने किया। नामांकन बांसगांव लोकसभा से दो प्रत्याशी पहले कर चुके हैं नामांकन अब तक 6 प्रत्याशियों ने किया। पहली नामांकन गोरखपुर लोकसभा से तीन प्रत्याशियों ने आज पर्चा लिया है।



नामांकन करने के बाद विजय की मुद्रा बनाते भाजपा प्रत्याशी रवि किशन।

# चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद प्रचार तेज

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा डुमरियागंज में चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत चुनाव प्रचार में लगा दी है। जहां एक तरफ भाजपा के प्रत्याशी जगदंबिका पाल कमल चुनाव चिन्ह लेकर चुनावी मैदान के पिच पर हैट्रिक लगाने के लिए प्रयास कर रहे हैं वही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भीष्म शंकर और कुशल तिवारी अपनी साइकिल की रफ्तार तेज करने में लगे हुए हैं बसवा के उम्मीदवार नदीम मिर्जा हाथी की दौड़ तेज करने में अपने समर्थकों के साथ गांव-गांव में पहुंचकर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से लगे हुए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे आर्मी आजाद पार्टी के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह अपनी केतली चुनाव चिन्ह लेकर चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। वहीं पर दो निर्धन प्रत्याशी नौशाद आजम चुनाव चिन्ह गिलास को लेकर गिलास को भरने के लिए प्रत्याशियों के बीच में अपनी चुनावी जंग लड़ते हुए मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रहे हैं वहीं पर मात्र एक महिला प्रत्याशी किरण देवी जिनका चुनाव चिन्ह चारपाई है चारपाई पर वोट देने के लिए चुनावी पिच पर दौड़ लगा रही हैं। जनपद में चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का सेहरा बांधने के लिए पूरा तिकड़म लग रहे हैं जबकि चुनावी स्थिति को देखा जाए तो सियासी गलियारे में लोकसभा डुमरियागंज के चुनावी पिच पर त्रिकोणी लड़ाई दिखाई दे रही है। जहां भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच सीधी लड़ाई दिखाई दे रही है वहीं प्रत्याशी पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह अपनी जीत सुनिश्चित करने में जी जान से लगे हुए हैं। चुनाव सरगर्मी पर पहुंच चुका है किंतु मजे की बात यह है कि मतदाता अभी चुप्पी सजे हुए हैं। सपा प्रत्याशी जहां ब्राह्मण मतदाताओं को अपनी तरफ करने में पूरा जान लगा दिए हैं वहीं भाजपा प्रत्याशी हर वर्ग के लोगों को भी जाकर प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कमल खिलाने के लिए पूरी तरह से जुटे है। कुल मिलाकर लोकसभा डुमरियागंज 2024 के चुनाव पर नजर डाली जाए तो यहां का चुनाव त्रिकोणात्मक दिखाई दे रहा है जनपद में 19 लाख 52000 मतदाता 6 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आने वाले 25 मई को करेंगे। जीत का सेहरा किसके गले में पड़ेगा यह तो समय ही तय करेगा।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में परीक्षाओं का किया आयोजन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध छह जिलों के महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में स्नातक के 63 विषय व परास्नातक के 13 विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में लगभग 60 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। छात्रों के अनुसार पढ़ाया हुआ प्रश्न परीक्षा में आया था।

शुक्रवार को स्नातक के छठे सेमेस्टर में एक विषय, चतुर्थ सेमेस्टर की 30 विषय व द्वितीय सेमेस्टर की 32 विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। जबकि परास्नातक के चतुर्थ सेमेस्टर की 13 विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। स्नातक के कला वर्ग में हिंदी, इतिहास, शिक्षा सास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, शारिरीक शिक्षा, राजनितीक विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत, समाजसास्त्र उर्दु व विज्ञान वर्ग में वनस्पतिविज्ञान, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जंतु विज्ञान व इलेक्ट्रानिक की परीक्षा संपन्न हुई। जबकि वाणिज्य वर्ग के विषयों की भी परीक्षा संपन्न हुई। सभी महाविद्यालयों की परीक्षा का विश्वविद्यालय ने सीसी कैमरे से निगरानी करता रहा।

# नेपाल बार्डर से आने-जाने वालों पर रखें कड़ी नजर : प्रेक्षक

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अन्तर्गत प्रेक्षक (सामान्य) नीमा अरोडा ने विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान सिद्धार्थनगर-नेपाल बार्डर स्थित बढ़नी नाका का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं स्थापित सीसीटीवी कैमरे के संचालन की जानकारी ली।

कस्टम के अधिकारियों से बार्डर की संवेदनशीलता की स्थिति की जानकारी ली। वहां पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था को निर्देशित किया कि बार्डर के पार आने-जाने वालों पर मुस्तैदी से नजर रखी जाय। आदर्श आचार संहिता के अनुरूप मापदण्डों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाय। यदि कोई प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला प्रशासन के सहयोग से उसका त्वरित समाधान कराया जाय। मतदेय स्थल प्रा०वि० रामदत्तगंज, बढनी के 06 किटिकल बूथ का निरीक्षण किया। जिसमें तीन किटिकल बूथ के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके सम्बन्ध में प्रेक्षक ने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि अतिशिघ्र कार्य पूर्ण करा लें। यदि भवन पूर्ण कराने में कोई समस्या आ रही है तो मोबाइल नम्बर 9219287727 पर अवगत करायें। मतदेय स्थल गांधी आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज, बढ़नी के 04 बूथ एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय ढेकहरी बुजुर्ग के 01 बूथ का भी निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान सुरक्षा बल के जवानों को निर्देश देतीं प्रेक्षक नीमा अरोड़ा।

### सहायक व्यय प्रेक्षक व व्यय लेखा टीम के साथ की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी कक्ष में व्यय प्रेक्षक वाई. आनन्द ने सहायक व्यय प्रेक्षक एवं व्यय लेखा टीम के साथ बैठक की। बैठक में महत्वपूर्ण सुझाव व निर्देश देते हुए शैडो रजिस्टर का अवलोकन किया। बैठक में प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण रमेन्द्र कुमार मौर्य, सहायक व्यय प्रभारी निलोत्तम चौबे व अजय गुप्ता उपस्थित रहे।

### प्रेक्षक ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रेक्षक पुलिस एस. मल्लिखा द्वारा नेपाल सीमा के पास चेक पोस्ट कोटिया का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही संवेदनशील पोलिंग बूथ चरिगंवा, जोबकुंडा, लोहटी का निरीक्षण किया गया। एफएसटी टीम द्वारा किये जा रहे वाहनो के चेकिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एफएसटी टीम प्रभारी को निर्देश दिया कि चेकिंग के दौरान जो भी सामग्री पकड़ी जा रही है उसकी सूचना उपलब्ध कराये।

# धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

गोरखपुर

**अमृत विचार।** सर्व ब्राह्मण समन्वय समिति परिवार की तरफ से शुक्रवार अक्षय तृतीया परशुराम के अवतरण दिवस पर बढ़ चढ़कर सभी संगठनों ने हिस्सा लिया। जिसमें सर्व ब्राह्मण समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विजय नारायण मिश्रा पंडित हरिशंकर शुक्ला शार्दुल विक्रम तिवारी शरद चंद पांडे डॉक्टर एसपी त्रिपाठी चिंतामणि दुबे नर्वदेश्वर पांडे स्वामी विनय कुमार राजन दास अवधेश मिश्रा आदि सभी लोगों ने बढ़-चढ़के के हिस्सा लिया जिसमें डॉक्टर संजय त्रिपाठी डॉक्टर सत्य पांडे डॉक्टर सृजन मिश्रा विनोद शुक्ला दुर्गेश मिश्रा रघुनंदन उपाध्याय विजय शंकर मिश्रा वीरेंद्र पांडे बीपी पाठक जयप्रकाश दुबे चुन्नू पांडे नीरज मिश्रा बाबा बालक दास राज मंगल राय जय प्रकाश मिश्रा वैजयंती देवी ममता मिश्रा बृजेश मिश्रा सुधीर मिश्रा ओझा हजारों की संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया।



सर्व ब्राह्मण समन्वय समिति के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### परशुराम की पूजा कर किया नमन

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के नडौरा गांव में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन विष्णु जी के छठवें अवतार परशुराम जी का जन्म दिवस विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर धूमधाम से मनाया गया। उपेन्द्र नाथ उपाध्याय के नेतृत्व में नडौरा गांव में समारोह के रूप में हर वर्ष बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाया जाता है। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम परशुराम जी के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। समारोह में आये सभी लोगों के माथे पर तिलक लगाया गया, फिर परशुराम जी का पूजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संजय मिश्र, रमाकान्त उपाध्याय, विवेक उपाध्याय ने कहा कि जब जब धरती पर अधर्म और पाप बढा तब-तब भगवान श्री हरि नारायण किसी ना किसी रूप मे धरती पर अवतरित हुए और दुराचारी, पापियों का अन्त कर धर्म की रक्षा कियें। सहस्रबाहु के घोर अपराध से पृथ्वी माता त्रस्त हो गयी थी जिनके प्रार्थना पर भगवान विष्णु छठवें अवतार के रूप मे महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के यहां भगवान परशुराम के रूप मे बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन जन्म लिये।

# 41 अतिक्रमणकारियों को भेजी नोटिस, होगी कार्रवाई

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शहर के पेट्रोल पंप तिराहे के पास नाले की पांच बीघा भूमि पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिससे शहर की जल निकासी के लिए जमुआर पुल तक नाले का निर्माण नहीं हो सका है। कोर्ट में पीआईएल दाखिल होने के बाद जागे तहसील एवं नगर पालिका प्रशासन ने 41 अतिक्रमणकारियों को भूमि खाली कराने का नोटिस जारी किया है। नाले की भूमि पर अतिक्रमण के चलते पेट्रोल पंप तिराहे पर ही जलनिकासी बाधित हो गई है, जिससे शहर के कई मोहल्ले जलभराव से जूझेंगे।

शहर की रेलवे क्रॉसिंग से उत्तरी हिस्से में स्थित इंदिरानगर, पूरब पड़ाव, बुद्धनगर व पिठनी समेत अन्य मोहल्लों की जलनिकासी जमुआर नाले में होती है। इन मोहल्लों के घर के निकलने वाली नाली पेट्रोल पंप तिराहे के पास पहुंचकर ठप हो जाती है। इसके आगे नाले की भूमि पर कब्जा कर मकान बना लिए जाने के कारण नाले का निर्माण नहीं हो सका है। मामले में शास्त्रीनगर मोहल्ला निवासी शकील अहमद ने स्थानीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट में पीआईएल दाखिल कर दिया। तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका ने नाले की भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 41 लोगों को नोटिस जारी कर भूमि खाली कराने का नोटिस जारी किया है।

> तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका की तरफ से नाले की भूमि खाली कराने के लिए संयुक्त रूप से पैमाइश किया है। नाले की भूमि कब्जा कर बने मकानों पर लाल निशान लगा दिया है। जहां से इन भवनों को तोड़कर नाले की भूमि को मुक्त कराया जाएगा।
>
> **डॉ. ललित कुमार मिश्र,**
> एसडीएम नौगढ़

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर के दिशा-निर्देश एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक मनोज कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय के प्रगति कक्ष में 09, 10 एवं 13 मई को तीनों मंडलों (लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर) के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक एवं सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, यातायात निरीक्षकों एवं वाणिज्य निरीक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षित मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/सहायक मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, यातायात निरीक्षक एवं वाणिज्य निरीक्षक मंडलों के अन्य कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान फर्जी केसों की उत्पत्ति एवं प्रतिपूर्ति की रोकथाम, अनपेक्षित घटनाओं से सम्बन्धित रजिस्टर एवं प्रपत्रों का रख-रखाव, रेल अधिनियम 1989 की धारा 123-सी के तहत अनपेक्षित घटना की परिभाषा, लोको पायलट, टेन कन्डक्टर एवं चल टिकट निरीक्षकों की ड्यूटी तथा उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। 13 मई को भी मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/सहायक मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, यातायात निरीक्षकों एवं वाणिज्य निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### पंचायत भवन पर बन जाएंगे जरूरी प्रमाण पत्र

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** गांव के लोगों को अब उनके पंचायत भवन पर ही जन्म, मृत्यु, जाति, आय, निवास, प्रमाण पत्र मिलेगा। इसके लिए पंचायत भवन पर जाकर वहीं से ऑनलाइन आवेदन कराना है। एक प्रमाण पत्र के लिए 30 रुपया जमा करना होगा। पहले इसी काम के लिए सीएससी सेंटर पर 60 से 100 रुपया तक लिया जाता था। पंचायत भवन से ही विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन को काफी सुदृढ़ कर दिया गया है। सभी ग्राम पंचायत भवन पर इन्वर्टर से लेकर कंप्यूटर तक की व्यवस्था हो गई है। इसके रख-रखाव सहित विभिन्न कार्यों को करने के लिए पंचायत सहायक की तैनाती संविदा पर की गई है। अब यहीं पंचायत सहायक जाति, आय, निवास सहित कई प्रमाण पत्र बनाएंगे। सभी प्रमाण पत्र पंचायत भवन पर बनना शुरू होने जाने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत के साथ समय और पैसे की भी बचत होगी।

### सांड़ से टकराया टैंपो, पिता-पुत्र की हालत गंभीर

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र ढेबरुआ के ढेबरूआ-इटवा मार्ग पर स्थित अकरहरा के पास टैम्पों व सांड़ की टक्कर में एक ही परिवार के दो लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए पीएचसी बढ़नी लाया गया। जहां उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार टैम्पों से एक ही परिवार के पांच सदस्य बढ़नी से इटवा अपने घर जा रहे थे। ढेबरुआ के अन्तर्गत ढेबरुआ-इटवा मार्ग पर स्थित अकरहरा के पास टैम्पों के सामने अचानक सांड़ आ गया जिससे टैंपो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में टैंपो सवार ग्राम धौरहरा थाना इटवा निवासी घुसकन चौहान (45) और मोहित चौहान (17) पुत्र घुसकन चौहान गम्भीर रूप से घायल हो गये। इसके अलावा परिवार के चंदन, सचिन, मुराती, जोखना भी मामूली रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### प्रभारी प्रधानाध्यापक ने प्रधान प्रतिनिधि पर लगाए आरोप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र व भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार के प्रभारी प्रधानाध्यापक सूर्यवीर सिंह यादव ने गांव के प्रधान प्रतिनिधि रमेश कुमार गुप्ता पर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। डुमरियागंज पुलिस को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया है कि रमेश गुप्ता आए दिन अपने साथियों सहित विद्यालय में आकर प्रभारी प्रधानाध्यक पर नियम विरुद्ध कार्य करने का दबाव बनाते रहते हैं। डुमरियागंज पुलिस के साथ ही बीईओ, बीएसए को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया है कि डक्ड के रुपये में हिस्सेदारी का दबाव बनाते रमेश कुमार गुप्ता को विद्यालय के पीएमश्री खाते में तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापिका जोहरा मलिक की ओर से नियम विरुद्ध अध्यक्ष बना दिया गया था। नियमानुसार दोबारा गठन कर रमेश को हटा दिया। इससे खार खाए प्रधान प्रतिनिधि उन्हें परेशान कर रहे हैं। इससे आहत होकर सूर्यवीर सिंह यादव ने उच्चाधिकारियों को पत्राचार कर वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया था। यहीं कारण है कि प्रधान के सगे भाई रमेश कुमार गुप्ता ने चिढ़कर बेबुनियाद आरोप लगाया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि पिछले वर्ष 2023 में रमेश कुमार ने तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापिका जोहरा मलिक पर दबाव बना बिना नीलामी के विद्यालय का मूल भवन ध्वस्तकर 80 प्रतिशत मलबा गायब कर दिया था। जबकि वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश के तहत नियमानुसार विद्यालय प्रबंध समिति के प्रस्ताव एवं खंड शिक्षा अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त अवशेष मलवा, ईंटा, जर्जर फर्नीचर की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कराया है। नीलामी की धनराशि खाते में जमा कर दी गयी है। इससे नाराज प्रधान प्रतिनिधि रमेश कुमार गुप्ता ने दबंगई दिखाते हुए नीलाम ईंट को ले जा रहे गरीब का ट्रैक्टर रोककर मन्नीजोत में खड़ा करा दिया। प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज मुकेश राय ने बताया कि तहरीर मिली है। छानबीन की जा रही है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### तमंचा के साथ युवक को पकड़कर भेजा जेल

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया पुल के पास से कोतवाली पुलिस ने युवक को तमंचे के साथ पकड़ लिया। युवक को मेडिकल परीक्षण के बाद जेल भेजा गया है। कोतवाली के उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में गश्त के दौरान ग्राम पुरवा पिपरिया के पुल के निकट एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखा।

# बैठक में परिवादों का किया गया निस्तारण

गोरखपुर

**अमृत विचार।** एनई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) के साथ स्थाई वार्ता तंत्र (पीएनएम) की दो दिवसीय 13वीं बैठक के अंतिम दिन शुक्रवार को महाप्रबन्धक सभाकक्ष गोरखपुर में बैठक में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख विभागाध्यक्ष, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन अवधेश कुमार, वरिष्ठ रेल अधिकारी, नरमू के अध्यक्ष बसंत लाल चतुर्वेदी, महामंत्री केएल गुप्त सहित मुख्यालय एवं तीनों मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने बैठक के सफल संचालन हेतु सभी विभागाध्यक्षों एवं एन.ई. रेलवे मजदूर यूनियन के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई दी। कहा कि यह बैठक सार्थक हुई है। बैठक में रखे गये सभी मदों को पारदर्शिता के साथ निस्तारित किया गया। उन्होंने कहा कि चर्चा किये गये सभी बिन्दुओं पर सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इंजीनियरिंग, यांत्रिक, परिचालन, लेखा, भंडार, विद्युत, वाणिज्य, सिगनल एवं दूर संचार, चिकित्सा एवं कार्मिक विभाग से उठाये गये सभी मदों एवं परिवादों का निस्तारण हमारे विभागाध्यक्षों द्वारा किया गया। हम सभी को कर्मचारियों कल्याण के लिये कार्य करना चाहिये, जिससे सभी को लाभ हो सके। इस रेलवे की प्रगति में यूनियन की भागीदारी सराहनीय रही है। इस बैठक में इंजीनियरिंग, यांत्रिक, परिचालन, लेखा, भंडार, विद्युत, वाणिज्य, सिगनल एवं दूर संचार, चिकित्सा एवं कार्मिक विभाग के प्रमुख विभागाध्यक्षों द्वारा सम्बन्धित मदों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के कार्यवृत्त की चर्चा हुई। विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने रेल कर्मचारियों की मेहनत एवं लगन से विभाग की अर्जित उपलब्धियों से नरमू के पदाधिकारियों को अवगत कराया। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबन्धक स्तर के सभी आदेशों को लागू करने का आश्वासन दिया। नरमू के अध्यक्ष बसंत लाल चतुर्वेदी ने रेलवे आवास, कर्मचारियों के स्थानान्तरण, स्टेशनों पर एस.टी.बी.ए की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, सी.टी.ए., रनिंग रूम, छात्रावास, अनुकम्पा नियुक्ति एवं लाइन कर्मचारियों हेतु रोस्टर ड्यूटी आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों से प्राप्त विभागीय आख्या से संतुष्ट हुये। नरमू के महामंत्री के.एल. गुप्त ने रेलवे बोर्ड के सर्कुलर तथा पी.एन.एम. की कार्यवृत्त के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# अनारक्षित विशेष गाड़ियों के संचालन में बदलाव

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे पर यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु गोरखपुर जं. स्टेशन से चलने वाली निम्नलिखित अनारक्षित विशेष गाड़ियों को अब गोरखपुर कैंट जं0 स्टेशन से शार्ट ओरिजिनेट/शार्ट टर्मिनेट कर चलाया जायेगा। गोरखपुर जं. स्टेशन से 13 मईसे चलने वाली 05096 गोरखपुर जं.-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी गोरखपुर जं स्टेशन के स्थान पर गोरखपुर कैंट जं0 स्टेशन से 07.10 बजे चलाई जायेगी। गोरखपुर जं. स्टेशन से चलने वाली 05498 गोरखपुर जं.-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी गोरखपुर जं स्टेशन के स्थान पर गोरखपुर कैंट जं0 स्टेशन से 23.00 बजे चलाई जायेगी। नकहा जंगल से 13 मई से चलने वाली 05036 नकहा जंगल-सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी नकहा जंगल स्टेशन के स्थान पर गोरखपुर कैंट जं0 स्टेशन से 05.40 बजे चलाई जायेगी। इसके अलावा नरकटियागंज से 12 मई से चलने वाली 05449 नरकटियागंज-गोरखपुर जं. अनारक्षित विशेष गाड़ी गोरखपुर जं स्टेशन के स्थान पर गोरखपुर कैंट जं0 स्टेशन पर 05.45 बजे पहुंचकर अपनी यात्रा समाप्त करेगी। नरकटियागंज से चलने वाली 05095 नरकटियागंज-गोरखपुर जं. अनारक्षित विशेष गाड़ी गोरखपुर जं स्टेशन के स्थान पर गोरखपुर कैंट जं0 स्टेशन पर 20.30 बजे पहुंचकर अपनी यात्रा समाप्त करेगी। नरकटियागंज से चलने वाली 05039 नरकटियागंज-नकहा जंगल अनारक्षित विशेष गाड़ी नकहा जंगल स्टेशन के स्थान पर गोरखपुर कैंट जं0 स्टेशन पर 23.55 बजे पहुंचकर अपनी यात्रा समाप्त करेगी।

# दिल्ली में चार सीटों पर गुल खिला सकते हैं मुस्लिम मतदाता

राजपुरुष

**अमृत विचार।** दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां की सभी सात सीटों पर कमल खिला रही है। लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी बदली हुई है। इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रही है। ऐसे में बड़ा सवाल मुस्लिम मतदाताओं का रुख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय था। इससे मुस्लिम वोट बिखर गया था। अबकी बार कांग्रेस-आप के गठबंधन का भाजपा से सीधा मुकाबला है। ऐसे में मुस्लिम मतों के बिखराव की संभावना नहीं है। दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के एकमुश्त वोट भाजपा की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालांकि भाजपा नेता कह रहे हैं कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सभी धर्मों के गरीब वर्ग को मिल रहा है। पसमांदा मुस्लिमों को सबसे ज्यादा फायदा मिला है। इससे भाजपा के विरुद्ध मुस्लिमों को लेकर किया जाने वाला दुष्प्रचार अब उतना प्रभावी नहीं रहा है। मुस्लिम समाज इस बात से सहमत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए काम कर रहे हैं। इसका लाभ भाजपा को चुनाव में अवश्य मिलेगा।

- उत्तर पूर्व, पूर्वी दिल्ली, चांदनी चौक और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 14 से 21 फीसदी तक
- इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन होने से वोटों के बिखराव की कोई संभावना नहीं

**21.0%** गिने जाते हैं उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता

**16.8%** पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की अनुमानित संख्या



दिल्ली में भाजपा के खिलाफ एकमुश्त मुस्लिम वोट पाने की उम्मीद लगाए बैठा इंडिया गठबंधन की ओर से आप और कांग्रेस दोनों ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने जरूर चांदनी चौक सीट से एकमात्र मुस्लिम प्रत्याशी अब्दुल कलाम आजाद को मैदान में उतार रखा है। दिल्ली में तीन लोकसभा सीटों पर उत्तर पूर्व दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका को अहम माना जाता है। उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा करीब 21 फीसदी, पूर्वी दिल्ली में लगभग 17 फीसदी और चांदनी चौक सीट पर 14 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। 2014 के लोकसभा और 2015 के विधानसभा चुनाव से मुस्लिम समुदाय को वोट कांग्रेस से आम आदमी पार्टी की तरफ खिसक गया था। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता ने एक बार फिर कांग्रेस का रुख किया, इसका नतीजा रहा कि कांग्रेस दिल्ली में भले ही लोकसभा की एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन वोट फीसदी में उसने आम आदमी पार्टी को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया था।

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता सबसे अधिक 21 फीसदी है, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से इस सीट पर कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सांसद मनोज तिवारी से हैं। इस सीट पर पूर्वांचल के मतदाता भी बड़ी संख्या में हैं। पूर्वी दिल्ली में 16.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता माने जाते हैं। इस लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की तरफ से आम आदमी पार्टी ने कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर हर्ष मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया है। चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14 फीसदी है।

इस लोकसभा क्षेत्र में आदर्श नगर, शालीमार बाग, शकूरबस्ती, वजीरपुर, सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल और बल्लीमारान जैसी विधानसभा सीटें आती हैं, जिन पर मुस्लिम मत निर्णायक माने जाते हैं। चांदनी चौक से इस बार कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल और भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल के बीच मुकाबला है।

### नई दिल्ली में 14, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 10.6 फीसदी

- नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता चांदनी चौक जितने 14 फीसदी गिने जाते हैं। इस लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती और भाजपा की बांसुरी स्वराज के बीच चुनावी संघर्ष हो रहा है।
- उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 10.6 फीसदी गिने जाते हैं, यहां कांग्रेस के उदित राज का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया से हो रहा है।
- इसी तरह दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में सात फीसदी मुस्लिम मतदाताओं का अनुमान लगाया जाता है। इस लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सहीराम पहलवान और भारतीय जनता पार्टी के रामवीर सिंह बिधूड़ी के बीच है।
- पश्चिमी दिल्ली में 6.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर इस बार भाजपा ने दक्षिणी दिल्ली के पूर्व मेयर कमलजीत सहरावत को मौका दिया है। पिछली बार 2019 में यहां से भाजपा के प्रवेश वर्मा जीते थे। आम आदमी पार्टी की तरफ से महाबल मिश्रा भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं।

### बुनियादी सुविधाओं का अभाव, सीएए की चर्चा व दंगे की याद

- दिल्ली के अधिकतर मुस्लिम इलाकों में घनी आबादी है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बिजली सप्लाई में सुधार, सड़क, पानी और अतिक्रमण जैसे मुद्दे अहम हैं। इसके अलावा चुनाव से पहले लागु हुआ सीएए जैसा मुद्दा भी है, जिसकी मुस्लिम इलाकों में चर्चा है। इसके साथ ही दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगे की याद भी लोग दिलाते हैं।

# इस बार बहुमत के दरवाजे पर दस्तक

## चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में दलों के दबदबे के साथ स्विंग और कांटे के संघर्ष वाला मिजाज ज्यादा

चौथे चरण का चुनाव


मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 13 मई को चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान के साथ 379 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएगा, इसी के साथ माना जा रहा है कि बहुमत का दरवाजा भी खुल जाएगा और यह तय होगा कि कौन भीतर प्रवेश करने के लिए तैयार है। शायद यही वजह है कि यह चरण दोनों प्रमुख गठबंधनों एनडीए और इंडिया के लिए आसान नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम के लिहाज से कांग्रेस के मुकाबले इस चरण में भी भाजपा की बढ़त तो साफ नजर आती है, लेकिन इस चरण के असली खिलाड़ी क्षेत्रीय दल हैं, जो दोनों गठबंधनों में से किसी के लिए भी बहुमत का दरवाजा खोल सकते हैं या पास फटकने से रोक सकते हैं।

भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए गठबंधन तीन चरणों के चुनाव में 200 से अधिक सीटें जीतने का दावा कर रहा है, तो इंडिया गठबंधन के नेताओं का कहना है कि सभी 543 सीटों के चुनाव के बाद भी भाजपा की इस मर्तबा 200 सीटें नहीं आ रही हैं। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के इन दावों की पड़ताल तो चार जून को चुनाव परिणाम आने पर होगी, पर चौथे चरण के रण की बात करें तो भाजपा ने इस चरण की 96 में से 42 सीटों पर 2019 के चुनाव में जीत हासिल की थी। पार्टी इस बार अपनी जीत का आंकड़ा 60 से ऊपर जाने की उम्मीद लगा रही है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजनीतिक दलों के गढ़ वाली सीटों और स्विंग करने वाली सीटों के परिणाम पर ही सारा दारोमदार टिका है। यही सीटें मुकाबला दिलचस्प बना सकती हैं, क्योंकि इन सीटों में जीत-हार को लेकर फेरबदल होने की संभावनाएं थोड़ी ज्यादा हैं। इस चरण में उन सीटों की संख्या ज्यादा हैं, जहां 2009 से किसी एक पार्टी का दबदबा नहीं रहा है। इसके अलावा इस बार पिछली बार से परिस्थितियां भी बदली हुई हैं। आंध्र प्रदेश में कांटे की टक्कर मानी जा रही है, तो तेलंगाना में बीआरएस के बजाय अब कांग्रेस काबिज है। 2019 के चुनाव में भाजपा इस चरण की 96 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़कर 43 सीटें जीतने में सफल रही थी। भाजपा ने जीत वाली 43 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल किए थे। जबकि इन 43 सीटों पर कांग्रेस को 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने इस चरण में 38 सीटें जीती थीं। हालांकि 2009 में भाजपा के हाथ सिर्फ 10 सीटें ही आयी थीं। इसके मुकाबले कांग्रेस 2019 में 85 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 6 सीटें ही जीत सकी थी। 2014 के चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी दयनीय था। पार्टी केवल तीन सीटें ही जीत पायी थी, जबकि 2009 में कांग्रेस ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 50 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराया था। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी भी इन सीटों पर तेजी से आगे बढ़ी है। पार्टी ने 2014 में 9 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि 2019 में उसने 22 सीटें जीत ली थीं।

### भाजपा – कांग्रेस का यह रहा प्रदर्शन




### 2019 में वोट शेयर


| चुनाव लड़ा | भाजपा 89 सीट | कांग्रेस 85 सीट |
|---|---|---|
| 10% से कम | 31 | 43 |
| 10-20% | 07 | 07 |
| 20-30% | 02 | 06 |
| 30-40% | 06 | 18 |
| 40% से ज्यादा | 43 | 11 |

### पिछली बार लगभग आधी सीटों पर हुआ था जमकर मुकाबला

2019 में चौथे चरण की लगभग आधी सीटों पर कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। कोई भी दल ऐसे नहीं था, जिसने एकतरफा यानी 40 फीसदी से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता हो। झारखंड की पलामू, महाराष्ट्र की जलगांव और जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर ही ऐसी सीटें थीं, जहां जीत का अंतर 40 फीसदी के आसपास था। भाजपा ने पलामू में 37.80% और जलगांव में 39.55% वोटों के अंतर से चुनाव जीता था, जबकि, श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला ने 37.50% मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

### 32 सीटें पाला बदल या कड़े मुकाबले वाली, किसी भी तरफ झुक सकता फैसला

चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में 32 सीटें परिणाम में बड़ा असर डाल सकती हैं। इनमें 21 सीटें ऐसी हैं, जो लगभग हर चुनाव में इधर-उधर होती रहती हैं। इसके अलावा 11 ऐसी सीटे हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का अंतर एक फीसदी से भी कम था। ऐसे में यही 32 लोकसभा सीटें इस चरण में असली खिलाड़ी हैं, जो किसी के साथ भी जाने पर उसका पलड़ा भारी कर सकती हैं।



### 11 सीटों पर एक फीसदी से कम वोटों से हुई थी जीत-हार

- 2019 के लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की 11 सीटों पर एक प्रतिशत से कम वोट के अंतर से जीत-हार का फैसला हुआ था। तेलुगु देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा सीट 0.7%, श्रीकाकुलम 0.6% और गुंटूर सीट 0.4% मतों के अंतर से जीती थी। कांग्रेस ने तेलंगाना की मलकाजगिरी में 0.7% और भोंगिर में 0.4% के अंतर से चुनाव जीता था। इसी तरह विशाखापट्टनम, खूंटी, औरंगाबाद, कोरापुट, जहिराबाद और बर्धमान में भी एक प्रतिशत मतों के अंतर वाला मुकाबला ही सामने आया था।



जीतेंगे जरूर

झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट से उम्मीदवार विजय कुमार हंसदक के नामांकन जुलूस में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मांगा समर्थन।



ये मेरी गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

# झारखंड में अर्जुन मुंडा व गीता कोड़ा की किस्मत का फैसला

(चुनाव डेस्क)

**रांची।** झारखंड में चौथे चरण से लोकसभा चुनाव की शुरूआत हो रही है। 13 मई को राज्य की चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में वोट डाले जाएंगे। पलामू अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट है, जबकि बाकी तीन सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। चारों लोकसभा क्षेत्रों में 32.07 लाख महिलाओं सहित 64.37 लाख से अधिक मतदाता हैं। 2019 में भाजपा को राज्य में 11 सीटें मिली थीं, जबकि उसकी सहयोगी आजसू ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस और जेएमएम को एक-एक सीट मिली थी। इस बार इन चारों सीटों पर होने वाले मतदान से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा, पलामू के सांसद बीडी राम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा। यहां चारों सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों में आमने-सामने का मुकाबला नजर आ रहा है।



अर्जुन मुंडा।



गीता कोड़ा।

### खूंटी में 1,445 वोटों से हारी कांग्रेस ले पाएगी बदला

- खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सामने कांग्रेस ने काली चरण मुंडा को मैदान में उतारा है। गरीबी, अफीम की खेती, नक्सलवाद और मानव तस्करी की समस्याओं का सामना करने वाले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में अर्जुन मुंडा ने 2019 में काली चरण मुंडा को केवल 1,445 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। इस बार काली चरण अपनी हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं। अर्जुन मुंडा की जीत के लिए भाजपा ने ताकत झोंक रखी है।

**सिंहभूम में दो दिग्गज महिला नेताओं की जंग:** सिंहभूम में इस बार के चुनाव में दो महिला नेताओं के बीच जमकर मुकाबला हो रहा है। भाजपा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा फिर मैदान में हैं, यहां झामुमो की जोबा मांझी उनका मुकाबला कर रही हैं। गीता कोड़ा ने 2019 में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। गीता कोड़ा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गई थीं। जोबा मांझी सिंहभूम के ही मनोहरपुर से लगातार छह बार विधायक चुनी गई हैं। वह बिहार और झारखंड सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

### लोहरदगा में आसान नहीं समीर उरांव की राह

- लोहरदगा में कांग्रेस के सुखदेव भगत का मुकाबला भाजपा के समीर उरांव से है। भाजपा ने मौजूदा सांसद सुदर्शन भगत की जगह उरांव पर भरोसा जताया है। इसकी वजह सुदर्शन भगत को 2019 में सिर्फ 10,363 वोटों से मिली जीत रही है। 2018 में ओरांव राज्यसभा के लिए चुने गए थे और उनका कार्यकाल तीन मई को समाप्त हो गया है। यहां उनका मुकाबले में कांग्रेस ने पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष रहे सुखदेव भगत को उतारा है।

### पलामू में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में

- पलामू में भाजपा ने राज्य के पूर्व डीजीपी सांसद विष्णु दयाल राम को तीसरी बार मैदान में उतारा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से ममता भुइयां यां इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में उनका मुकाबला कर रही हैं। 2019 के चुनाव में विष्णु दयाल राम ने राजद के घूरन राम को 4,77,606 वोटों के अंतर से हराया था। यहां इस बार भी भाजपा की स्थिति बेहतर मानी जा रही है।

# गिरिराज, नित्यानंद व ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

बिहार का चुनावी रण

चुनाव डेस्क


**अमृत विचार।** बिहार में चौथे चरण में पांच लोकसभा सीटों मुंगेर, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और उजियारपुर में 13 मई को मतदान होगा। इस चरण में भाजपा के दिग्गज फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और जेडीयू नेता ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। एनडीए के सामने यहां अपनी जीत दोहराने का दबाव है।

**बाहुबली तय कर रहे मुंगेर में जीत-हार की तस्वीर :** मुंगेर लोकसभा सीट से एनडीए की सहयोगी जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह दूसरी बार मैदान में हैं। ललन सिंह ने 2019 के चुनाव में बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को हराया था। आरजेडी ने इस सीट से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को मैदान में उतारा है। लेकिन मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह जेल से बाहर आने के बाद ललन सिंह को खुला समर्थन दे रहे हैं।

**बेगूसराय में गिरिराज को चुनौती देना थोड़ा कठिन :** बेगूसराय लोकसभा सीट पर भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह की इस बार सीधी टक्कर सीपीआई के अवधेश राय से है। पिछली बार इस सीट से सीपीआई से कन्हैया कुमार चुनाव लड़े थे, उन्हें गिरिराज सिंह ने चार लाख मतों से हराया था। आरजेडी तीसरे नंबर पर थी। इस सीट पर भूमिहारों का दबदबा है। लोकसभा क्षेत्र में 18% भूमिहार, 14 % मुस्लिम और 10% यादव हैं।



गिरिराज सिंह।



नित्यानंद राय।



ललन सिंह। अमृत विचार

### दरभंगा में जातीय समीकरणों पर टिकी लड़ाई

- दरभंगा लोकसभा सीट पर 15 सालों से भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने इस बार इस सीट से मौजूदा सांसद गोपाल जी ठाकुर को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की तरफ से आरजेडी ने ललित कुमार यादव पर दांव लगाया है। वह दरभंगा ग्रामीण से छह बार विधायक चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में गोपाल जी ठाकुर ने आरजेडी के अब्दुल बारी सिद्दीकी को बड़े अंतर से हराया था। इस बार यहां जातीय समीकरण की लड़ाई है।

### समस्तीपुर में मंत्रियों के बेटे और बेटी में टक्कर

- समस्तीपुर लोकसभा सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी बीते दो चुनाव से जीत रही है। इस बार लोजपा टूट गई है। 2019 में लोजपा के रामचंद्र पासवान की जीत हुई थी। एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान ने शांभवी चौधरी को यहां से उतारा है। शांभवी चौधरी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने सन्नी हजारी को मौका दिया है। सन्नी हजारी जेडीयू मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह यहां नितीश के दो मंत्रियों के पुत्र-पुत्रियों में टक्कर है।

### उजियारपुर में राय के लिए अमित शाह बना गए माहौल

- भाजपा के लिए उजियारपुर लोकसभा सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। यहां गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की टक्कर राजद सुप्रीमो के करीबी पूर्व मंत्री आलोक मेहता से है। वह उन्हें जीत की हैट्रिक की चुनौती दे रहे हैं। साल 2009 में सीट अस्तित्व में आने के बाद से इस सीट पर एनडीए का कब्जा है। गृह मंत्री अमित शाह मतदाताओं से नित्यानंद राय को 'महत्वपूर्ण पद' देने की बात कहकर माहौल बना गए हैं। 2019 में नित्यानंद राय ने रालोसपा नेता उपेंद्र कुशवाहा को 2.71 लाख मतों से हराया था।

इलेक्शन बायस्कोप



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को बलिया में आयोजित जनसभा में आम जनमानस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में त्रिशूल भेंट किया । -अमृत विचार

## श्रावस्ती में मायावती की जनसभा आज

**अमृत विचार**: लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान के क्रम में शनिवार को बसपा प्रमुख मायावती श्रावस्ती जिले चुनावी जनसभा संबोधित करेंगी। यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत मायावती की जनसभा श्रावस्ती में चायना मंदिर के निकट पर्यटन मैदान में आयोजित होगी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में बसपा, बिना किसी गठबंधन का हिस्सा बने अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ा रही है। प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान की बागडोर सुप्रीमो मायावती स्वयं संभाले हुए हैं।

# फैजाबाद : भाजपा के लिए अनुकूल हैं परिस्थितियां

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन ने चुनाव को बना दिया रोचक

इंदु भूषण पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार** : अयोध्या के नाते हमेशा ही भाजपा की नाक का सवाल बन जाने वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर इस बार बसपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का भी चुनाव मैदान में होना निर्णायक फैक्टर बनने जा रहा है। ऐसे में पिछले दो लोकसभा चुनाव में लगभग 48 प्रतिशत वोट पाने वाले भाजपा सांसद लल्लू सिंह बाकी उम्मीदवारों के लिए बड़ी चुनौती हैं। तो वहीं विपक्षी दलों ने जो बिसात बिछाई है, वह भाजपा प्रत्याशी को प्रत्यक्ष रूप से राहत दे रही है।

बीते दो लोकसभा चुनाव को देखें तो फैजाबाद संसदीय सीट पर जो भी परिस्थिति रही हो, दोनों बार भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को 48 प्रतिशत से अधिक ही वोट मिले। 2014 के लोकसभा चुनाव में जब भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले कोई गठबंधन नहीं था तो भाजपा के लल्लू सिंह को 4,91,761 कुल 48.08 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं सपा के मित्रसेन यादव को 2,08,986 कुल 20.43 प्रतिशत और बसपा के जीतेन्द्र सिंह बबलू को 1,41,827 कुल 13.86 प्रतिशत और कांग्रेस के निर्मल खत्री को 1,29,917 कुल 12.70 प्रतिशत वोट मिले थे।




वहीं बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हो गया और सपा से यहां आनंद सेन यादव प्रत्याशी रहे। गठबंधन के नाते उनके खाते में सपा-बसपा के वोटों का ध्रुवीकरण हुआ ही। इसका असर यह भी रहा कि कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को पहले मिलने वाले मुस्लिम वोट भी छिटक कर गठबंधन प्रत्याशी आनंद सेन यादव के खाते में चले गए और कांग्रेस के निर्मल खत्री मात्र 53,386 अर्थात 4.91 प्रतिशत वोट में सिमट गए। इस तरह से सपा प्रत्याशी आनंद सेन यादव को 4,63,544 (42.63) प्रतिशत वोट हासिल हुए लेकिन भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह जिन्हें 2014 के चुनाव में 48.08 प्रतिशत वोट मिले थे। वह 2019 के चुनाव में 48.66 प्रतिशत वोट फिर विजयी हुए। इस तरह से देखा जाए तो गठबंधन होने और मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के बावजूद लल्लू सिंह के वोट प्रभाव पर कहीं से भी कोई असर नहीं पड़ा।

### सपा-बसपा का था गठबंधन

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपने मौजूदा सांसद को ही भाजपा ने फिर मैदान में उतारा है। वहीं इस चुनाव में विभिन्न दलों से प्रत्याशियों की जो बिसात बिछी है वह प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा और लल्लू सिंह के लिए राहत देने वाली है। जाहिर है कि 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन था तो उसे 42.63 प्रतिशत वोट मिला था, तो अबकी बार सपा और बसपा दोनों अलग अलग मैदान में हैं। सीधे तौर पर देखा जाए तो इस बार बसपा जो भी वोट पायेगी वह पिछले चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी आनंद सेन यादव को मिले वोट का ही हिस्सा होगा। बसपा कितना वोट पाती है यह देखना बाकी रहेगा लेकिन उन वोटों की हिस्सेदारी सपा के वोट बैंक से ही होगी।

### 2019:प्रत्याशियों का मत प्रतिशत





### मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र सेन परिवार का गढ़

वहीं इस बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भी चुनाव मैदान में है। उसने स्वर्गीय मित्रसेन यादव के बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव को प्रत्याशी बनाया है। फैजाबाद संसदीय सीट की मिल्कीपुर विधानसभा ऐसी है जो सेन परिवार का गढ़ रही है। सुरक्षित सीट हो जाने के नाते मौजूदा समय अवधेश प्रसाद यहां से सपा विधायक हैं। वरना इस सीट पर बहुतायत सेन परिवार का ही कब्जा रहा है। इस सीट से मित्रसेन यादव सहित उस परिवार में लगभग नौ बार विजय हासिल की है। अब इस लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए सबसे कठिन चुनौती उनकी खुद ही विधानसभा मिल्कीपुर में खड़ी हो गई है।

### सपा के लिए होगी मुश्किल

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन यादव का प्रभाव मिल्कीपुर विधानसभा के साथ साथ पड़ोस की बीकापुर और रुदौली विधानसभा में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन के सगे भाई पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव हालांकि सपा में ही हैं, लेकिन इस बार उनका टिकट कटना भी सपा को काठ साबित हो रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इस चुनाव में जो भी वोट पायेगी वह सपा के लिए ही मुश्किल साबित होगा। कुल मिलाकर फैजाबाद संसदीय सीट पर पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव की चौसर बिल्कुल भिन्न है। जिसमें बाकी सभी प्रत्याशियों के लिए चुनौती होगी कि वह भाजपा के आधार माने जा रहे लगभग 48 प्रतिशत वोट को पार कर पाए।

## अपनी ढपली अपना राग



देश की जनता के लिए सारी समस्याओं का समाधान रामराज है और इसी रामराज के लिए जनता बार-बार मोदी सरकार को चुन रही है। -योगी आदित्यनाथ



कुछ लोग सुबह उठते हैं और सत्ता पाने के लिए जुट जाते हैं। मैं सत्ता के बीच में पैदा हुआ हूं इसलिए लोगों के लिए काम करना चाहता हूं। सत्ता का लोभ मुझे नहीं हैं। - राहुल गांधी



भाजपा गलतफहमी दूर कर ले, राहुल और अखिलेश दो लड़कों के रूप में नहीं जनता के दो महानायकों के रूप में पहचान बन गये हैं। जल्द ही यह सामने होगा। -प्रमोद तिवारी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 हटाई गई। अबकी बार पाक अधिकृत कश्मीर में भारत का तिरंगा लहराएगा। -केशव मौर्य

# पुत्रों के पदार्पण में दो महारथियों ने गंवाई कुर्सी, अब रणनीतिक भूमिका में

## पुत्र के प्रेम में गई थी आनंद सिंह की कुर्सी

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** राजनीति में कभी भी और कुछ भी संभव है। कहीं भगवा प्रेम तो कहीं दबदबे का दांव भारी पड़ गया। दोनों राजनीतिक महारथियों को पुत्र के प्रेम में अपनी कुर्सी दांव पर लगानी पड़ी। अब दोनों राजनीतिक महारथी सिर्फ रणनीतिक भूमिका तक सीमित रह गए हैं। एक ने अपने उम्र का पड़ाव पार कर लिया है तो दूसरे को उम्र का पड़ाव पार करने का मौका तक नहीं दिया गया। यह टीस दोनों के अंदर है, लेकिन राजनीति और प्रेम में सबकुछ जायज है वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है।

गोंडा और कैसरगंज लोकसभा में यह परिदृश्य घट चुका है। चुनावी लड़ाई में जीत हार अलग है लेकिन ये दिग्गज बिना लड़े ही मैदान छोड़ने पर विवश हो गए हैं। जी हां! कैसरगंज के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो गए। अपने दबदबे के बलबूते राजनीति को धार देने वाले सांसद को इस बार उस समय मायूस होना पड़ा जब वह कैसरगंज में छह माह तक लगातार प्रचार प्रसार कर चुनाव लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता जता रहे थे। अंत तक वह चुनाव लड़ने की बात पर अड़े रह गए लेकिन पार्टी ने ऐन वक्त पर लड़ने से मना कर दिया और उनके बेटे करण भूषण को मैदान में उतार दिया। छह बार के सांसद रहे बृजभूषण शरण सिंह हाथ मलते रहे और बेटे की खातिर हां कहकर पार्टी के निर्णय को गले लगाना पड़ा। भारतीय कुश्ती संघ की कुर्सी पहले ही जा चुकी है। अब उनके पास चुनाव तक सांसद का पोर्टफोलियो है। एक टीवी के साक्षात्कार में उन्होंने स्वीकार किया कि उनके ऊपर आरोप लगाने वाले कामयाब रहे और अब उनके पास कोई पद नहीं बचा है। वह भावुक भी हुए और रणनीतिक लड़ाई में अपनी हार स्वीकार कर ली। लेकिन दूसरे दिन ही बेटा भी कहीं कूटनीति का शिकार न हो जाए, बेटे के लिए मैदान में कूद गए। हर कीमत पर बेटे के हाथ कुर्सी सौंपने की उनकी उत्कंठा दिखाई पड़ी।



## ब्रजभूषण को भी पुत्र के लिए छोड़नी पड़ी सीट

### रणनीतिक पृष्ठभूमि व्यूह रचना तक सिमटी

पुत्र के प्रेम में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को भी अपनी कुर्सी को दांव पर लगानी पड़ी है। अब वह भी अपने पुत्र के राजतिलक को लेकर मैदान में कूद पड़े हैं। राजा आनंद सिंह की उम्र करीब 90 वर्ष है तो बृजभूषण शरण सिंह की उम्र 66-67 साल है। बृजभूषण शारीरिक व मानसिक दोनों स्तर पर फिट हैं और एक युवा से अधिक मेहनत करते दिखते हैं। दोनों की रणनीतिक पृष्ठभूमि व्यूह रचना तक सिमट गई है। हो सकता है आने वाले समय में बृजभूषण सिंह को कोई नया पोर्टफोलिया मिले या वह राज्यसभा के लिए प्रयास करें लेकिन मौजूदा स्थिति यही है।



बृजभूषण शरण सिंह



आनंद सिंह



करण भूषण सिंह



कीर्तिवर्धन सिंह

दूसरी सीट गोंडा लोकसभा की है। इसकी कहानी और दिलचस्प है। 1971 से लेकर 1989 तक चार बार सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह को बेटे के कारण अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी।

2009 में पिता आनंद सिंह सपा में थे, लेकिन आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह बसपा से चुनाव हार गए और कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीत गए थे। लेकिन आनंद सिंह सपा से डगमग नहीं हुए। 2012 के चुनाव में वह गौरा से जीतकर विधायक बने। इसके बाद मुलायम सिंह की सरकार में कृषि मंत्री बने। वह दो साल तक मंत्री रहे। 2009 में पराजय देख चुके कीर्तिवर्धन सिंह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए और उन्हें भाजपा ने टिकट देकर मैदान में उतार दिया। इससे नाराज सपा मुखिया ने आनंद सिंह को मंत्री की कुर्सी से उतार दिया। मंत्री पद जाने से परिवार में भी अंदरूनी कसक दिखी। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए और वह भाजपा के कार्यों में जुट गए लेकिन पिता आनंद सिंह सपा में रहे और आज तक उन्होंने भाजपा की ओर रुख नहीं किया। वह कांग्रेस से चार बार सांसद रहे और सपा से विधायक व मंत्री रहे लेकिन भाजपा के राजनीतिक विरोधी जीवन भर रहे और आज भी भाजपा के किसी कार्यक्रम में नहीं जाते हैं।

### दोनों नेता बदल चुके हैं दल

कुर्सी प्रेम में राजनीतिक रसूख रखने वाले दोनों नेता दलबदल कर चुके हैं। जहां से मौका मिला उसी के हो लिए। आनंद सिंह चार बार कांग्रेस से सांसद रहे और सपा से एक बार विधायक। इसी तरह कीर्तिवर्धन सिंह सपा से दो बार सांसद बने तथा दो बार भाजपा से। एक बार बसपा से भी चुनाव लड़े लेकिन जीत नहीं सके। सांसद बृजभूषण शरण सिंह 1991 से 2019 तक छह बार सांसद रहे। दो बार गोंडा सीट से, एक बार बलरामपुर सीट से भाजपा से सांसद बने। 2009 में भाजपा छोड़ सपा का दामन थामा और कैसरगंज से सांसद बने। इसके बाद 2014 में भाजपा में वापस आए।

### कैसरगंज में कटरा तो गोंडा में मनकापुर ने पहनाई है माला

कांग्रेस के हासिए पर जाने के बाद क्षेत्रीय दलों में भाजपा को हमेशा सपा से ही टक्कर मिली है। कैसरगंज की पांच विधानसभा क्षेत्रों में बृजभूषण शरण सिंह कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र से कभी नहीं हारे। कटरा बाजार ने हमेशा उनके मिलने वाले वोट को बैलेंस से अधिक दिया। तीन चुनाव कैसरगंज से लड़ चुके हैं परंतु बृजभूषण शरण सिंह को कटरा से हमेशा जीत मिली है, जबकि बृजभूषण क्षत्रिय हैं और कटरा बाजार ब्राह्मण बाहुल्य है। यहां करीब सवा लाख ब्राह्मण मतदाता हैं और निर्णायक की भूमिका में रहते हैं। इसी तरह गोंडा लोकसभा में पांच विधानसभा क्षेत्रों में राजघराना मनकापुर से कभी नहीं हारा। यहां तक कि 1991 में रामजन्मभूमि आंदोलन के बाद हुए चुनाव में आनंद सिंह लोकसभा सीट हार गए थे लेकिन मनकापुर विधानसभा क्षेत्र से वह विजई रहे। यह सिलसिला आज तक जारी है। अन्य विधानसभा में वह हमेशा बैलेंस या पीछे हुए लेकिन मनकापुर में उनका कद कभी नहीं घटा।

# राजा भैया के गढ़ में गरजेंगे शाह

संवाददाता, प्रतापगढ़/कुण्डा

- कुण्डा के हीरागंज स्थित मां नायर देवी धाम में कल होगी जनसभा

**अमृत विचार** : कौशाम्बी और प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी पारा चढ़ गया है। 12 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा हीरागंज के मां नायर देवी धाम परिसर में होगी।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व सांसद विनोद सोनकर के समर्थन के लिए दिल्ली सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने भी यहां जनसभा को संबोधित किया था। मां नायर देवी धाम कुंडा तहसील क्षेत्र के लिए एक सिद्धपीठ धाम है। इसलिए यहां पर होने वाली जनसभा का अलग ही महत्व रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव जनसभा की तैयारियां अंतिम चरण में है।

### राजा भैया को लेकर संशय

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को लेकर संशय बना हुआ है। आमजनों में हरकोई यह जानने को आतुर है कि राजा भैया 12 मई को गृहमंत्री अमित शाह के मंच पर दिखेंगे की नहीं। बेंगलूरु में अमित शाह और राजा भैया की मुलाकात के बाद लोग यह अनुमान लगा रहे हैं।

## चुनावी चक्कर

- **मोदी के हमशक्ल भी बजा रहे जीत का डमरू:**

एक शख्स हैं अभिनंदन पाठक, इनकी सूरत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तनिक मिलती-जुलती है। इन दिनों वह वाराणसी में ही रह कर मोदी के चुनावी प्रचार में जुटे हैं। दरअसल, पीएम के हमशक्ल होने के साथ-साथ वह राष्ट्रीय नमो दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है और वाराणसी में डमरू बजकर लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वैसे तो पाठक जी देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिरूप धारण करके भ्रमण करते रहते हैं। लेकिन फिलहाल चुनाव संपन्न होने तक वह वाराणसी में ही रहेंगे। अभिनंदन पाठक का कहना है कि पीएम के अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे से पहले वह उनकी जीत का डमरू से वादन करने वह काशी आए हैं। इस दौरान वह डमरू बजाकर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए भी कह रहे हैं। स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए अभिनंदन कहते हैं कि 2014 में भी मैं वाराणसी में मोदी जी का प्रचार-प्रसार करने आया था, उन्हें जीत मिली। 2019 में भी वह यहां से सांसद और देश के प्रधानमंत्री बने और एक बार फिर से 2024 में उन्हें जीत दिलाने के लिए उनके प्रचार-प्रसार के लिए वाराणसी आया हूं। नरेंद्र मोदी इस बार भी वाराणसी से भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे और तीसरी बार प्रधानमंत्री बन देश की सेवा करेंगे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम विश्व पटल पर चमक रहा है।

## मिर्जापुर का भी प्रत्याशी बदल सकती है सपा

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी मिर्जापुर सीट से प्रत्याशी एनडीए उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मुश्किलें बढ़ाने जा रही है। भाजपा की सहयोगी अपना दल एस प्रमुख अनुप्रिया पटेल के मुकाबले भाजपा के ही मौजूदा सांसद सपा के टिकट पर मैदान में आ सकते हैं। फिलहाल सपा ने मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद को टिकट दिया है। लेकिन बदली स्थितियों में अब उनकी जगह भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को उतारने की तैयारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव कर रहे हैं। मिर्जापुर में अंतिम चरण में एक जून को मतदान है। जबकि नामांकन की प्रक्रिया 14 मई तक यहां चलेगी। दरअसल, भदोही से भाजपा ने इस बार सांसद रमेश बिंद का टिकट काटकर निषाद पार्टी के विनोद बिंद को प्रत्याशी बना दिया है। टिकट कटने के बाद से ही रमेश बिंद के बगावत करने की चर्चाएं चल रही थीं। इस बीच मिर्जापुर के सपा प्रत्याशी ने रमेश बिंद पर टिकट कटवाने का आरोप भी वीडियो जारी कर लगाया है।

# भाजपा, सपा को ध्रुवीकरण, बसपा को कैडर व मुस्लिम वोटों की आस

## श्रावस्ती के रण में बिछ गई राजनीतिक बिसात

लाल जी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार:** ज्यों-ज्यों मतदान की तारीख नजदीक आ रही श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र का चुनावी रण दिलचस्प होता जा रहा है। भाजपा तथा सपा ध्रुवीकरण के जरिए तथा बसपा परंपरागत और मुस्लिम मतदाताओं के भरोसे चुनावी बैतरणी पार करने की कोशिश कर रही है। अब देखना यह है कि मतदाता किसे मौका देते हैं ।

बताते चले की श्रावस्ती की धरती कांग्रेस और जनसंघ का गढ़ रही है। 90 के दशक के बाद इस धरती पर सपा और बसपा का जनाधार भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2009 में बलरामपुर संसदीय सीट क्षेत्र का अस्तित्व खत्म होने के बाद श्रावस्ती के नाम से नया संसदीय क्षेत्र बना। श्रावस्ती की जनता ने पहली बार कांग्रेस पार्टी को मौका देते हुए डॉक्टर विनय कुमार पांडे को लोकसभा पहुंचाया। वर्ष 2014 में समीकरण बदला और भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के बाहुबली नेता अतीक अहमद को हराकर इस सीट पर कब्जा कर लिया। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी को मात देते हुए यह सीट बसपा की झोली में डाल दी । वर्ष 2024 का चुनाव में सब कुछ बदला नजर आ रहा है। जिस सीट पर बसपा ने परचम लहराया था अब इस सीट पर वह अपनी विरासत बचाने के लिए संघर्ष करती हुई दिख रही है। भाजपा के साकेत मिश्रा और इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा आमने-सामने हैं। बसपा इस बार इस सीट से हाजी दद्दन खान को उतार कर मुस्लिम मतों को एक बार फिर अपने पाले में करने की कोशिश करती नजर आ रही है । हाजी दद्दन खान का दावा है कि भाजपा और सपा के प्रत्याशी स्थानीय ना होकर बाहरी हैं तो यहां की जनता स्थानीय होने के नाते उन्हें मौका देगी । वहीं सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा को मुस्लिम यादव और कुर्मी वोटों के एकजुट होने की पूरी आस है । इसी के सहारे चुनावी बाजी मारने की एक बार फिर फिराक में हैं। अब देखना यह है कि उनका यह गणित दोबारा सफल होगा या पिछले 5 साल के उनके कार्यों को देखते हुए जनता उन्हें सबक सिखाएगी। वहीं भाजपा के साकेत मिश्रा पार्टी के परंपरागत मतों के साथ-साथ अनुसूचित वर्ग के मतदाताओं को भी साधने में जुटे हुए हैं।

स्टार प्रचारकों की बात करें तो अभी तक जिले में भाजपा के ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी जनसभा कर चुके हैं। सपा तथा बसपा का कोई भी स्टार प्रचारक अभी तक जिले में नहीं आया है। भाजपा के पक्ष में आगामी 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनावी जनसभा करेंगे। चुनावी माहौल यह है कि जनसभा और डोर टू डोर कंपेन को छोड़कर कहीं कुछ नहीं दिख रहा है। मतदाता चुप्पी साधे हुए है। गांव की चौपाल में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।




## भाजपा से साकेत व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि आमने-सामने



साकेत मिश्रा



राम शिरोमणि वर्मा



हाजी दद्दन खान

### चुनावी माहौल


- अभी तक जिले में नहीं आया सपा व बसपा का कोई भी स्टार प्रचारक
- गांव की चौपाल में भी तरह-तरह की हो रही है चर्चाएं

## 16 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करेंगे चुनावी जनसभा

### गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में भी कांटे का मुकाबला

गैंसड़ी विधानसभा के उपचुनाव में भी सपा के राकेश यादव के समक्ष सीट बचाने की चुनौती है तो वहीं विधानसभा चुनाव में मामूली मतों से हारने वाले भाजपा के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू इस बार कोई चूक नहीं करना चाह रहे हैं। बसपा ने यहां से इस बार नए युवा चेहरे मोहम्मद हारिश खान को मैदान में उतारा है। विदित हो कि यह सीट जिले में सपा के संस्थापक रहे विधायक डॉक्टर एसपी यादव के निधन के बाद खाली हुई है। पार्टी ने इस सीट से उनके बेटे राकेश यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। राकेश क्षेत्र में सहानुभूति की साइकिल चलाकर इस सीट पर फिर से कब्जा करने की फिराक में है। यहां पर भी सपा मुस्लिम, यादव व कुर्मी मतों को एकजुट करने में लगी है । वहीं भाजपा के शैलेश कुमार सिंह शैलू पिछली गलतियों से सबक लेकर इस बार क्षेत्र में हर हाल में जीत का परचम लहराने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं बसपा के मोहम्मद हारिश खान पार्टी के परम्परागत वोटो के साथ-साथ मुस्लिम मतों को भी अपने पाले में करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### गैंसड़ी विधानसभा में मतदाता






शैलश सिंह शैलू




राकेश यादव



मो .हारिश खान

### श्रावस्ती लोकसभा में मतदाता



**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइटराइडर्स

बनाम

लखनऊ सुपर जाइंट्स

शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## खिलाड़ियों को खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ से मिलेगी मदद : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को पेरिस में सर्वोत्तम संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा और समय की बचत के लिए खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ को खेल गांव के करीब रखा जाएगा।

पेरिस में भारतीय एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद भारत लौटीं उषा ने कहा कि आईओए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें।



चेटेउरौक्स निशानेबाजी क्रेंद पेरिस से लगभग दो घंटे की दूरी पर है, जबकि ले गोल्फ नेशनल ओलंपिक हब से एक घंटे की दूरी पर है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहयोगी सदस्यों के लिए आवास सुरक्षित करने में सक्षम हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। पूर्व दिग्गज धाविका ने मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे है।

## विश्व कप में पारी का आगाज करें विराट : गांगुली

बेंगलुरु, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा आईपीएल में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

गांगुली ने कहा, विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए। भारत ने टी20 विश्व कप के लिए संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत है। गांगुली ने कहा यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है। बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है।



- सौरव बोले-17 साल के बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत रखने वाली संतुलित टीम है भारत के पास

### पहले की तरह नहीं पर कोहली अभी भी जबर्दस्त : टॉम मूडी

**धर्मशाला।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमाएं हैं लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिए कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को 47 गेंद में 92 रन की पारी खेली और डीप मिड विकेट से सटीक थ्रो पर शशांक सिंह को रन आउट भी किया। मूडी ने कहा यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।

# गिल-साई के शतकों ने बिगाड़ा चेन्नई का गणित

## शुभमन और सुदर्शन ने बनाई 210 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी, हार के बाद सीएसके के लिए मुश्किल हुई प्लेऑफ की राह




अहमदाबाद, एजेंसी

आईपीएल के 59वें मुकाबले में साई सुदर्शन (103) और कप्तान शुभमन गिल (104) की आतिशी शतकीय पारियों तथा उसके बाद मोहित और राशिद ने पांच महत्वपूर्ण विकेट झटकने की बदौलत गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर 35 रनों से जीत दर्ज की है।

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 10 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गवां दिये। अजिंक्य रहाणे(1), रचिन रविंद्र (1) और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद डैरिल मिचेल और मोइन अली ने पारी को संभाला। डैरिल मिचेल ने 34 गेंदों सर्वाधिक 63 रन बनाए। शिवम दुबे (21), रवींद्र जडेजा (18) और मिचेल सैंटनर (शून्य) पर आउट हुए। एमएस धोनी (26) और शार्दुल ठाकुर (3) रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी और 35 रन से मुकाबला हार गई।

इससे पहले गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 232 रनों का लक्ष्य दिया था। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए मैदान के चारों शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड अवजित 210 रनों की साझेदार की। 18वें ओवर में तुषार देशपांडे ने साई सुदर्शन को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 231 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से तुषार ने दो विकेट लिये।



### साई के नाम दर्ज हुई खास उपलब्धि

शुभमन गिल और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 210 रन की साझेदाही हुई। अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दौरान साई सुदर्शन ने 51 गेंद का सामना करते हुए 103 रन बनाए। आउट होने से पहले साई ने 5 चौके और सात छक्के लगाए। साई सुदर्शन ने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे किए।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 12 | 7 | 5 | 12 | +0.491 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |

**गुजरात 231/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का दुबे बो देशपांडे | 103 | 51 | 5/7 |
| शुभमन गिल का जडेजा बो देशपांडे | 104 | 55 | 9/6 |
| डेविड मिलर नाबाद | 16 | 11 | 1/0 |
| शाहरुख खान रन आउट | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सेंटनर 2-0-31-0, देशपांडे 4-0-33-2, शारदुल 4-0-25-0, सिमरजीत 4-0-60-0, जडेजा 2-0-29-0, मिचेल 4-0-52-0

**चेन्नई 196/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का तेवतिया बो वॉरियर | 1 | 5 | 0/0 |
| रचिन रविंद्र रन आउट | 1 | 2 | 0/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ का राशिद बो उमेश | 0 | 3 | 0/0 |
| डेरिल मिचेल का शाहरुख बो मोहित | 63 | 34 | 7/3 |
| मोईन अली का नूर बो मोहित | 56 | 36 | 4/4 |
| शिवम दुबे का नूर बो मोहित | 21 | 13 | 2/1 |
| रविंद्र जडेजा का मिलर बो राशिद | 18 | 10 | 2/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 26 | 11 | 1/3 |
| मिचेल सेंटनर बो राशिद | 0 | 2 | 0/0 |
| शारदुल ठाकुर नाबाद | 3 | 4 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमेश 3-0-20-1, वॉरियर 3-0-28-1, त्यागी 4-0-51-0, नूर 2-0-25-0, राशिद 4-0-38-2, मोहित 4-0-31-3

## खेल डायरी

### न्यूजीलैंड के मनरो ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने टी-20 विश्वकप में जगह नहीं मिल पाने के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मनरो पिछले चार साल से सिर्फ फ्रैंचाइज क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ्रैंचाइज क्रिकेट खेलते रहेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन उनके लिए जगह नहीं बन पाई। मनरो ने कहा, न्यूजीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करिअर की बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा।

### सेंथिलकुमार और रथिका करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगी। चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैम्पियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं।

### गुकेश की वापसी, तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

**वारसॉ।** विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए शुक्रवार को सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से ड्रा खेलने से पहले हमवतन आर प्रज्ञानानंदा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी। प्रज्ञानानंदा ने पांचवें दौर में होलैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनाई हुई है जबकि प्रज्ञानानंदा और शेवचेंको संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम



**लंदन।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए वीडियो में कहा मैं सत्र के अंत में अपना करिअर समाप्त करने वाला हूं। उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे। वह 2020 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे थे और जून 2021 में कलाई की चोट से पहले शीर्ष पांच में शामिल रहे थे।

### ओलंपिक चयन के लिए निशानेबाजी ट्रायल आज से

**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके। निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है। हर स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस का टिकट कटाएंगे। पहले दो ट्रायल दिल्ली में पिछले महीने हुए हैं और अगले दो मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में होंगे। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग लेंगी।

## केकेआर की नजर प्लेआफ की टिकट पर

कोलकाता, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा।

दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है।



वहीं पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

## संजीव गोयनका की हरकत शर्मनाक, बात करने का भी तरीका होता है : मोहम्मद शमी

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए खेलों में कोई जगह नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ की दस विकेट से हार के बाद राहुल पर बरसते हुए गोयनका की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

शमी ने कहा करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। आपका एक दायरा होना चाहिए बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। टीवी कमेंटेटर ग्रीम स्मिथ और स्कॉट स्टायरिस ने भी कहा था कि ऐसी बातें निजी तौर पर होनी चाहिए, कैमरे के सामने नहीं। शमी ने कहा यह ध्यान रखना चाहिए कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं।

- राहुल को फटकारने के मामले पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के मालिक पर बिफरे शमी



**टी-20 विश्वकप के बाद द्रविड का कार्यकाल हो रहा है समाप्त, जय शाह बोले- चाहें तो फिर से आवेदन कर सकते हैं राहुल**

## मुख्य कोच के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा बीसीसीआई

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लिए टी-20 विश्वकप से पहले टीम के मुख्य कोच के लिए आवेदन मंगाएगा। बीसीसीसीआई पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बार नए मुख्य कोच के लिए टी-20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही आवेदन मंगाएगा। टी-20 विश्वकप के बाद राहुल द्रविड का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अगर द्रविड़ अपने कार्यकाल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें भी आवेदन करना होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि हम अगले कुछ दिनों में आवेदन जारी करेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। अगर वह फिर से आवेदन करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। शाह ने कहा हम तीन साल के लंबे कार्यकाल के लिए कोच ढूंढ़ रहे हैं। अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग-अलग कोच की संभावना बहुत कम है। हालांकि आखिरी फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को करना है, मुझे इस निर्णय को बस लागू करना है। चयनकर्ता के पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। समित की बैठक के बाद अंतिम नाम का फैसला होगा। टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम दो चरणों में रवाना होगी। आईपीएल 2024 से बाहर हो चुकी टीमों के खिलाड़ी विश्वकप के लिए 24 मई को रवाना होंगे, वहीं शेष दल 26 मई के आईपीएल फाइनल के बाद अमेरिका के लिए रवाना होगा। बीसीसीआई ने आईसीसी से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को इंग्लैंड से कहीं और भी ले जाए जाने को लेकर बात की। खिताबी मुकाबले के लिए अन्य जगह खोजना चुनौतीपूर्ण होगा।



### इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम पर पुनर्विचार संभव

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे। शाह ने कहा इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था।

### ईशान, अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे। शाह ने कहा आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं। वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था।

## बॉलीवुड हलचल

### हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है। हीरामंडी द डायमंड बाजार में मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। मनीषा कोईराला ने बताया है कि वह हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। शूटिंग के दौरान उन्हें बस यही लग रहा था कि कैसे भी करके यह वक्त निकल जाए और इसके बाद अपनी सेहत पर ध्यान दिया जाए। मनीषा कोइराला ने मल्लिका जान के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की थी। उनके सामने एक चुनौती तो यही थी कि उन्हें उर्दू बोलनी नहीं आती थी। अच्छा शॉट देने के लिए मनीषा, सात घंटे तक सेट पर बैठी रही थीं। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था।



### सिंघम अगेन के सेट से अर्जुन ने शेयर किया इंटेंस लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा टाइगर श्राफ, अर्जुन कपूर, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अर्जुन का अलग अवतार नजर आने वाला है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म सिंघम अगेन के सेट से एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) फोटो शेयर की है, जिसमें उनकी मस्कुलर बॉडी देखने को मिल रही है। अर्जुन कपूर ने फिल्म सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेस लुक शेयर किया है। अर्जुन कपूर ने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'शूट लाइफ!! #सिंघम अगेन।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

### जयशंकर ने कहा - खालिस्तानियों को राजनीतिक प्रश्रय से साफ है कि कनाडा में वोट बैंक उसके कानून से अधिक शक्तिशाली

# अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ अलगाववाद का समर्थन नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री ने कहा-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाना नहीं



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

जयशंकर ने बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तान समर्थकों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। अगर आपके यहां ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह वास्तव में कहता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य दस लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं। देश में भारतीय प्रवासियों में ज्यादातर सिख हैं जो वहां की राजनीति में एक प्रभावशाली समूह माने जाते हैं। पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नयी दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था। भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडाई धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को प्रश्रय देने का है।

जयशंकर ने कहा कि यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है। हमें खेद है कि हमने जो देखा है वह कनाडा की राजनीति की दिशा है जहां अलगाववादियों और चरमपंथी ताकतों, जिनमें से कई खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं, को उस देश में राजनीतिक प्रश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम इसे नजरअंदाज करके अच्छे संबंधों की बात नहीं कर सकते। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उसके यहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

#### भारत-अमेरिका के संबंधों की प्रगति पर नहीं असर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हत्या की एक असफल साजिश में किसी भारतीय के शामिल होने के आरोपों से भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति पर कोई असर नहीं पड़ा है। नवंबर में, अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक पर न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के बुनियादी सिद्धांत बहुत मजबूत हैं। अमेरिका ने सकारात्मक भाव के साथ हमारा ध्यान कुछ जानकारी की ओर दिलाया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, उत्पादन में विविधता लाने, नयी आपूर्ति श्रृंखला बनाने, शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने और उच्च-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को भारत-अमेरिका संबंधों के लक्ष्य करार दिया।

## राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी,** भारत और मोल्दोवा ने शुक्रवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके लागू होने के बाद दोनों देशों के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के एकदूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा। भारत गणराज्य के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा गणराज्य की राजदूत (विशेष और पूर्णाधिकारी) एना ताबन ने आज 10 मई को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट के लिए वीजा छूट पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के तार पाकिस्तान से जुड़े

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- मतदान से एक दिन पहले ई मेल से मिली थी धमकी

अहमदाबाद में 7 मई को मतदान की पूर्वसंध्या पर 36 स्कूलों को भेजे गए बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और इसे मतदान से पहले लोगों के बीच डर पैदा करने की कोशिश करार दिया। गुजरात की 26 में से 25 लोकसभा सीट के लिए मतदान 7 मई को हुआ था।

अहमदाबाद अपराध शाखा ने बताया कि ईमेल 'मेल.रू' डोमेन से भेजे गए थे, जिन्हें एक व्यक्ति ने खुद तौहीद लियाकत बनकर सारे स्कूलों को भेजा था। संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि लियाकत ने हमद जावेद के रूप में एक और पहचान भी बना ली थी। इन नामों वाला व्यक्ति पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले से काम कर रहा था। एक ही शख्स ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग पहचान बनायी, उनमें से एक हमद जावेद की भी है। सिंघल ने कहा कि आरोपी का नाम एक अन्य एजेंसी द्वारा मोहपाश (हनीट्रैप) के एक मामले में जांच के दौरान भी सामने आया था। आगे की जांच चल रही है और आसूचना ब्यूरो (आईबी), आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस), राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) जैसी एजेंसियों से संपर्क किया गया है। जिन 36 स्कूलों को धमकी भरा ईमेल मिला था, उनमें से कई को मतदान केंद्र बनाया गया था। यह ईमेल शहर में मतदान से एक दिन पहले 6 मई को प्राप्त हुआ था।

### एक नजर

#### पुतिन ने मिशुस्तिन को पुनः नियुक्त किया रूस का प्रधानमंत्री

**मॉस्को, एजेंसी,** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुनः देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। वह पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे। हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुनः नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है।

#### छह महीने के बच्चे को नवी मुंबई में मुक्त कराया

**ठाणे, एजेंसी,** पुलिस ने मध्य प्रदेश से छह महीने के एक बच्चे का अपहरण करने के आरोप में नवी मुंबई से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। कल्याण के पुलिस उपायुक्त (जोन-तृतीय) सचिन गुंजल ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नवी मुंबई के पनवेल इलाके में एक आवासीय इमारत से बच्चे को बचाया। उन्होंने कहा कि बच्चे का अपहरण मध्य प्रदेश के रीवा जिले में उसके घर के पास से किया गया था और भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कल्याण के शाहद क्षेत्र के आसपास कहीं हैं जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सतर्क कर दिया गया।

#### तुर्की ने इराक में पीकेके के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

**अंकारा, एजेंसी,** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक के प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सैन्य कार्यवाई शुरू कर दी है। समाचार पत्र येनी सफाक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने पीकेके को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया है। मीडिया ने पिछले हफ्ते बताया था कि तुर्की सशस्त्र बल नये सैन्य अड्डों को स्थापित करके और क्षेत्र में अंकारा की सैन्य उपस्थिति को बढ़ाकर पीकेके के खिलाफ एक सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने सीरिया में 30 से 40 किलोमीटर (18.6-24.8 मील) की लंबाई के साथ एक सुरक्षा गलियारा बनाने की योजना की भी घोषणा की है।

# भारत के चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों को किया खारिज

### अमेरिका ने दी सफाई, रूसी विदेश मंत्रालय ने लगाया था आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- मिलर ने कहा- हम न ही भारत में और न ही दुनिया में होने वाले किसी भी चुनाव में शामिल है

अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को गुरुवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी। दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है।

मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। अमेरिका के समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट में हाल में प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना बनाने में शामिल थे। इस लेख पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में संवाददाताओं से कहा अमेरिका नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाता रहता है।

हम देखते हैं कि वे न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता। रूसी प्रवक्ता ने इसे अमेरिका की औपनिवेशिक काल की मानसिकता करार दिया। आरटी न्यूज ने जखारोवा के हवाले से कहा कि वे आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों मामलों में वाशिंगटन से अधिक दमनकारी शासन की कल्पना करना कठिन है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वाशिंगटन में इन आरोपों के संबंध में किए गए किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि जब तक ये आरोप न्यायपालिका के समक्ष सिद्ध नहीं हो जाते जब तक ये महज आरोप हैं। चूंकि ये कानूनी मामला है इसलिए मैं यहां इस पर कुछ नहीं कहूंगा...।

## दिल्ली पहुंचे चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग

**नई दिल्ली, एजेंसी,** भारत में चीन के नये राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। भारत में चीन के राजदूत का पद करीब 18 महीने से खाली था, जो चार दशकों में सबसे लंबा अंतराल है। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच यह बात कही है।

शू (60) ने सुन वेइदोंग की जगह ली है, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में रवाना हो गए थे। शू का भारत आगमन पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच लंबी सैन्य व राजनयिक वार्ता के बीच हुआ है। उन्होंने कहा यह एक सम्मानजनक मिशन और महत्वपूर्ण ड्यूटी है। मैं दोनों देशों के बीच समझ और दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने व आगे ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।



हौथी समर्थकों ने यमन के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले हमलों के खिलाफ और गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के समर्थन में सना में एक रैली में भाग लिया। • एजेंसी

## अमेरिका में पुलिस ने एमआईटी परिसर से फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हटाया

**बोस्टन, एजेंसी**

पुलिस ने शुक्रवार तड़के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में फलस्तीन समर्थक तंबू को हटा दिया और फिलाडेल्फिया में पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय के परिसर से प्रदर्शनकारियों को बाहर कर दिया। पुलिस ने इस कार्रवाई से कुछ ही घंटे पहले एरीजोना विश्वविद्यालय में एक तंबू को हटा दिया और प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े। एमआईटी परिसर में पुलिस सुबह चार बजे पहुंची और प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए 15 मिनट का समय दिया। विश्वविद्यालय की अध्यक्ष ने कहा कि वहां से नहीं जाने वाले 10 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, परिसर के बाहर एकत्र हुई भीड़ ने नारेबाजी की लेकिन उसे सुबह छह बजे तक तितर-बितर कर दिया गया। टक्सन में, एरीजोना विश्वविद्यालय कैम्पस पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बृहस्पतिवार रात आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय परिसर में दो हफ्ते से अधिक समय से डेरा डाले लोगों को हिरासत में ले लिया।

#### गाजा के रफह में भीषण लड़ाई के कारण सहायता मार्ग बंद

**रफह।** संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिणी गाजा शहर रफह के बाहरी इलाके में इजराइली सैनिकों और फलस्तीनी आतंकवादियों के बीच भीषण लड़ाई के कारण महत्वपूर्ण नजदीकी सहायता मार्ग तक पहुंच बाधित हो गई है और 100,000 से अधिक लोगों को उत्तर की ओर भागना पड़ा है। रफह पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की इजराइल की योजनाएं फिलहाल रुकी हुई प्रतीत होती हैं।

## अफगानिस्तान ने अमेरिका पर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का लगाया आरोप

**काबुल, एजेंसी,** अफगानिस्तान के राजनीतिक मामलों के कार्यवाहक उप प्रधानमंत्री मावलवी अब्दुल कबीर ने अमेरिका पर अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। टोलोन्यूज़ ने शुक्रवार को कबीर के हवाले से कहा कि अमेरिका का ड्रोन अभियान एक समस्या है, क्योंकि अफगानिस्तान के पास अमेरिकी अभियान को रोकने के लिए कोई आवश्यक उपकरण नहीं है।

चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार वरिष्ठ अफगान अधिकारी ने गुरुवार को पूर्वी पंजशीर प्रांत में एक सार्वजनिक बैठक में यह टिप्पणी की। बैठक में कबीर ने अमेरिकी ड्रोनों को अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र में गश्त करने की अनुमति देने के लिए अमेरिका से कथित वित्तीय सहायता को भी खारिज कर दिया।

# रूस ने खारकीव के वोवचांस्क पर राकेट से किया हमला

**कीव, एजेंसी**

- यूक्रेन ने कहा रूसी सेना ने सुरक्षा को भेदने की कोशिश की

रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के उत्तर-पूर्व शहर वोवचांस्क पर तोप के गोले और रॉकेट से हमला करने के साथ ही निर्देशित हवाई हमले किये। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात के समय गोलाबारी से खारकीव क्षेत्र में और रूसी सीमा से पांच किमी से कम दूरी पर स्थित वोवचांस्क को निशाना बनाया गया।

अधिकारियों ने लगभग 3,000 लोगों को वहां से निकालने की प्रक्रिया शुरू की। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के रूसी सेना ने यूक्रेनी सुरक्षा को भेदने की कोशिश की। हमले को रोकने के लिए आरक्षित इकाइयों को तैनात किया गया था। यह हमला एक बफर जोन बनाने के रूसी प्रयास की शुरुआत का प्रतीक हो सकता है जिसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बेलगोरोड और अन्य रूसी सीमा क्षेत्रों पर लगातार यूक्रेनी हमलों को रोकने के लिए इस साल की शुरुआत में बनाने का संकल्प लिया था। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसे पता है कि रूस खारकीव और सुमी क्षेत्रों के करीब उत्तर पूर्व सीमा पर हजारों सैनिकों को इकट्ठा कर रहा है। यूक्रेनी खुफिया अधिकारियों ने कहा कि क्रेमलिन की सेना ने पूर्वी यूक्रेन में हालिया जमीनी हमला किया है, उन्हें उम्मीद है कि क्रेमलिन की सेना उत्तर पूर्व में भी हमला करेगी। रूस संभवतः यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर कब्जा नहीं कर सकता, लेकिन वह यूक्रेन को इस क्षेत्र में और अधिक सैनिक भेजने के लिए मजबूर कर सकता है, जिससे अन्य क्षेत्र हमले के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाएंगे।

## तुर्की में स्कूल प्रधानाचार्य की हत्या के विरोध में शिक्षक हड़ताल पर

**अंकारा, एजेंसी,** तुर्की की सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में हाल ही में इयुपसुल्तान डिस्ट्रिक में एक निजी स्कूल के प्रधानाचार्य की हत्या के बाद शिक्षकों ने एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। तुर्की मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी।

डेमिरोरेन समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इराकी मूल के एक 17 वर्षीय छात्र को एक दिन पहले कथित तौर पर प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या करने के बाद बुधवार को हिरासत में लिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि संदिग्ध ने दावा किया है कि वह निजी स्कूल के प्रिंसिपल के पैर में चोट पहुंचाना चाहता था, क्योंकि उनके बीच झगड़ा हुआ था। समाचार एजेंसी ने बताया कि कम से कम सात श्रमिक संघों ने तुर्की के शिक्षकों से घातक घटना का विरोध करने और शुक्रवार को अपना काम बंद करने का आग्रह किया है।

## मसालों में ईटीओ रसायन पर लगाम के लिए निर्यातकों को दिशा निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जताने पर उठाया गया ये कदम

मसाला बोर्ड ने भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों में कैंसरजनक रसायन एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) का इस्तेमाल रोकने के लिए निर्यातकों को व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। कुछ मसाला उत्पादों पर हाल ही में कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जाहिर किए जाने के बीच यह कदम उठाया गया है।

दिशानिर्देशों के अनुसार, निर्यातकों को मसालों में रोगाणुनाशक/धूमनकारी एजेंट या किसी अन्य रूप में ईटीओ रसायन के इस्तेमाल से बचना होगा। इसके साथ ही उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि परिवहन, भंडारण/गोदाम, पैकेजिंग सामग्री आपूर्तिकर्ता किसी भी स्तर पर इस रसायन का उपयोग न करें। इसमें कहा गया कि निर्यातकों को आपूर्ति श्रृंखला में मसालों तथा मसाला उत्पादों में ईटीओ और इसके मेटाबोलाइट की अनुपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय करने होंगे। निर्यातक लइस रसायन को एक खतरे के रूप में भी पहचानेंगे और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में खतरा विश्लेषण नियंत्रण बिंदुओं तथा खाद्य सुरक्षा योजना में ईटीओ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण नियंत्रण बिंदुओं को शामिल करेंगे। निर्देशों में कहा गया कि निर्यातकों को कच्चे माल, प्रसंस्करण सहायक सामग्री, पैकेजिंग और तैयार माल में ईटीओ का परीक्षण करना होगा।

# द. दिल्ली में दो नाबालिगों की चाकू से गोद कर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- संगम विहार इलाके में सात लोगों ने किया चाकुओं से हमला

दिल्ली में कथित तौर पर चाकू गोद कर 17 वर्षीय दो लड़कों की हत्या कर दी गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार को टिगरी में हुई और पीड़ितों की पहचान फिरोज, आसिफ और सलमान के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा कि जब वे संगम विहार इलाके में सी-ब्लॉक पर खड़े थे तब लगभग सात लोगों ने चाकुओं और डंडों से उन पर हमला कर दिया।

उन्होंने कहा कि तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां फिरोज और आसिफ को मृत घोषित कर दिया गया जबकि सलमान का इलाज किया जा रहा है। डीसीपी ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि फिरोज ने कुछ दिन पहले कथित तौर पर एक आरोपी को थप्पड़ मारा था और दोनों समूहों के बीच मामूली झड़प हुई थी। उन्होंने कहा कि बदला लेने के लिए आरोपियों ने पीड़ितों पर हमला किया। पुलिस ने कई टीम बनाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए आरोपियों की पहचान कर ली है। डीसीपी चौहान ने कहा, उनमें से 19 साल के दो आरोपियों फरीद उर्फ अमन और अभिषेक उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ की गई है। चौहान ने बताया कि आरोपी और पीड़ित एक ही इलाके के रहने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि वे स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुके हैं और अक्सर छोटे-छोटे झगड़ों में लगे रहते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## मादक पदार्थ की तस्करी के तीन को 20 साल की सजा

**भुवनेश्वर, एजेंसी,** ओडिशा में भुवनेश्वर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश ने प्रतिबंधित पदार्थ ले जाने के आरोप में तीन आरोपियों को दोषी पाये जाने के बाद 20 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने गुरुवार को आदेश दिया कि तीनों दोषियों देबाशीष बेहरा, प्रबीर कुमार सिंह और एसके कौसर अल्ली को जुर्माना राशि नहीं चुकाने पर एक साल की अतिरिक्त कैद की सजा काटनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, तीनों 19 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से प्रतिबंधित मादक पदार्थ खरीदकर एक बोलेरो वाहन से ले जा रहे थे तभी उन्हें भुवनेश्वर के रसूलगढ़ के पास रोका गया और गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में करीब पांच किग्रा ब्राउन शुगर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस | कई कंपनियों ने कहा– विश्व की नवाचार प्रेरित अर्थ व्यवस्थाओं में भारत का प्रमुख स्थान

# देश की असीम संभावनाओं की कुंजी है प्रौद्योगिकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रही प्रमुख कंपनियों ने प्रौद्योगिकी को देश की असीम संभावनाओं को साकार करने की कुंजी बताया है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में अपने-अपने क्षेत्र में अपने योगदान को रेखांकित करते हुए इन कंपनियों ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विश्व की नवाचार प्रेरित अर्थव्यवसाओं में अपना एक प्रमुख स्थान बनाया है। भारत के 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण को विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में चिह्नित करने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई को मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में नोकिया इंडिया के कंट्री मैनेजर तरुण छाबड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस नवाचार और उसे आगे बढ़ाने में युवाओं के योगदान का उत्सव है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में तकनीकी



नवाचार से प्रेरित होकर खुद को दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है। हमारा मानना है कि अगले दशक में ऐसा होगा एआई, क्लाउड और कनेक्टिविटी में अद्वितीय तकनीकी प्रगति ने भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में अपनी पकड़ मजबूत करने के नए अवसर प्रदान किए हैं। छाबड़ा ने कहा कि नोकिया अपने नवाचार प्लेटफार्मों, समुदायों और भौतिक प्रयोगशालाओं का लाभ उठाकर एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहे हैं। जहां हम भविष्य की डिजिटल सेवाओं और अनुप्रयोगों को आकार देने के लिए भागीदारों और प्रौद्योगिकियों को एकजुट करते हैं, भारत इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

फिनटेक कंपनी नियोग्रोथ के प्रबंध निदेशक और अधिशासी अधिकारी अरुण नैय्यर ने कहा कि नियोग्रोथ में हम व्यावसायिक लक्ष्यों और प्रभाव को आगे बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक उपकरण के रूप में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में विश्वास करते हैं। हमारी प्रतिबद्धता हमारे परिचालन के हर पहलू में प्रौद्योगिकी को निर्बाध रूप से एकीकृत करके टिकाऊ और लाभदायक विकास हासिल करने में निहित है। जोखिम प्रबंधन और परिचालन दक्षता बढ़ाने से लेकर अद्वितीय ग्राहक अनुभव प्रदान करने तक, हम हर कदम पर डिजिटल नवाचार का लाभ उठाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी के पास एक अच्छी तरह से एकीकृत डिजिटल बुनियादी ढांचा है। इंडिया स्टैक, आधार प्रमाणीकरण, जीएसटी, डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र और अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क को शामिल करते हुए हम अपने ग्राहकों के लिए एक सहज और सरलीकृत प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। भारत में थेल्स के उपाध्यक्ष आशीष सराफ ने कहा कि प्रौद्योगिकी भारत की असीम संभावनाओं को उजागर करने की कुंजी है।

#### अपने आप को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करें वैज्ञानिकः डॉ. कामत

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वैज्ञानिकों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करके खुद को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करने की अपील की है। डीआरडीओ ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस से एक दिन पहले शुक्रवार को प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठानों में विभिन्न कार्यक्रम और व्याख्यान आयोजित किए। डा कामत ने यहां रक्षा विज्ञान मंच (डीएसएफ) द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह की अध्यक्षता की। विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठानों से कुल 45 भाषण पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को प्रस्तुति के लिए चुना गया। इस अवसर पर डीआरडीओ प्रौद्योगिकी दिवस स्पेक्ट्रम भी जारी किया गया। रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. के पी बालन द्वारा लिखित रक्षा हार्डवेयर घटकों की विफलताओं पर जांच : बुनियादी बातें और केस इतिहास' नामक मोनोग्राफ का अनावरण किया गया। डीआरडीओ प्रकाशन अर्थात् डीआरडीओ न्यूज़लैटर (2024), डिफेंस साइंस जर्नल (मई 2024), और डिफेंस साइंटिफिक इंफॉर्मेशन एंड डॉक्यूमेंटेशन सेंटर जर्नल ऑफ लाइब्रेरी साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी भी जारी किए गए।